# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलते वैज्ञानिक जीवीके सुब्रमण्यम और उनकी टीम


• बोकारो, शुक्रवार 13 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 267 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## रांची समाहरणालय को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पहले रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। अब रांची के कचहरी चौक स्थित समाहरणालय भवन को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद रांची पुलिस ने एहतियातन पूरे समाहरणालय की बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) से जांच करवाई जा रही है। यह धमकी ईमेल के माध्यम से मिली है। सिविल कोर्ट की तरह ही इस बार भी धमकी ईमेल के माध्यम से दी गई है। ईमेल में लिखा गया है कि समाहरणालय को सल्फर नाइट्रेट बम से उड़ा दिया जाएगा। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद रांची पुलिस पूरी तरह अलर्ट पर आ गई है और तुरंत बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाकर जांच शुरू करवा दी गई है। रांची कोतवाली के डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि धमकी की जांच की जा रही है। समाहरणालय में रांची डीसी, एसएसपी सहित दर्जन भर बड़े अधिकारियों के दफ्तर हैं। रांची पुलिस के सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी सहित कई पुलिस अधिकारियों के दफ्तर भी यहीं स्थित हैं। ऐसे में समाहरणालय को बम से उड़ाने की धमकी ने खलबली मचा दी है। बीडीएस टीम की जांच में फिलहाल कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है लेकिन एहतियातन पूरे भवन की जांच करवाई जा रही है। बीडीएस टीम के अधिकारियों ने बताया कि रांची पुलिस के निर्देश पर वे पूरे परिसर की जांच कर रहे हैं। इससे पहले 6 फरवरी को रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी जिसके बाद लगातार दो दिनों तक झारखंड जगुआर के बम निरोधक दस्ते ने पूरे कोर्ट कैंपस की तलाशी ली थी। जांच के दौरान बम निरोधक दस्ते को कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली थी।

### राज्यपाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उत्कृष्ट स्वयंसेवकों से किया संवाद, कहा

## छात्रों की उपलब्धियां गर्व का विषय : गंगवार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय बैंड प्रतियोगिता में झारखंड के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया। पाइप बैंड प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कांके ने प्रथम स्थान हासिल कर बड़ी उपलब्धि दर्ज की। वहीं पाइप बैंड (बालक वर्ग) में कैराली स्कूल, सेक्टर-2 विजेता बना। इसके अलावा ब्रास बैंड (बालक वर्ग) में संत जेवियर हाई स्कूल, लुपुंगुटू, चाईबासा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर राज्य को गौरवान्वित किया। इन उपलब्धियों को राज्य के लिए ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बताया जा रहा है। इसी उपलब्धि के क्रम में लोक भवन, रांची में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उत्कृष्ट स्वयंसेवकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि झारखंड के स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों की उपलब्धियां पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि कुछ स्वयंसेवकों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ। कुछ ने गणतंत्र दिवस परेड शिविर-2026 में झारखंड का प्रतिनिधित्व किया तथा कई स्वयंसेवक गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह में अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह उनकी प्रतिबद्धता, अनुशासन और सेवा-भाव का प्रमाण है। इस संवाद के दौरान यह भी बताया गया कि झारखंड के स्वयंसेवकों को 'विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग-2026' में प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार रखने का अवसर मिला। इसे राज्य के लिए सम्मान की बात बताया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल मंत्र स्वयं से पहले समाज का उल्लेख करते हुए कहा गया कि यह युवाओं को सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ता है। स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, पर्यावरण संरक्षण, ग्राम विकास, आपदा राहत और सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही है। लोक भवन में स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित रक्तदान शिविर में स्वयंसेवकों की सहभागिता की भी प्रशंसा की गई। राज्यपाल के द्वारा उत्कृष्ट स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यार्थियों की उपलब्धियों और स्वयंसेवकों की सेवा-भावना ने यह संदेश दिया कि झारखंड के युवा शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण तीनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

### संक्षिप्त समाचार

#### राजस्व उप निरीक्षक शिवपत राम निलंबित

**गढ़वा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए भंडरिया अंचल कार्यालय में तैनात राजस्व उप निरीक्षक शिवपत राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई उपायुक्त दिनेश यादव के निर्देश पर की गई। मामला 3 फरवरी को आयोजित जनता दरबार में मिली एक लिखित शिकायत के बाद सामने आया था।

#### घर से टहलने निकले स्कूल क्लर्क लापता

**गढ़वा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रमना थाना क्षेत्र अंतर्गत परसवान निवासी अविनाश कुमार 11 फरवरी की सुबह टहलने के लिए घर से निकले थे,लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने काफी खोजबीन की, बावजूद इसके अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।अविनाश कुमार, स्वर्गीय पच्चू बैठा के पुत्र हैं और बाना हाई स्कूल में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। परिवार के अनुसार उनका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है, जिससे चिंता और बढ़ गई है। पुलिस को भी मामले की जानकारी दे दी गई है।

#### चार दिनों बाद कुएं से मिला युवक का शव

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के बलुरी गांव में चार दिनों से लापता युवक बाबूलाल दास का शव कुएं से बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि युवक के शरीर पर बाहरी चोट के निशान नहीं मिले। उसने कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

#### दिनदहाड़े महिला से चेन छिनतई

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** सोनारी थाना क्षेत्र में गुरुवार को दिनदहाड़े एक महिला से चेन छीनने की घटना सामने आई है। बाइक सवार दो अपराधियों ने महिला के गले से सोने की चेन छीन ली। यह घटना तब हुई जब महिला अपने घर से कचरा फेंककर वापस लौट रही थी। अपराधी सामने से आए और झपट्टा मारकर चेन छीन ली, जिसके बाद वे मौके से फरार हो गए।

#### 18 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** आरपीएफ ने ऑपरेशन नारकोस के तहत रांची रेलवे स्टेशन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। मामले में रेलवे सुरक्षा बल ने एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया है। संदेह के आधार पर आरपीएफ ने पूछताछ शुरू की। इस क्रम में पुरुष ने अपना नाम रोहतास जिले के करगहर थानांतर्गत गिरधरपुर निवासी राजू कुमार जबकि महिला ने अपना नाम उसी थाना क्षेत्र की सोनाडीह निवासी छोटी कुमारी बताया। जब उनके पास रखे बैग के बारे में पूछताछ की गई तो दोनों ने स्वीकार किया कि बैग में प्लास्टिक में लिपटा हुआ गांजा रखा है।

### स्वदेशी कैंसर उपचार मशीन को लेकर मुख्यमंत्री से मिले वैज्ञानिक जीवीके सुब्रमण्यम

## कैंसर मरीजों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वरिष्ठ वैज्ञानिक जीवीके सुब्रमण्यम ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने अपनी टीम द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीक से निर्मित अत्याधुनिक कैंसर उपचार मशीन की कार्यप्रणाली और उपयोगिता की विस्तृत जानकारी मुख्यमंत्री को दी। वैज्ञानिक सुब्रमण्यम ने बताया कि यह मशीन पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर आधारित है और वर्तमान में देश के कई बड़े अस्पतालों के साथ-साथ विदेशों में भी कैंसर उपचार में सफलतापूर्वक उपयोग की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज में बेहतर और प्रभावी परिणाम सामने आए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि स्वदेश में विकसित ऐसी तकनीक कैंसर मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि झारखंड के मरीजों को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े और उन्हें अपने ही राज्य में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। अस्पतालों में जांच और इलाज की आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि कैंसर मरीजों की बढ़ती संख्या एक गंभीर विषय है और सरकार इस दिशा में हर आवश्यक पहल करने को तैयार है। जीवीके सुब्रमण्यम बेंगलुरु स्थित पैनासिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं और देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के साथ भी अनुसंधान कार्य कर चुके हैं। उनके द्वारा विकसित कैंसर उपचार मशीन का उपयोग आज भारत समेत कई देशों के प्रमुख अस्पतालों में किया जा रहा है। इस मुलाकात के दौरान विधायक राजेश कच्छप भी मौजूद रहे।

## धान खरीद की धीमी रफ्तार से सरकार चिंतित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में धान की अच्छी पैदावार के बाबजूद राज्य सरकार लक्ष्य के अनुरूप इसका खरीद नहीं कर पा रही है। इस साल सरकार के द्वारा 60 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य तय किया गया था जिसमें विभाग ने अब तक 2229159.93 क्विंटल ही खरीद पाई है। धान खरीद का यही हाल रहा तो विगत वर्षों की तरह इस बार भी सरकार धान खरीद में लक्ष्य को नहीं पा सकेगी। धान खरीद की धीमी प्रगति पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कहती हैं कि इसके पीछे का मुख्य कारण एमएसपी कम होना है। उन्होंने कहा कि ये बात सही है कि इस बार अच्छी बारिश के कारण धान का पैदावार काफी हुआ है पैदावार के अनुरूप राज्य सरकार धान अधिप्राप्ति नहीं कर सकती है। राज्य सरकार ने जो लक्ष्य तय किया है इसके अनुरूप धान खरीद की जा रही है मगर मेरा मानना है कि आज आवश्यकता है एमएसपी को न्यायसंगत बनाने का ताकि जो किसान सरकार को धान नहीं बेचकर खुले बाजार में बेचते हैं कम से कम उन्हें भी सरकारी दर का लाभ मिल सके। 15 दिसंबर 2025 से निर्धारित सरकारी दर पर लैम्प्स के जरिए धान खरीद की शुरुआत की गई थी। इस तरह से देखें तो करीब दो महीने होने को हैं जिसमें लक्ष्य के अनुसार महज 32% धान खरीद हो पाया है। विगत तीन वर्षों पर नजर दौड़ाएं तो सरकार भारी भरकम लक्ष्य लेकर चलती रही मगर इसे पूरा करने में विफल रही है। आंकड़े बताते हैं कि 2022-23 में सरकार ने 36,30,000 क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा था जिसकी तूलना में महज 17,16,078.8820 क्विंटल ही धान खरीद हो पाया। इसी तरह से 2023-24 में 60,00,000 क्विंटल के लक्ष्य में 17,02,146.43 हो पाया। इसी तरह 2024-25 में 60,00,000 क्विंटल के लक्ष्य में विभाग 40,08,600.73 क्विंटल खरीद पाई। राज्य सरकार ने इस बार धान अधिप्राप्ति के लिए 832 एमएसपी केन्द्र बनाए हैं जहां 31 मार्च तक किसानों से सरकारी दर पर धान खरीदे जा सकेंगे।

## बेकाबू थार ने छह लोगों को कुचला, एक की मौत, दो गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार और बेकाबू एसयूवी (थार) ने छह लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में 40 साल के धर्मेंद्र कुमार की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने थार चला रहे व्यक्ति की पहचान कर ली है। उसकी गिरफ्तारी के लिए बुधवार रात से ही छापेमारी चल रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक साउथ रेलवे कॉलोनी के दुर्गा मंदिर के पास एक गृह प्रवेश कार्यक्रम से खाना खाकर कुछ लोग बाहर निकले थे और सड़क किनारे खड़े होकर बात कर रहे थे तभी रेलवे स्टेशन की ओर से तेज रफ्तार में आई थार ने अपना संतुलन खो दिया और सामने खड़े लोगों को कुचलते हुए आगे बढ़ गई। लोगों का कहना है कि गाड़ी की रफ्तार बहुत तेज थी जिससे किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायलों में रेलवे की टीटी अन्नपूर्णा नायडू (50), उनके बेटे कुणाल नायडू (26), संदीप महतो (40), अमित सिंह (35) और प्रशांत गौरव शामिल हैं। अन्नपूर्णा और कुणाल का इलाज राज अस्पताल में चल रहा है जबकि प्रशांत गौरव को गुरुनानक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी दो घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया है। गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उनका शव पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया है। बताया गया है कि वह मोबाइल टावर लगाने से जुड़ी एक निजी कंपनी में काम करते थे। हादसे के बाद चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला है कि वाहन डोरंडा की ओर भागा था। चुटिया थाना पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। स्टेशन रोड, नेपाल हाउस और दूसरे प्रमुख रास्तों पर लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग भी देखी जा रही है। इसके साथ ही शहर के कई इलाकों में वाहन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। घटना के बाद कॉलोनी में शोक और गुस्से का माहौल है। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले भी रांची में एक तेज रफ्तार एसयूवी ने कई लोगों को टक्कर मारी थी। उस समय जब पुलिस ने गाड़ी रोकने की कोशिश की थी तो चालक ने पुलिसकर्मियों को कुचलने की कोशिश की थी। इसके बाद पुलिस ने एसयूवी पर फायरिंग कर ड्राइवर को काबू में किया था।

## कुमुद सहाय ने ग्रहण किया पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त का प्रभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में कुमुद सहाय ने आज पदभार ग्रहण की। श्रीमती सहाय भारतीय प्रशासनिक सेवा 2012 बैच की अधिकारी हैं। पदभार ग्रहण के उपरांत आयुक्त ने कहा कि पलामू प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिलों से संबंधित सभी विकासात्मक कार्यों का ससमय संपादन उनकी प्राथमिकता होगी। उनके स्तर की राजस्व संबंधी, भू-अर्जन, कल्याण, खेल आदि अन्य विकासात्मक योजनाएं जो उनके समक्ष आएंगे, उसका ससमय निष्पादन कर संबंधित व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने प्रमंडल स्तरीय कार्यालयों एवं प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत तीनों जिलों के प्रशासनिक पदाधिकारी एवं आम लोगों के सहयोग से कार्यो का निष्पादन करने की बातें कहीं। उन्होंने कार्यालय कर्मियों से परिचय प्राप्त किया और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की सीख दी। इधर पलामू पहुंचने पर उपायुक्त समीरा एस. स्थानीय सर्किट हाउस में गुलदस्ता भेंट कर आयुक्त का स्वागत किया। साथ ही गढ़वा के अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय आयुक्त कार्यालय पहुंचकर आयुक्त से शिष्टाचार भेंट की और गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। पदभार के उपरांत क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव-सह-परिवहन आयुक्त मनीष कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी मनीष कुमार, विकास कुमार सिंह, सचिन मीणा, प्रशांत कुमार, साकेत कुमार चौबे एवं रणधीर कुमार, पीए आदित्य श्रीवास्तव, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी बिजय कुमार ठाकुर आदि पदाधिकारियों ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। मौके पर एसएमपीओ अमनदीप कुजूर, कनीय सचिवालय सहायक सोनू कुमार एवं अविनाश राज, तनवीर, अरूण कुमार, राहुल कुमार सहित आयुक्त कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार कार्यालय, प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय, उपनिदेशक कल्याण कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित रहे।

## बड़ी छलांग की ओर सेल : बेहतर वित्तीय सूझ-बूझ से 200 लाख टन बिक्री का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो/नयी दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक इस्पात कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), भविष्य के लिए एक नई और मजबूत योजना पर काम कर रही है। कंपनी का मुख्य उद्देश्य अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारना और बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना है। सेल का सबसे बड़ा लक्ष्य अपने ऋण को कम करना है। इससे कंपनी के पास भविष्य के बड़े निवेशों के लिए ज्यादा पैसा और आजादी होगी। कंपनी अपनी उत्पादन लागत को कम करने और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने पर ध्यान दे रही है ताकि मुनाफा बढ़ाया जा सके। सेल अपनी पहुंच बढ़ा रही है ताकि देश में स्टील की बढ़ती मांग का फायदा उठाया जा सके। कंपनी ने अपनी इस तरक्की को मापने के लिए एक लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2024-25 में जहां बिक्री 179 लाख टन रही, वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में इसे बढ़ाकर के लिए 200 लाख टन का लक्ष्य तय किया गया है। वित्तीय सूझ-बूझ और दूरदर्शिता की यह गूंज वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के दौरान की अर्निंग्स कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान भी सुनाई दी, जहां निदेशक (वित्त) एवं निदेशक वाणिज्य का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे डॉ एके पंडा ने कंपनी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उल्लेख किया कि ऋण में कटौती काफी महत्वपूर्ण रही है, जिसमें अप्रैल-दिसंबर 2025 की नौ महीने की अवधि के दौरान 5,000 करोड़ का ऋण चुकता किया गया है। इस अनुशासित ऋण कटौती ने वित्त लागत को कम किया है और विकास निवेशों के लिए अवसर पैदा किए हैं। डॉ पांडा ने बताया, 'परिचालन दक्षता, इन्वेंट्री लिक्विडेशन, लागत अनुकूलन और मजबूत ट्रेजरी प्रबंधन इत्यादि ने मिलकर बेहतर वित्तीय प्रबंधन को संभव बनाया है।' कंपनी की रणनीति ने पहले ही परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। कंपनी की सक्रिय मार्केटिंग पहलों और खुदरा एवं नए ग्राहक समूहों के साथ गहरे जुड़ाव के कारण वित्त वर्ष 2025-26 की नौ महीने की अवधि (अप्रैल'25 - दिसंबर'25) में बिक्री की मात्रा में 16.3% की वृद्धि दर्ज की गई है। इस प्रयास ने अप्रैल'25-जनवरी'26 के बीच कुल बिक्री को 16.6 मिलियन टन तक पहुंचा दिया, साथ ही महत्वपूर्ण इन्वेंट्री परिसमापन को भी सक्षम बनाया। सेल ने इन-प्रोसेस और तैयार स्टील स्टॉक दोनों को कम करके, सेल ने नकदी प्रवाह को बढ़ाया है और कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को कम किया, जिससे कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई। कंपनी लागत कम करने के लिए ऑपरेशनल लिवर्स को भी तेज किया जा रहा है। इसके साथ ही, सेल अनुपालन की जरूरतों के साथ-साथ लागत कम करने के लिए भी अधिक नवीकरणीय ऊर्जा का इस्तेमाल कर रहा है, जिससे ऊर्जा व्यय में संरचनात्मक बचत हो रही है। कंपनी के भविष्य के विज़न पर सेल के निदेशक (वित्त) एवं निदेशक वाणिज्य का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे डॉ एके पंडा ने कहा किकंपनी कर्ज कम करके, इन्वेंट्री की अधिक कुशलता से प्रबंधन करके और केंद्रित मार्केटिंग पहलों के मध्यम से अपनी पहुंच का विस्तार करके, विस्तारीकरण की तैयारी के साथ-साथ अपनी नींव को मजबूत कर रहा है। बढ़ती मांग, एक मजबूत कैपेक्स पाइपलाइन और स्थिरता व ग्रीन स्टील के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता के साथ, हम वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 200 लाख टन की बिक्री हासिल करने और आने वाले वर्षों में और भी ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने के प्रति आश्वस्त हैं-जो आज की ताकत को कल के अवसर में बदल देगा।



C M Y K

# मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ भाकपा माले का चक्का जाम, आम हड़ताल को बताया सफल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरो मोड़, टुंडी रोड के समीप अखिल भारतीय आम हड़ताल के समर्थन में भाकपा-माले एवं विभिन्न जनसंगठनों के कार्यकताओं ने चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। किसान, मजदूर, महिला, छात्र और युवा बड़ी संख्या में सड़क पर उतरे और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की।आंदोलन के दौरान एंबुलेंस सहित सभी आपातकालीन सेवाओं को विशेष छूट दी गई और उन्हें वैकल्पिक मार्ग से निकाला गया। मौके पर मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो पहुंचे और आंदोलनकारियों से सकारात्मक वार्ता की, जिसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी अखिल भारतीय किसान महासभा के नेता पूरन महतो ने कहा कि आम हड़ताल सफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियां किसानों और मजदूरों के हितों के खिलाफ हैं।

माले नेता राजेश सिन्हा एवं असंगठित मजदूर मोर्चा के नेता कन्हाई पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों से देश के किसान, मजदूर और गरीब प्रभावित हो रहे हैं माले नेता मेहताब अली मिर्जा और शेखर सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा लागू किए गए चार श्रम संहिता लेबर कोड मजदूरों के अधिकारों को कमजोर करते हैं और स्थायी रोजगार के बजाय ठेका प्रथा को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने मनरेगा के स्थान पर लाई जा रही कथित



ह्वविबीग्रामजी योजनाह्व का विरोध करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण गरीबों के रोजगार के अधिकार पर असर पड़ेगा भाकपा-माले के आह्वान पर बेंगाबाद प्रखंड के हरिला मोड़ से छोटकी खरगडीहा तक प्रतिवाद मार्च निकाला गया। ग्रामीणों ने छोटकी खरगडीहा में बेंगाबाद-चतरो मुख्य सड़क को घंटों जाम कर चार लेबर कोड वापस लेने, मनरेगा को कमजोर करने की साजिश बंद करने तथा मजदूरों के अधिकारों की रक्षा की मांग की प्रखंड सचिव कामरेड रामलाल मुर्मू ने कहा कि ग्रामीण रोजगार योजनाओं में बदलाव से गांवों के गरीब परिवारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मजदूरों के संगठन बनाने और संघर्ष करने के अधिकार को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए इस चक्का जाम आंदोलन को सफल बनाने में झारखंड मजदूर किसान सभा सहित सैकड़ों ग्रामीण मजदूर किसान शामिल हुए। आंदोलन में हेमंती देवी, ललिता देवी, सरिता देवी, शांति देवी, सुनीता देवी, सुमंति देवी, कौशल्या देवी, बुधनी देवी, सनातन साहू, कन्हाई पांडेय, किशोर राय, गुलाब कोल्ह, भीम कोल्ह, मसुदन कोल्ह, चंदन टुडू, नवीन पांडेय, राजेश कुमार दास, मोनू दास, किरचू कोल्ह सहित अन्य लोग मौजूद थे।हड़ताल को ट्रेड यूनियनों और विभिन्न जनसंगठनों का समर्थन प्राप्त रहा। आयोजकों ने कहा कि वे अपनी मांगों को लेकर आगे भी आंदोलन जारी रखेंगे।

## एम्स गुवाहाटी अध्यक्ष ने राज्यपाल को भेंट की सड़क सुरक्षा पर आधारित पुस्तक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

- राज्यपाल को भेंट की भारत में सड़क दुर्घटनाएं
- राज्यपाल को भेंट की पिता-पुत्र की सड़क सुरक्षा पुस्तक, भारत में सड़क दुर्घटनाएं

**देहरादून ।** उत्तराखण्ड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह को 11 फरवरी को सड़क सुरक्षा पर आधारित पुस्तक भारत में सड़क दुर्घटनाएँ लोक भवन देहरादून में भेंट की गई। यह पुस्तक पद्मश्री सम्मानित वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन प्रो. (डॉ.) बी.



के. एस. संजय, अध्यक्ष, एम्स गुवाहाटी, और उनके पुत्र सह-लेखक डॉ. गौरव संजय द्वारा संयुक्त रूप से लिखी गई है।

पुस्तक में भारत में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता, उनके कारण, दुष्परिणाम और रोकथाम के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई है। लेखक बताते हैं कि सड़क हादसे केवल शारीरिक चोट तक सीमित नहीं रहते, बल्कि पीड़ितों और उनके परिवारों पर मानसिक, सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी गहरा प्रभाव डालते हैं। इसके अलावा, ट्रॉमा केयर और चिकित्सा व्यवस्था पर पड़ने वाले दबाव को भी पुस्तक में प्रमुखता से उजागर किया गया है। पुस्तक में यातायात नियमों का कठोर पालन, सड़कों की संरचना में सुधार, ट्रॉमा केयर सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, और जन-जागरूकता अभियानों को तेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। साथ ही, स्कूल स्तर पर सड़क सुरक्षा शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करने और नियंत्रित, गुणवत्तापूर्ण ड्राइविंग स्कूलों की संख्या बढ़ाने की अपील भी की गई है। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) बी. के. एस. संजय ने सुझाव दिया कि देशभर के एम्स संस्थान सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए नोडल एजेंसी की भूमिका निभा सकते हैं, ताकि चिकित्सा विशेषज्ञता और जनसंपर्क क्षमता के माध्यम से सड़क सुरक्षा को एक सामाजिक आंदोलन बनाया जा सके। उनका मानना है कि इस कदम से सड़क दुर्घटनाओं और इससे होने वाली मौतों में निश्चित रूप से कमी आएगी। माननीय राज्यपाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाएँ गंभीर सामाजिक चुनौती हैं, और ऐसे प्रयास समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ नीतिगत सुधारों को भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने पुस्तक को सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में एक समयोचित और महत्वपूर्ण योगदान बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### हजारीबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई, स्कॉर्पियो गैंग के 6 वाहन चोर गिरफ्तार

**हजारीबाग (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में सक्रिय अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के खिलाफ हजारीबाग पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए ह्यस्कॉर्पियो गैंगह्ल का भंडाफोड़ कर दिया है। एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान पेलावल ओपी थाना क्षेत्र में पुलिस ने बैरियर तोड़कर भाग रही एक सफेद स्कॉर्पियो को घेराबंदी कर पकड़ लिया और उसमें सवार छह शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। घटना 12 फरवरी 2026 की रात की है। लोहसिंघना थाना प्रभारी द्वारा सूचना दी गई कि बिहार नंबर प्लेट लगी एक स्कॉर्पियो गश्ती वाहन को देखकर इंद्रपुरी चौक का बैरियर तोड़ते हुए तेज रफ्तार में फरार हो गई है। सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया और गदोखर मोड़ के पास बैरियर लगाकर वाहन को रोक लिया गया। तलाशी के दौरान स्कॉर्पियो में सवार छह संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया गया। कड़ाई से पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे हजारीबाग और आसपास के इलाकों में चारपहिया वाहनों की रेकी कर चोरी करते थे। चोरी की गई महंगी गाड़ियों, खासकर स्कॉर्पियो, को बिहार के शराब माफियाओं को सप्लाई किया जाता था, जहां इनका इस्तेमाल अवैध शराब तस्करी में किया जाता था। पुलिस ने इस मामले में कटकमसंडी (पेलावल ओपी) थाना कांड संख्या 27/26 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश भी तेज कर दी गई है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपियों में विकास कुमार और यशरब अली उर्फ अशरफ अली उर्फ पप्पू खान उर्फ गुरुजी का आपराधिक इतिहास रहा है, जिनके खिलाफ पूर्व में चोरी, जालसाजी और एक्साइज एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई से वाहन चोर गिरोह में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अब हजारीबाग अपराधियों के लिए सुरक्षित ठिकाना नहीं रहेगा।

### चौपारण पुलिस की कार्रवाई, अफीम खेती मामले का आरोपी दुलार सिंह गिरफ्तार

**चौपारण/हजारीबाग (नबिटासं)।** चौपारण थाना कांड संख्या 48/25, दिनांक 19/02/25, एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में नामजद आरोपी दुलार सिंह, पिता स्वर्गीय चिंतामन सिंह, निवासी मॉर्निया को चौपारण पुलिस ने अफीम की अवैध खेती के आरोप में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, दुलार सिंह अवैध रूप से अफीम की खेती करने और करवाने में संलिप्त था। वह चौपारण थाना के अन्य मामलों में भी वांछित चल रहा था। काफी समय से उसकी तलाश की जा रही थी, जिसे अब पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है और अवैध मादक पदार्थों की खेती व तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### आरोग्य भारती की जिला बैठक खंडोली में संपन्न आयुष आधारित स्वास्थ्य मॉडल पर जोर

**गिरिडीह (नबिटासं)।** आरोग्य भारती, गिरिडीह की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को नेचर व्यू रिजॉर्ट, खंडोली में संपन्न हुई। बैठक में आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार की सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय तथा प्रांत सचिव जयप्रकाश नारायण सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय के स्वागत से हुई। आरोग्य भारती के जिला अध्यक्ष डॉ. सतीश्वर प्रसाद सिन्हा एवं डॉ. पुष्पा सिन्हा ने उन्हें शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया अपने संबोधन में डॉ. वार्ष्णेय ने बताया कि आरोग्य भारती की स्थापना नवंबर 2002 में कोच्चि में हुई थी और आज यह संस्था पूरे भारतवर्ष में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह एक स्वास्थ्य संगठन है, जो स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज के ध्येय वाक्य के साथ देशभर में सकारात्मक एवं निवारक स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहा है उन्होंने आयुष, योग और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के समन्वय पर विशेष बल देते हुए कहा कि आरोग्य भारती ग्रामीण स्तर तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्था का लक्ष्य एक स्वस्थ, समर्थ और गौरवशाली राष्ट्र का निर्माण करना है बैठक का संचालन आरोग्य भारती के सचिव रितेश चंद्र ने किया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों को आयुष सेवा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया बैठक में सेवा भारती के प्रांत प्रमुख मुकेश रंजन सिंह, रामानंद सिंह, डॉ. आरती वर्मा, अरुण सिंह, सामर्थ सिन्हा, देवाशीष मुखर्जी, पूर्व विधायक चंद्रमोहन प्रसाद, रामानंद राय, राजेंद्र लाल बरनवाल, प्रवीण कुमार सिन्हा, नवीनकांत सिंह, दिनेश यादव, मृत्युंजय शर्मा, नगीना बरनवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम का समापन राष्ट्र स्वास्थ्य जागरूकता के संकल्प के साथ किया गया।

## जनसंपर्क अभियान को मिला समर्थन, प्रदीप प्रसाद ने सुदेश चन्द्रवंशी के लिए मांगे वोट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** नगर निगम क्षेत्र में भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी सुदेश कुमार चन्द्रवंशी के समर्थन में गुरुवार को हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने हुरहूर, पंडितजी रोड, बाबा पथ और सुभाष नगर इलाके में घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और शहर की समस्याओं व विकास योजनाओं पर सीधा संवाद किया।



जनसंपर्क के क्रम में स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क-नाली की स्थिति, स्ट्रीट लाइट और अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर नागरिकों ने अपनी बातें रखीं। विधायक ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। अभियान के दौरान क्षेत्र में उत्साह और सकारात्मक माहौल देखने को मिला। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग के समग्र विकास के लिए ईमानदार, पारदर्शी और जनहित को प्राथमिकता देने वाला नेतृत्व जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे महापौर पद के लिए सुदेश कुमार चन्द्रवंशी को समर्थन देकर नगर के विकास को नई दिशा दें। उन्होंने आगे कहा कि जनता की भागीदारी से ही शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक बनाया जा सकता है। जनसंपर्क के दौरान मिल रहा समर्थन यह संकेत देता है कि लोग हजारीबाग के बेहतर भविष्य के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहते हैं।

## वार्ड 28 को शिक्षा, विकास और सुविधा से जोड़ने का संकल्प, सुनील प्रसाद केशरी ने जनता से मांगा समर्थन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड 28 में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। वार्ड 28 से प्रत्याशी सुनील प्रसाद केशरी ने जनता के सामने विकास और जनकल्याण का व्यापक संकल्प पत्र रखा है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य वार्ड 28 को शिक्षा, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं से मजबूत बनाना है।

अपने घोषणा पत्र में उन्होंने वार्ड में एक लाइब्रेरी और एक सामुदायिक भवन के निर्माण की बात कही है, ताकि हर वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिल सके। इसके साथ ही गरीब लड़कियों की शादी और गरीब बच्चों की पढ़ाई में सहयोग, बुजुर्गों व युवाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने वार्ड को स्वच्छ और सुंदर बनाने, साप्ताहिक कीटनाशक दवाओं के छिड़काव, हर घर जल-नल योजना लागू कराने और बिजली पोल पर सोलर लाइट लगवाने का भी वादा किया है। इसके अलावा हर 15 दिन में जनता दरबार लगाने और 247 वार्डवासियों के लिए उपलब्ध रहने का संकल्प भी उन्होंने दोहराया। सुनील प्रसाद केशरी ने मतदाताओं से अपील की है कि वे ह्ववोट करें वफादारी से, चयन करें समझदारी सेह्व के नारे के साथ उनके चुनाव चिन्ह बेबी वॉकर पर मुहर लगाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं।

## भाकपा (माले) का प्रतिवाद मार्च, चार लेबर कोड व वीबीग्रामजी योजना के खिलाफ घंटों सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह (बेंगाबाद)।** अखिल भारतीय आम हड़ताल के समर्थन में भाकपा (माले) प्रखंड कमिटी, बेंगाबाद के आह्वान पर बुधवार को हरिला मोड़ से छोटकी खरगडीहा तक प्रतिवाद मार्च निकाला गया। मार्च के दौरान ग्रामीणों ने छोटकी खरगडीहा में बेंगाबाद -चतरो मुख्य सड़क को घंटों जाम कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया प्रदर्शनकारियों ने ह्वचार लेबर कोड वापस लोह्व, मनरेगा खत्म करने की साजिश बंद करो, ग्रामीण गरीबों के रोजगार के अधिकार पर हमला बंद करोह्व और मजदूरों के अधिकारों पर हमला नहीं चलेगा, जैसे नारे लगाए सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य सह गांडेय विधानसभा प्रभारी कामरेड शंकर




पांडेय ने कहा कि देश की तमाम ट्रेड यूनियनों ने अखिल भारतीय आम हड़ताल को समर्थन दिया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए जा रहे चार लेबर कोड मजदूर वर्ग के अधिकारों पर सीधा हमला हैं। उनके अनुसार ये कानून मजदूरों के संगठन बनाने, एकजुट होने और संघर्ष करने के अधिकार को कमजोर करते हैं तथा स्थायी रोजगार को समाप्त कर ठेका और असुरक्षित रोजगार को बढ़ावा देते हैं प्रखंड सचिव कामरेड रामलाल मुर्मू ने कहा कि मनरेगा को कमजोर कर उसकी जगह वीबीग्रामजी योजना लाने की कोशिश ग्रामीण गरीबों के अधिकारों पर चोट है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस योजना के माध्यम से रोजगार को कानूनी गारंटी से हटाकर सरकारी विवेक पर निर्भर बनाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण मजदूरों की स्थिति और असुरक्षित होगी चक्का जाम आंदोलन को सफल बनाने में झारखंड मजदूर किसान सभा के कामरेड राजेंद्र सिंह, नुनु सिंह, इंकलाबी नौजवान सभा के युवा नेता कामरेड सुखदेव प्रसाद यादव, एपवा नेत्री ललिता देवी, अश्वा खातून, माले नेता जयनारायण सिंह, किशोरी दास, टेकलाल महतो, भोला सिंह, छोटे लाल शर्मा, गुरूचरण महतो, साझों देवी, उर्मिला देवी, प्रमिला देवी, सबिया देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण मजदूर-किसान शामिल रहे प्रदर्शन के कारण कुछ समय तक मुख्य सड़क पर यातायात प्रभावित रहा। प्रशासन की मौजूदगी में बाद में जाम समाप्त कराया गया।

## शिव मंदिर में आयोजित रुद्र महायज्ञ सह शिवरात्रि महोत्सव को लेकर कलश यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ सह शिवरात्रि महोत्सव के आयोजन को लेकर एक भव्य शोभा कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं एवं नारी शक्तियों के आध्यात्मिक विरासत एवं धार्मिक परंपराओं का अटूट आस्था और आत्मविश्वास का संगम देखने को मिला इस पांच दिवसीय रुद्र यज्ञ सह शिवरात्रि महोत्सव के इस पुनीत अवसर पर हजारों महिलाएं, बेटियां कलश धारण कर कलश शोभा यात्रा में कलश जल यात्रा की शोभा बढ़ा रही थी और जय श्री राम के गगन



भेदी नारों से कलश यात्रा का रैला गुंजायमान हो रहा था इस पावन अवसर पर देवरी मध्य भाग के जिला परिषद सदस्य विनय कुमार शर्मा, प्रखंड प्रमुख मैडम अनुपम देवी, प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार राय, घोसे पंचायत के लीलावती देवी, मुखिया प्रतिनिधि सह राजद नेता संगम यादव, समाज सेवी सुखदेव हाजरा, बिजय शर्मा, शिव कुमार, अजय कुमार शर्मा, भरत राय, अवधेश राय, दरोगी सिंह, रोशन कुमार राय, विकास यादव, सहित हजारों पुरुष, महिलाएं, समाज सेवी, जन प्रतिनिधि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## चरही में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** चुरचू प्रखंड के ग्राम पंचायत चरही स्थित लाल बंगला के पास सर्वोदय सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में 12 फरवरी 2026 को मुस्कान फाउंडेशन, हजारीबाग के तत्वावधान में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई।



कार्यक्रम का उद्घाटन चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष एवं ग्राम बहेरा पंचायत के मुखिया श्री देवकी महतो ने दीप प्रज्वलन कर तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुरेंद्र कुमार ठाकुर और रानी कुमारी ने किया। इस अवसर पर छात्रों के बीच निबंध, भाषण, रैली, मेहंदी, नृत्य प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रायोजन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा किया गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया संघ अध्यक्ष श्री देवकी महतो, पंचायत समिति सदस्य श्री आशा राय, विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री कपिल कुमार महतो, सांसद प्रतिनिधि श्री फुलेश्वर महतो, श्री नरेश महतो, डायरेक्टर, शिक्षक-शिक्षिकाएं गायत्री देवी, निर्मल कौर, सरिता मुर्मू, नेहा कुमारी, घनश्याम करमाली, सुरेंद्र, मीना देवी, प्रभात पटेल, अंजली कुमारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुखिया श्री देवकी महतो ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और आशीर्वाद दिया।

## चौपारण में अफीम की अवैध खेती पर कार्रवाई, 4 एकड़ में लगी फसल नष्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 4 एकड़ में लगी फसल को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई 12 फरवरी 2026 को प्राप्त सूचना के आधार पर दैहर पंचायत के मॉर्निया और बर्दाग के जंगलों में की गई। पुलिस के अनुसार, हाल ही में मॉर्निया क्षेत्र में अफीम की खेती से जुड़े मुख्य तस्कर की 11 फरवरी 2026 को गिरफ्तारी की गई थी।



कड़ाई से पूछताछ के दौरान तस्कर से मिली जानकारी के आधार पर विभिन्न इलाकों में अवैध अफीम की खेती के सटीक स्थानों की पहचान की गई, जिसके बाद यह व्यापक विनष्टीकरण अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई को चौपारण पुलिस, हजारीबाग की एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। अभियान के दौरान मौके से 10 डिलीवरी पाइप बरामद किए गए, जिन्हें वहीं नष्ट कर दिया गया। अवैध खेती में संलिप्त व्यक्तियों के नाम-पते का सत्यापन किया जा रहा है और दोषियों की पहचान होने के बाद उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले में आगे की जांच और कार्रवाई जारी है। इस संयुक्त अभियान में एसडीपीओ बरही श्री अजित कुमार बिमल, थाना प्रभारी चौपारण सरोज सिंह चौधरी, एसआई दिव्य प्रकाश, एएसआई बादल महतो, एएसआई कमरुद्दीन, सशस्त्र बल के जवान तथा वन विभाग के कर्मी सरवन कुमार और संटू कुमार शामिल थे। पुलिस ने बताया कि दुर्गम इलाकों की पहचान ड्रोन के माध्यम से की जा रही है और भविष्य में भी अवैध मादक पदार्थों की खेती एवं तस्करी के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मजदूर-किसानों के साथ गद्दारी कर रही है मोदी सरकार : राजेश यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

- आम हड़ताल के समर्थन में फॉरवर्ड ब्लॉक कार्यकताओं का प्रदर्शन

**गिरिडीह ।** देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में आज गिरिडीह में ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के कार्यकताओं ने प्रदर्शन करते हुए केंद्र की मोदी सरकार को देश के किसान-मजदूरों, कर्मचारियों सहित आम जनता का विरोधी बताया और लोगों से केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होने की अपील की प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिप सदस्य एवं ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के जिला संयोजक राजेश यादव ने कहा कि, देश में मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड थोप दिए गए हैं और अब डोनाल्ड ट्रंप के भय से किसानों को गर्त में डालने वाला किसान विरोधी ट्रेड डील अमेरिका के साथ किया गया है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी से



पूरा देश पहले से तबाह है, अब मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए तानाशाही पर उतर रही है।

संसद में विपक्ष को बोलने नहीं दिया जा रहा। सरकार लोकतंत्र का गला घोंटने पर तुली हुई है कहा कि यह सब नहीं चलेगा। जो सरकार किसानों-मजदूरों, कर्मचारियों, छात्र-युवाओं के खिलाफ है, उसे देश की जनता बर्दाश्त नहीं कर सकती। उन्होंने मजदूरों के खिलाफ लाए गए 4 लेबर कोड वापस कर पुराने श्रम कानूनों को लागू करने, वीबी ग्राम जी रद्द कर 200 दिन काम गारंटी के साथ मनरेगा को फिर से लागू करने, किसान विरोधी-देश विरोधी इंडो-अमेरिकी ट्रेड डील रद्द करने, देश में विपक्ष की आवाज दबाने के बहाने लोकतंत्र का गला दबाने की कोशिश बंद करने की मांग करते हुए मेहनतकश मजदूर-किसानों, युवाओं छात्रों सहित आम जनता से केंद्र की तानाशाही सरकार के खिलाफ एकजुट होने की अपील की आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवनंदन यादव, शंभू ठाकुर, शंभू तुरी, फोदार सिंह, मनोज यादव, चंदन कुमार राजू पासवान, महेंद्र साव, चोवा रजक, प्रदीप यादव, मुरारी यादव, कुंअर सिंह, मुकेश यादव, छोटेलाल यादव, सुखदेव गोस्वामी, बालेश्वर यादव, किशोरी मंडल, बासदेव सिंह, विनोद कुमार वर्मा, नकुल सिंह, दौलत सिंह, बलदेव साव, भुदाली पंडित सहित अन्य मौजूद थे।

# मजदूरों के प्रदर्शन से बांझेडीह पावर प्लांट रहा ठप




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** जयनगर प्रखंड अंतर्गत डीवीसी केटीपीएस बॉझेडीह कोडरमा पावर प्लांट में देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में मजदूरों ने गुरुवार सुबह 6 बजे से ही कामकाज पूरी तरह ठप कर दिया। इंटक के नेतृत्व में मजदूरों ने डीवीसी के मुख्य गेट पर धरना-प्रदर्शन करते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए।मजदूरों ने चार लेबर कोड कानून वापस लेने, इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड, काम, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य कोड तथा सोशल सिक्योरिटी कोड को रद्द करने की मांग की। साथ ही मजदूरों पर हमला करना बंद करो और डीवीसी व ठिकेदारों की मनमानी नहीं चलेगी जैसे नारों से प्रदर्शन स्थल गूंज उठा।

प्रदर्शन का नेतृत्व जिला सचिव विजय पासवान एवं एटक जिला अध्यक्ष विनोद पासवान ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऐक्टू जिला सचिव विजय पासवान ने किया जबकि संचालन एटक कोषाध्यक्ष दशरथ पासवान ने किया। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में डीवीसी केटीपीएस के मजदूर सुबह 6 बजे से ही काम बंद कर अपनी लड़ाई को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने मजदूरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी सभी एकजुट होकर सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे।जिला परिषद सदस्य महादेव राम ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सत्ता में आने के बाद से ही किसानों और मजदूरों पर लगातार हमले कर रही है। इसके खिलाफ किसान आंदोलन की तरह मजदूरों को भी बड़े और संगठित आंदोलन की जरूरत है।कार्यक्रम को एटक नेत्री सोनिया देवी, किसान नेता उदय द्विवेदी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक, पिंकु सहाय, सीपीआई जिला मंत्री अर्जुन यादव, माले नेता मुन्ना यादव, असगर अंसारी, झारखंड जनरल मजदूर यूनियन अध्यक्ष राजेंद्र यादव सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।

## मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**खूंटी।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के सफल एवं निष्पक्ष संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर रॉनिटा द्वारा आज कदमा स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति भवन में बन रहे वज्र गृह, रिसीविंग सेंटर एवं प्रस्तावित मतगणना केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, मीडिया गैलेरी तथा अभ्यर्थियों एवं मतगणना एजेंट के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य अभियंता (निर्माण)/II/गार्डनरीच, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। नीचे उल्लिखित निविदाएं वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है। निविदा नियत तारीख को दोपहर 12.00 बजे बंद कर दी जाएगी। **क्रमांक एवं ई-निविदा सूचना सं., कार्य का संक्षिप्त विवरण, अनुमानित लागत, बोली सुरक्षा** क्रमशः निम्नलिखित है: **(1) 4598-जीआरसी-सीई-सी-II-28-2025, दिनांक 11.02.2026**; डेपुटी सीई/कॉन/आद्रा के अधीन चाण्डिल-बर्नपुर तृतीय लाइन परियोजना के संबंध में चाण्डिल एवं दामोदर में 04 अदद टाइप-III क्वार्टरों, 08 अदद टाइप-II क्वार्टरों, कैम्प कार्यालय, पुरुलिया में अधिकारी विश्राम गृह अकमोडेशन का निर्माण; रु. 20.81 करोड़; रु. 11,90,600। **(2) 4613-जीआरसी-सीई-सी-II-02-2026, दिनांक 11.02.2026**; दक्षिण पूर्व रेलवे के निर्माण संस्थान के डेपुटी सीई/कॉन/टाटानगर के अधिकार क्षेत्र के अधीन डंगोवापोसी-जरोली स्टेशन के बीच प्रस्तावित तृतीय एवं चौथी लाइन के निर्माण के संबंध में मुर्गा महादेव रोड, बांसपानी एवं जरोली के यार्ड रिमॉडलिंग कार्य तथा फॉर्मेशन का निर्माण, छोटे पुलों, फूट ओवर ब्रिज, प्लेटफॉर्म, ई1 बिल्डिंग, पहुंच सड़क, साइड ड्रेन, रिटेनिंग वॉल इत्यादि का विस्तार साथ में ट्रैक जोड़ना, बैलास्ट की आपूर्ति एवं फैलाना, अन्य विविध कार्यों का निष्पादन; रु. 85.82 करोड़; रु. 44,41,200। **(3) 4614-जीआरसी-सीई-सी-II-03-2026, दिनांक 11.02.2026**; दक्षिण पूर्व रेलवे के निर्माण संस्थान के डेपुटी सीई/कॉन/टाटानगर के अधिकार क्षेत्र के अधीन डंगोवापोसी-जरोली स्टेशन के बीच प्रस्तावित तृतीय एवं चौथी लाइन के निर्माण के संबंध में डंगोवापोसी, पदापहाड़, जामकुंडिया एवं देवझर के यार्ड रिमॉडलिंग कार्य तथा फॉर्मेशन का निर्माण, छोटे पुलों, फूट ओवर ब्रिज, प्लेटफॉर्म, ई1 बिल्डिंग, पहुंच सड़क, साइड ड्रेन इत्यादि का विस्तार साथ में ट्रैक जोड़ना, बैलास्ट की आपूर्ति एवं फैलाना, अन्य विविध कार्यों का निष्पादन; रु. 88.21 करोड़; रु. 45,60,700। **समापन अवधि:** प्रत्येक हेतु 24 महीने। **बंद होने की तारीख:** प्रत्येक हेतु 11.03.2026। निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इन मदों के लिए कोई भी मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र:** प्रत्याशित बोलीदाताओं से अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने हेतु नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं।**(PR-1180)**



**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-24, दिनांक: 10.02.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-24, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल: जंग लगे हुए/क्षतिग्रस्त स्ट्रक्चर/ट्रैक बॉण्ड का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,42,77,258.65, **बयाना राशि:** रु. 2,21,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 45 दिन। **खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 10.03.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-349/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

**क्र.सं. :** 1, **ई-निविदा सं. :** 308-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल- (कोले-गढ़वा रोड सेक्शन)- व.मं.अभि./1/धनबाद के अधीन थ्रु पूल स्लीपर नवीनीकरण (एच-बीम)-534 नं. व.अनु.अभि./रेल पथ/टोरी के सेक्शन में (333 नं.), व.अनु.अभि./रेल पथ/लातेहार (128 नं.) और व.अनु.अभि./रेल पथ/बरवाडीह (73 नं.)। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 1,80,59,390.68

**क्र.सं. :** 2, **ई-निविदा सं. :** 309-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** पू.म. रेल के व.अनु.अभि./रेल पथ/गोमो के सेक्शन में रेलगाड़ियों के परिचालन को देखते हुए ट्रैकों एवं यार्डों के संरक्षण के लिए जी.सी. सेक्शन में व.अनु.अभि./रेल पथ/गोमो के अधीन विशेष ट्रैक अनुरक्षण कार्य के साथ डीप स्क्रीनिंग, शैलो स्क्रीनिंग, ड्रेसिंग बाक्सिंग, नाली सफाई, ट्रैक का पैकिंग, ट्रैक का लिफ्टिंग, झाड़ी सफाई इत्यादि। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 69,15,137.04

**क्र.सं. :** 3, **ई-निविदा सं. :** 310-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** पू.म. रेल के व.अनु.अभि./रेल पथ/पारसनाथ के सेक्शन में रेलगाड़ियों के परिचालन को देखते हुए ट्रैकों एवं यार्डों के संरक्षण के लिए जी.सी. सेक्शन में व.अनु. अभि./रेल पथ/पारसनाथ के अधीन विशेष ट्रैक अनुरक्षण कार्य के साथ डीप स्क्रीनिंग, शैलो स्क्रीनिंग, ड्रेसिंग बाक्सिंग, नाली सफाई, ट्रैक का पैकिंग, ट्रैक का लिफ्टिंग, झाड़ी सफाई इत्यादि। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 56,71,008.92

**क्र.सं. :** 4, **ई-निविदा सं. :** 311-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** पू.म. रेल के व.अनु.अभि./रेल पथ/हजारीबाग के सेक्शन में रेलगाड़ियों के परिचालन को देखते हुए ट्रैकों एवं यार्डों के संरक्षण के लिए जी.सी. सेक्शन में व.अनु. अभि./रेल पथ/हजारीबाग के अधीन विशेष ट्रैक अनुरक्षण कार्य के साथ डीप स्क्रीनिंग, शैलो स्क्रीनिंग, ड्रेसिंग बाक्सिंग, नाली सफाई, ट्रैक का पैकिंग, ट्रैक का लिफ्टिंग, झाड़ी सफाई इत्यादि। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 74,59,931.11

**क्र.सं. :** 5, **ई-निविदा सं. :** 312-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** पू.म. रेल के व.अनु.अभि./रेल पथ/गुझंडी के सेक्शन में रेलगाड़ियों के परिचालन को देखते हुए ट्रैकों एवं यार्डों के संरक्षण के लिए जी.सी. सेक्शन में व.अनु. अभि./रेल पथ/गुझंडी के अधीन विशेष ट्रैक अनुरक्षण कार्य के साथ डीप स्क्रीनिंग, शैलो स्क्रीनिंग, ड्रेसिंग बाक्सिंग, नाली सफाई, ट्रैक का पैकिंग, ट्रैक का लिफ्टिंग, झाड़ी सफाई इत्यादि। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 84,66,977.30

**क्र.सं. :** 6, **ई-निविदा सं. :** 313-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** पू.म. रेल के व.अनु.अभि./रेल पथ/पहाड़पुर के सेक्शन में रेलगाड़ियों के परिचालन को देखते हुए ट्रैकों एवं यार्डों के संरक्षण के लिए जी.सी. सेक्शन में व.अनु. अभि./रेल पथ/पहाड़पुर के अधीन विशेष ट्रैक अनुरक्षण कार्य के साथ डीप स्क्रीनिंग, शैलो स्क्रीनिंग, ड्रेसिंग बाक्सिंग, नाली सफाई, ट्रैक का पैकिंग, ट्रैक का लिफ्टिंग, झाड़ी सफाई इत्यादि। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 71,54,920.64

**क्र.सं. :** 7, **ई-निविदा सं. :** 314-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. अभि./कोडरमा के अधीन कोडरमा-अरिगडा सेक्शन में एफओबी के क्षतिग्रस्त स्लैब, चेकर्ड टाइल्स, सुरक्षात्मक स्क्रीन, रूफिंग शीट, आयरन मेंबर, पेटिंग आदि का मरम्मत एवं सहा. अभि./कोडरमा के अधीन कोडरमा-महेशमुंडा सेक्शन में आरओबी के क्षतिग्रस्त सड़क, निरीक्षण सीढ़ियों, ढलान पर बाउल्डर सोलिंग आदि का मरम्मत। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 69,57,884.66

**क्र.सं. :** 8, **ई-निविदा सं. :** 315-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** कोडरमा-पिपराडीह के बीच आई.बी.पी. का प्रावधान। **06 (छः) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 51,63,574.58

**क्र.सं. :** 9, **ई-निविदा सं. :** 316-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल- टीटीआर-118 सेट (सीएस+सीएमएससी - 24, टीडबल्युएस+सीएमएससी- 60, टीडबल्युएस+डबल्युसीएमएससी- 16, डबल्युसीएमएससी- 5, टीडबल्युएस- 11, डीएस-2) कार्य के संबंध में धनबाद मंडल- सहा. अभि./कोडरमा के अधीन टीटीआर-36 सेट (टीडबल्युएस+सीएमएससी - 28, सीएस+सीएमएससी- 8)। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 3,72,68,356.25

**क्र.सं. :** 10, **ई-निविदा सं. :** 317-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल- सहा.मं.अभि./2/धनबाद के अधीन टीएसआर(पी)- 18.924 टीकिमी (नये 60 केजी पीएससी चौड़े/संशोधित चौड़े स्लीपर (टीआरटी द्वारा) के साथ टीएसआर(पी) = 18.924 टीकिमी। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 2,08,06,864.80

**क्र.सं. :** 11, **ई-निविदा सं. :** 318-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** टनकुप्पा स्टेशन सीमाः- व.मं.अभि./2/धनबाद के अधीन टनकुप्पा स्टेशन सीमा में किमी.449/5-7 पर अनाधिकृत प्रवेश की समाप्ति के लिए एलएचएस का प्रावधान और गोमो एवं कोडरमा सेक्शन के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन के निर्माण के संबंध में टनकुप्पा स्टेशन सीमा में किमी. 449/5-7 पर अनाधिकृत प्रवेश की समाप्ति के लिए एलएचएस का प्रावधान। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 9,97,90,610.18

**क्र.सं. :** 12, **ई-निविदा सं. :** 319-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** जीसी सेक्शनः- व.मं.अभि./2/धनबाद के क्षेत्राधिकार में विभिन्न बृहद पूलों (अर्थात पूल सं. 34A, 39, 42A, 71, 116, 150, 151, 160, 167, 187, 202, 332 और 416) का मरम्मत कार्य जैसे कि डिसिल्टिंग, इपॉक्सी ग्राउटिंग, फ्लोरिंग, निरिक्षण सिढ़ी, चेकर्ड प्लेट इत्यादि। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 5,18,59,261.47

**ब्याने की राशि (रू. में) :** ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई-निविदा बंद होने की तारीख 09.03.2026 को 12:00 बजे तक। ई-निविदा खुलने की तारीख 09.03.2026 को 12:30 बजे से। **वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in** ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/1777/डीएचएन/इंजी०/टी/25-26/160


# वार्डों में चलाया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा।** नगरपालिका आम निर्वाचन के अंतर्गत 23 फरवरी को प्रस्तावित मतदान को लेकर झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र में स्वीप गतिविधियों के तहत व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वीप टीम द्वारा कोरियाडीह बस्ती वार्ड-01, बेलदार मुहल्ला आश्रम रोड वार्ड-01 तथा बिरोहर टोला तिलैया बस्ती वार्ड-02 में घर-घर संपर्क कर एवं स्थानीय लोगों के बीच संवाद स्थापित कर शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान आम मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी दी गई तथा 23 फरवरी को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु शपथ दिलाई गई।इसी क्रम में नवादा बस्ती में बैलेट बॉक्स डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित नागरिकों को मतदान की प्रक्रिया समझाते हुए भयमुक्त एवं निष्पक्ष मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।तिलैया बस्ती (बिरोहर टोला) वार्ड-02 में भी विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु मतदान करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला स्वीप कोषांग की टीम, नगर परिषद के बीएलओ सुपरवाइजर एवं पर्यवेक्षक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।स्वीप टीम ने नागरिकों से अपील की कि वे 23 फरवरी 2026 को अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# सीइओ ने की सभी जिलों के एडीओ के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विभिन्न राज्यों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। इसके क्रम में अन्य राज्यों में झारखंड राज्य से संबंधित मतदाताओं का सत्यापन के दस्तावेज भेजे जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के सत्यापन के लिए भेजे जा रहे दस्तावेजों का त्वरित रूप से निरीक्षण करते हुए, प्रतिवेदन संबंधित राज्य को ससमय भेजने का कार्य करें। श्री कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी के साथ बैठक कर रहे थे।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि राज्य में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के पूर्व तैयारियों को ससमय पूरा करें, जिससे गहन पुनरीक्षण के क्रम में आसानी हो सके।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पैतृक मैपिंग के साथ-साथ अब्सेंट, शिफ्टेड, डिलीट एवं डुप्लीकेट मतदाता की भी सघन जांच करते हुए सूची तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में मतदाताओं का एक भी ब्लर फोटो से सम्बंधित मामले लंबित न रहे। मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र में साफ एवं रंगीन तस्वीर के लिए सम्बंधित बीएलओ अपने बीएलओ ऐप के माध्यम से तस्वीर खींच कर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से ₹बुक ए कॉल विथ बीएलओ₹ के माध्यम से मतदाताओं के आ रहे समस्याओं का निष्पादन करें एवं ससमय ऐप में आए कॉल रिक्वेस्ट पर सम्पर्क करें।

इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित ऑनलाइन माध्यम सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-24एटी-18-02, दिनांक: 10.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-24एटी-18-02 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल- निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य-शेड्यूल ए1-एईएन/आजिमगंज के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 24ए(टी) के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। शेड्यूल ए2-एईएन/आजिमगंज के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 24ए(टी) के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए टेलीकॉम लागत। शेड्यूल बी1-एईएन/नबद्वीप धाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 18/02 के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। शेड्यूल बी2-एईएन/नबद्वीप धाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 18/02 के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए टेलीकॉम लागत। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 2,67,18,242.72, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 2,83,600/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 10.02.2026 को 18.20 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 20.02.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 06.03.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-611/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# आंगनबाड़ी एवं जेएसएलपीएस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य, कृषि, आंगनवाड़ी एवं जेएसएलपीएस का निरीक्षण उपायुक्त कोडरमा ऋतुराज एवं उप विकास आयुक्त कोडरमा रवि जैन के द्वारा संयुक्त रूप से गुरुवार को किया गया। जानकारी हो मरकच्चो प्रखंड में आकांक्षी संपूर्णता 2-0 का कार्य प्रारंभ किया जाना है। इसे लेकर उपायुक्त महोदय एवं उप विकास आयुक्त कोडरमा के द्वारा मरकचो प्रखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र दशरो, सिमरिया, कोसडीहरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मरकच्चो, बी आर सी मरकच्चो, पचखेरो डैम एवं पंचायत भवन तेलोडीह, आंगनबाड़ी केंद्र तेलोडीह, का निरीक्षण किया गया। वहीं निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र दशरों में ओपीडी, दवा वितरण, इत्यादि को सुचारू रूप से चलाने को लेकर सी एच ओ और ए एन एम को कई निर्देश दिए। ग्राम सिमरिया में मुख्यमंत्री उद्योग योजना के तहत आजीविका हेतु दिए गए ऋण और सामग्री का निरीक्षण कर जानकारी लेकर बोर्ड लगाने का निर्देश दिए। वहीं ग्राम कोसडीहरा में कृषि विभाग द्वारा दिए गए गेहूं, सरसों, का बीज की खेती का निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में बन रहे भवन को डेढ़ माह में पूर्ण करने का निर्देश दिए, साथ ही साथ विवाह भवन में रखे दवा को नए भवन पूर्ण होने पर उसे खाली करने की बात कही गई। घरेलू हिंसा के क्षेत्र में कार्य कर रहे जीआर सी केंद्र में महिलाओं को अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने की बात कही गई एवं जी आर सी दीदी को गाली गलौज करने वाले पर तुरंत एफ आई आर करने का निर्देश दिए। वहीं पंचखेरो जलाशय योजना में बन रहे पीसीसी सड़क का निरीक्षण किए एवं पीसीसी रोड को पश्चिम की ओर से शुरू करते हुए कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिए। विवादित स्थल पर स्थल तक पहुंच कर विवाद की समस्या समाधान होने के बाद आगे बढ़ाने की बात कही गई। पंचायत भवन तेलोडीह में आंगनबाड़ी दीदी, गर्भवती, धात्री दीदी, को टीकाकरण व सुविधा दिए गए लाभ का भी जांच किया गया। वहीं ग्रामीणों द्वारा ग्राम कोसडीहरा में लिफ्ट इरीगेशन ग्राम दसरों में पैक्स धान कार्य की अधिकता के बारे में ग्रामीणों ने मांग रखी। वही निरीक्षण में प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी गीता सोय, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मोनिका मिश्रा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रवि शंकर, आवास सहायक रवि कुमार, उद्योग विभाग से लेखराज कुमार, पंचायत सचिव मुकेश कुमार, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका माधुरी कुमारी, विभा कुमारी ए एन एम ममता कुमारी, इत्यादि सभी कर्मी मौजूद थे।

## राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला में डीएलएसए पलामू ने लगाया शिविर

**मेदिनीनगर (पलामू)।** सदर प्रखंड के दुबियाखाड में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के अंतिम दिन भी डीएलएसए पलामू के तत्वावधान में शिविर लगाया गया। शिविर में समाज के कमजोर वर्ग को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने से संबंधित जानकारी दी गई।

शिविर में पारा लिगल वोलेंटियर विनय प्रसाद ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के कमजोर व जरूरतमंद वर्ग तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। आर्थिक रूप से कमजोर, अनुसूचित जाति व जनजाति, महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांगजनों को निशुल्क विधिक सहायता दी जाती सकते हैं। कहा कि सभी को कानून की जानकारी होनी चाहिए। कानून की जानकारी होने से व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होता है। साथ ही शोषण से बचता है।

पारा लिगल वोलेंटियर शैलेन्द्र कुमार तिवारी ने शिविर में आमजन को निशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, पारिवारिक विवाद, महिला व बाल संरक्षण कानूनों सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में पारा लिगल वोलेंटियर विनय प्रसाद, शैलेन्द्र कुमार तिवारी, प्रमोद दास गुप्ता, उमेश मेहता व बहादुर प्रसाद गुप्ता ने मेले के माध्यम से शिविर में आने वाले लोगों के बीच पंपलेट का वितरण किया। साथ ही इसका लाभ उठाने का आह्वान किया।

# जिला स्तरीय कृषि मेला-सह-प्रदर्शनी का उपायुक्त ने किया शुभारंभ




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, खूंटी द्वारा आज तोरपा कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में जिला स्तरीय कृषि मेला-सह-प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त आर रॉनिटा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान, कृषि विज्ञान केंद्र, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला गव्य एवं पशुपालन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ संपन्न हुआ।

उपायुक्त श्रीमती रॉनिटा ने कहा कि कृषि मेला-सह-प्रदर्शनी किसानों के लिए नवीन तकनीकों, उन्नत बीजों, आधुनिक कृषि यंत्रों एवं वैज्ञानिक पद्धतियों की जानकारी प्राप्त करने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे वैज्ञानिकों द्वारा दिए जा रहे सुझावों एवं तकनीकी जानकारी को गंभीरता से समझें तथा उसे अपने खेतों में अपनाकर उन्नत एवं लाभकारी खेती की दिशा में आगे बढ़ें।उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में नवाचार एवं तकनीकी समावेशन से उत्पादन में वृद्धि संभव है, जिससे किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। उपायुक्त ने किसानों को आत्मनिर्भर बनने तथा कृषि को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने मेला परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों द्वारा प्रदर्शित सब्जियों, फलों एवं अन्य कृषि उत्पादों को देखकर उनकी सराहना की तथा बेहतर उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर भूमि संरक्षण विभाग के तहत दो महिला स्वयं सहायता समूहों की दीदियों के बीच ट्रैक्टर का वितरण किया गया। साथ ही गव्य विकास योजना के अंतर्गत 30 से अधिक लाभुकों को दुधारू गाय प्रदान की गई।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या - RP/EL/AFL/GHD-MHDA/RE-TENDER दिनांक- 09.02.2026**

**1.0 कार्य का नाम एवं स्थान :** Supply, Installation, testing and commissioning of automatic fault locator (AFL) for 2x25 KV AC traction system of latest RDSO specification in GHD-MHDA section of Dhanbad Division under Project Danapur of East Central Railway. **2.0 कार्य का अनुमानित लागत :** रूपये 57281070.00/-, **3.0 निविदा फार्म की कीमत :** रुपये 0.00, **4.0 आवश्यक बयाना राशि :** रूपये-436400.00/-, **5.0 निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक- 19.02.2026 निविदा खुलने की तारीख एवं समय- दिनांक 05.03.2026 को 15:00 बजे। **6.0 वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है। **7.0 पता एवं अन्य जानकारी :** मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट - खगौल जिला - पटना, पिन - 801105

**उप मुख्य विद्युत अभियंता**
**रेल परियोजना, दानापुर**

पीआर/1772/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25-26/40



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/597, दिनांक 11.02.2026,** वरिष्ठ डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं. : एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/47/25-26/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** सियालदह मंडल के तहत एसएसबीपीएससी(डी) से टीएलबीआई का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु.1,91,57,585.06, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु.2,45,800/- **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 09 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 24.02.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 10.03.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 10.03.2026 को 14.30 बजे। **विवरण यहाँ से देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V= निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N= कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** डेटालॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ या कोई सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य जिसमें शामिल है ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या एलसी गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड रूपांतरण या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए-एसएसडीएसी) या ऑटोमेटिक सिग्नलिंग। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-394/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# धनबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण

## न्यायाधीश, उपायुक्त एवं एसएसपी रहे शामिल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा बालकृष्ण तिवारी, अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार सहित जिला प्रशासन व एलएडीसीएस की टीम ने गुरुवार को मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। इसकी जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि निरीक्षण के दौरान टीम ने इस बात की गंभीरता से पड़ताल की कि कारा में बंदियों के साथ कहीं किसी तरह से भी जातिगत भेदभाव तो नहीं किया जाता। मंडल कारा में कोई भी ऐसा बंदी तो नहीं है जो अन्य बंदियों को डराता, धमकाता है अथवा उसे किसी भी प्रकार से प्रताड़ित करता है।

वहीं निरीक्षण के दौरान बंदियों को बैठने के लिए समुचित व्यवस्था, पठन-पाठन के लिए पुस्तकें, खेल सामग्री, व्यायाम के लिए जरूरी उपकरण देने का निर्देश जेल प्रशासन को दिया गया।

निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश तिवारी के नेतृत्व में टीम ने कारागार के हर हिस्से का मुआयना किया। न्यायाधीश के नेतृत्व में टीम ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने का निर्देश दिया।

वहीं टीम ने मंडल कारा में चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। सभी बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। न्यायाधीश ने बंदियों को जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया।

इस मौके पर अपर समाहर्ता सह प्रभारी जेल अधीक्षक विनोद कुमार, सिविल सर्जन डॉक्टर आलोक विश्वकर्मा, जेल डॉक्टर राजीव कुमार सिंह, डीएसपी धीरेंद्र नारायण बंका, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल, स्वाति कुमारी, मुस्कान चोपडा, जेलर दिनेश कुमार वर्मा, सिविल कोर्ट के सहायक अरुण कुमार, राजेश कुमार सिंह समेत जेल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# "खादी वस्त्र नहीं विचार" विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के श्राद्ध दिवस के अवसर पर बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि और ग्राम निर्माण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सर्व धर्म प्रार्थना, सूत्र यज्ञ व ,खादी वस्त्र नहीं विचार विषय पर एक संगोष्ठी गांधी घाट, पटना में प्रभाकर कुमार, अध्यक्ष बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि, ग्राम निर्माण मंडल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें महात्मा गांधी के चित्र पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांललि दी गयी और गांधी जी के भजन के साथ सर्वधर्म प्रार्थना किया गया।




कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार ने कहा कि बिहार सरकार पूरे बिहार में खादी की बिक्री पर समान रुप से रिबेट लागू करे, खादी पुनरूद्धार योजना हु-ब-हु लागू हो एवं खादी संस्थाओं का ऋण माफ किया जाये। श्री कुमार ने केंद्र सरकार से भी मांग की कि खादी संस्थाओं पर ऋण माफ किया जाये जिसके एवज में मूल राशि से भी ज्यादा व्याज खादी संस्थाएं सरकार को दे चुकी है। खादी की बिक्री पर पुराने पद्धति से रिबेट को लागू किया जाये, अप्रमाणित खादी दुकानों पर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाए और खादी प्रमाण पत्र समिति को केंद्रीय प्रमाण पत्र पर नियमावली के अनुसार पुनर्गठित किया जाये।संगोष्ठी में डा मोखातारूल हक, समन्वयक बचपन बचाओ आंदोलन, बिहार-झारखंड, दिलीप मंडल कोषाध्यक्ष, ग्राम निर्माण मंडल, अनिल कुमार, मंत्री खादी ग्रामोद्योग समिति राम विलास चौबे, ललन मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव, युगल किशोर प्रसाद, जीव नारायण प्रसाद, प्रो पिंकी पटेल सहित कई वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे।

श्री कुमार ने गांधी घाट पटना पर गांधी जी के नामोनिशान मिटाये जाने और वहां अवैध कब्जा पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से मांग की कि वहां से अवैध कब्जा हटाकर गांधी विचार के अनुरूप कार्यक्रम चलाया जाये। कार्यक्रम का संचालन माखन लाल दास, मंत्री बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि ने किया।

# उपायुक्त ने किया कैलेंडर का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज अपने कार्यालय में पीसी एंड पीएनडीटी के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया।



वार्षिक कैलेंडर में उपयुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में रिकर्व तीरंदाजी में परचम लहराने वाली दीपिका कुमारी, मिस वर्ल्ड 2000 प्रियंका चोपड़ा, 48 वर्ष की उम्र में माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला एवं झारखंड की पहली महिला एवरेस्ट विजेता प्रेमलता अग्रवाल, टेलीविजन एवं डिजिटल मनोरंजन क्षेत्र में परचम लहराने वाली युवा अभिनेत्री अनुष्का सेन, सामाजिक आंदोलन, वन संरक्षण के लिए जन आंदोलन की अगुवाई करने वाली एवं लेडी टार्जन के नाम से मशहूर जमुना टुडू सहित झारखंड की अन्य महिला हस्तियों के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संदेश हैं। साथ-साथ चिकित्सा सलाह के लिए डायल 104, सामाजिक सुरक्षा के लिए 181 व चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी सभी पन्नों पर अंकित है। इसके अलावा कैलेंडर में कन्या भ्रूण हत्या को खत्म करने, रूढ़िवादी और गलत मानसिकता के बाहर निकलकर गर्भ में ही बच्चे का लिंग जांच नहीं करवाने तथा महिलाओं पर पड़ने वाले इसके दुष्प्रभाव को बेहतरीन तरीके से दशार्या गया है। इसके अलावा लिंग अनुपात, कन्या भ्रूण हत्या के दुष्परिणाम, कन्या भ्रूण हत्या से सामाजिक दुष्प्रभाव, लड़कियों के विरुद्ध भेदभाव का समाधान के अलावा अन्य संदेश दिए गए हैं। इस मौके पर उपयुक्त आदित्य रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, मैं हूं धनबाद की पूजा रत्नाकर, वॉलिंटियर सचिन सिंघानिया, सोनाली कुमारी, शीशम कुमारी मौजूद थे।

# निगरानी ने पीटीए को दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधुबनी।** भ्रष्टाचारियों के खिलाफ निगरानी विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। इसी कड़ी में एक बार फिर मधुबनी में बड़ी कार्रवाई हुई है। निगरानी विभाग की टीम ने कलुआही प्रखंड में 12 हजार रुपये की घूस लेते हुए पंचायत तकनीकी सहायक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, कलुआही प्रखंड के पंचायती राज विभाग में काम कर रहे तकनीकी सहायक हरि रंजन कुमार के खिलाफ रिश्वत लेने की शिकायत मिली थी। शिकायत के बाद निगरानी विभाग ने जाल बिछाया। पटना से आई नौ सदस्यीय टीम ने डीएसपी मो. वसीम फिरोज के नेतृत्व में यह कार्रवाई की। टीम ने पहले से योजना बनाई और जैसे ही आरोपी ने 12 हजार रुपये की घूस ली, उसी समय निगरानी की टीम ने उसे पकड़ लिया। निगरानी डीएसपी मो. वसीम फिरोज ने बताया कि पंचायत तकनीकी सहायक 12 हजार रुपये की घूस मांग रहा था। पटना से आई नौ सदस्यीय टीम ने उसे घूस के साथ गिरफ्तार किया है।

# उपायुक्त ने किया सहयोग विलेज का निरीक्षण

## बाल गृह की व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** प्रखंड अंतर्गत डुगडुगीया स्थित सहयोग विलेज का आज उपायुक्त आर० रॉनिटा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाल गृह में रह रहे बच्चों की देखभाल, भोजन, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उपायुक्त ने बाल गृह परिसर के विभिन्न कक्षों यथा रसोई घर, भंडार गृह, भोजनालय, बच्चों के लिए मनोरंजन कक्ष, स्पेशल केयर कक्ष आदि का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की जांच की। उन्होंने सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बच्चों को समय पर पौष्टिक एवं संतुलित भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा खाद्य सामग्री का उचित भंडारण मानकों के अनुरूप किया जाए।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने स्वच्छता, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं पर विशेष जोर देते हुए परिसर को साफ-सुथरा एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाल गृह में रह रहे बच्चों को पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उपायुक्त ने सहयोग विलेज में कार्यरत नर्स, रसोइया, गार्ड एवं अन्य कर्मियों से संवाद कर उनके कर्तव्यों के प्रति सजग एवं संवेदनशील रहने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं समुचित देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाए। इस दौरान उपायुक्त ने बाल गृह में रह रहे बच्चों से आत्मीय मुलाकात की तथा उनसे बातचीत कर उन्हें दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर नियोजन पदाधिकारी-सह-सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# दीघा गोलंबर के पास विकसित होगा वेंडिंग जोन

## मरीन ड्राइव पर अब नहीं लगेंगे ठेला-खोमचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जेपी गंगा पथ (मरीन ड्राइव) के किनारे अनियमित रूप से लगने वाले ठेला-खोमचा दुकानदारों को व्यवस्थित करने के लिए नगर निगम दीघा गोलंबर के नीचे वेंडिंग जोन विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। प्रस्तावित वेंडिंग जोन में वेंडरों के लिए फुट ओवरब्रिज, पार्किंग, शौचालय, पेयजल समेत अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

वर्तमान में जेपी गंगा पथ पर सड़क किनारे वेंडिंग होने से अक्सर यातायात बाधित होता है और जाम की स्थिति बन जाती है। वेंडिंग जोन बनने के बाद न केवल यातायात व्यवस्था सुचारु होगी, बल्कि मरीन ड्राइव के वेंडरों को सुरक्षित और व्यवस्थित स्थान भी मिल सकेगा।

नगर निगम इस योजना को जल्द अमल में लाने की तैयारी कर रहा है। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने बताया कि शहर में करीब तीन दर्जन वेंडिंग जोन बनाने का प्रस्ताव है। इसी के तहत मरीन ड्राइव के वेंडरों के पुनर्वास के लिए जेपी गंगा पथ स्थित दीघा गोलंबर से सूर्य मंदिर जाने वाली सड़क को चिह्नित किया गया है। इस संबंध में पाटलिपुत्र अंचल की कार्यपालक पदाधिकारी पुण्य तरू स्थल का निरीक्षण कर चुकी हैं। निरीक्षण के दौरान फुटपाथी दुकानदार भी मौजूद थे।

कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि सबसे पहले सड़क निर्माण कराया जाएगा और नाले को ढंकने का काम किया जाएगा।

इसके बाद खटाल और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होगी। तात्कालिक व्यवस्था के तहत फुटपाथी दुकानदारों को यहां स्थानांतरित करने में लगभग एक से दो माह का समय लग सकता है। नगर निगम का मानना है कि यह पहल शहर में वेंडिंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने के साथ-साथ जेपी गंगा पथ पर यातायात दबाव कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



जेपी गंगा पथ किनारे गुरुवार को तीसरे दिन भी मरीन ड्राइव दुकानदार संघ की हड़ताल जारी रही। फुटपाथी दुकानदार रात में भी धरने पर बैठे रहे। संघ के सदस्यों का कहना है कि वे लंबे समय से जेपी गंगा पथ के किनारे दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते रहे हैं। लगभग तीन महीने पहले यह आश्वासन देकर दुकानों को हटाया गया था कि 14 जनवरी तक सभी वेंडरों को व्यवस्थित काउंटर उपलब्ध करा दिए जाएंगे, लेकिन अब तक यह व्यवस्था नहीं हो सकी है।

फुटपाथी दुकानदारों ने बताया कि फिलहाल वे गंगा नदी के किनारे अस्थायी रूप से दुकान लगा रहे हैं, जहां ग्राहकों की पहुंच कठिन है और वाहनों के आने-जाने से रेत-बालू दुकानों में भर जाती है। पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। संघ के अध्यक्ष मनीष कांत, उपाध्यक्ष रमण कुमार निराला, सचिव निशांत कुमार के अलावा सोनी देवी, पूजा देवी, विमला सुमन, महादेव, राम नारायण आदि मौजूद रहे।

## करंट से छात्र की मौत

**सीतामढ़ी।** मेजरगंज प्रखंड के कुंआरी मदन गांव स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में गुरुवार अपराह्न एक दर्दनाक हादसे में 11 वर्षीय छात्र आदित्य की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरातफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां जुट गए। बताया जा रहा है कि विद्यालय परिसर के बीचोंबीच से 11 हजार वोल्ट का हाई टेंशन तार गुजर रहा है। इसी तार की चपेट में आने से छात्र गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में उसे बचाने की कोशिश की गई, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।घटना की सूचना मिलते ही वीडियो, सीओ तथा इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गए। प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को शांत रहने की अपील की है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय के ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार को हटाने के लिए कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन बिजली विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि लापरवाही के कारण पहले भी छोटे-मोटे हादसे हो चुके हैं। इकलौते पुत्र आदित्य की मौत की खबर मिलते ही उसकी मां ज्योति देवी विद्यालय पहुंचीं। उनकी चीत्कार से माहौल गमगीन हो उठा।

# पूर्व मुखिया के बंद घर से करोड़ों की चोरी

## पुण्यतिथि मनाकर घर से निकले थे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए महमदपुर पंचायत के पूर्व मुखिया स्वर्गीय अनिल कुमार के बंद घर से करीब तीन करोड़ रुपये मूल्य के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना अस्थावां थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव की है। पूर्व मुखिया के पुत्र अविनाश कुमार ने बताया कि 30 जनवरी को उनके पिता की पुण्यतिथि थी।

इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्य 29 जनवरी को पैतृक गांव शेरपुर पहुंचे थे। 31 जनवरी को पूजा-पाठ संपन्न होने के बाद दोपहर करीब एक बजे सभी सदस्य बिहारशरीफ के एतवारी बाजार स्थित अपने आवास लौट गए। घर पूरी तरह खाली था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और चोरी के बाद अपनी ओर से नया ताला लगा दिया, ताकि किसी को तुरंत शक न हो। हालांकि, भागते समय वे छत का दरवाजा खुला छोड़ गए। ग्रामीणों ने जब ऊपर का दरवाजा खुला देखा तो उन्हें संदेह हुआ और परिवार को सूचना दी।

सूचना मिलते ही परिजन गांव पहुंचे तो चोरी का खुलासा हुआ। पीड़ित परिवार ने बताया कि घर में रखे गोदरेज अलमारी को तोड़कर चोर करीब तीन करोड़ के आभूषण और 60 हजार रुपये नकद ले गए। वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार चोरी गई संपत्ति की कीमत करीब 3 करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

घटना के बाद पुलिस ने शक के आधार पर गांव के तीन युवकों को हिरासत में लिया। इसके विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं अस्थावां थाना पहुंच गईं और निदोर्षों को फंसाने का आरोप लगाया।

ग्रामीणों का कहना था कि तीनों युवक मेहनत-मजदूरी करते हैं और उनका घटना से कोई संबंध नहीं है। भारी विरोध और स्थानीय मुखिया-सरपंच के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने पूछताछ कर तीनों को छोड़ दिया।

पुलिस ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि सूचना मिलते ही अस्थावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। संदिग्धों की तलाश में छापेमारी जारी है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा किया गया है।

# लाइन होटल में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक लाइन होटल में आग लगने से अफरातफरी मच गई। यह घटना साहेबगंज थाना क्षेत्र के पहाड़पुर मनोरथ पंचायत में सेमरा बम बाबा मंदिर के पास स्थित चाय-नाश्ते की दुकान में हुई। आग लगने के दौरान सिलेंडर भी फट गया। आग से बाइक, नकदी और दुकान का सामान जलकर राख हो गया। इस घटना में करीब ढाई लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान बताया जा रहा है। दुकान से सामान निकालने की कोशिश करते समय दुकान के मालिक मुकेश पंडित झुलस गए। उन्हें किसी तरह बचाकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बाकी लोग सुरक्षित बाहर निकल गए। ग्रामीणों की सूचना पर साहेबगंज और पारू से मिनी दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान इलाके में काफी अफरातफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेज थी कि उसे काबू में करना आसान नहीं था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल घायल दुकानदार का इलाज चल रहा है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। आग लगने की वजह का पता लगाया जा रहा है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मेगा रोजगार कैम्प आयोजित

**नवादा।** बिहार के नवादा जिले में बेरोजगार युवाओं के लिए बड़ा अवसर आया है, जहां 10 से 25 फरवरी 2026 तक मेगा रोजगार कैंप आयोजित किया जाएगा और इसके जरिए निजी कंपनी में सीधे इंटरव्यू के आधार पर चयन होगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला नियोजनालय सह मॉडल करियर सेंटर, नवादा संभाल रहा है।इस रोजगार कैंप के माध्यम से एसआईएस इंडिया, चेन्नई द्वारा कुल 150 पदों पर सुरक्षा गार्ड, सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षा अधिकारी और कैश कस्टोडियन की बहाली की जाएगी।

## डालसा के प्रयास से बची बुजुर्ग की जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** गरीबी और इलाज के अभाव में जीवन और मौत से जूझ रहे एक पैंसठ वर्षीय बुजुर्ग महिला को डालसा का सहारा मिला डालसा ने न केवल न्यायिक क्षेत्र में बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी महिला की जान बचाकर एक मिसाल पेश की है. दरअसल डालसा के तत्वाधान में चल रहे डोर-टू-डोर अभियान के दौरान एगयरकुंड प्रखंड के पंचमोली गांव में 65 वर्षीय हृदय रोग से पीड़ित अत्यंत गरीब महिला शांति देवी की पहचान की गई। इलाज के अभाव में उनकी स्थिति गंभीर थी।

सूचना मिलते ही सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो के निर्देश पर तत्काल एम्बुलेंस भेजकर उन्हें एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान ए पॉजिटिव रक्त की कमी सामने आई।तत्काल ए पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता है, लेकिन ब्लड बैंक में रक्त उपलब्ध नहीं था। संकट की इस घड़ी में न्यायाधीश मयंक तुषार टोपणों के निर्देश पर अधिकार मित्र अंशुल कुमार गुप्ता ने स्वयं रक्तदान कर बुजुर्ग महिला की जान बचाई।

# बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश के विरुद्ध हड़ताल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** भारत का मजदूर वर्ग 12 फरवरी को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर है। इस हड़ताल का आह्वान 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में लाखों श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वतंत्र अखिल भारतीय संघों द्वारा किया गया है। देशभर के बीमा कर्मचारियों द्वारा अपने अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ (आईआईइएए) के आह्वान पर पूर्ण सहभागिता के साथ इस हड़ताल में भागीदारी निभाई गई।हजारीबाग मंडल के स्तर पर तमाम एलआईसी कर्मियों ने अपने संगठन बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल (आईइएएचडी) के बैनर तले अपने मंडल कार्यालय के अधिकार क्षेत्र के तहत आने वाले सभी 37 कार्यालयों में सम्पूर्ण तालाबंदी कर पूरी तरह से काम रोक कर इस हड़ताल को अपने स्तर से शत प्रतिशत अमली जामा पहनाया गया।इस अवसर पर धनबाद जिले के सभी एल आई सी कार्यालय में पूर्ण हड़ताल रही। इस अवसर पर अपना सन्देश देते हुए आईइएएचडी के मंडलीय महासचिव जगदीश चंद मित्तल ने कहा 12 फरवरी निर्धारित औद्योगिक हड़ताल केवल नए श्रम संहिताओं, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा में वृद्धि, या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के विनिवेश के विरुद्ध एक सामान्य विरोध नहीं है। यह वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था को कॉरपोरेट हितों के पक्ष में पुनर्गठित करने की प्रक्रिया के खिलाफ एक गहन और मौलिक प्रतिरोध है-जिसका भार श्रमिकों, किसानों और हाशिये पर खड़े समुदायों पर पड़ रहा है।संघ के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने कहा कि इस हड़ताल के केंद्र में चार श्रम संहिताओं के प्रति विरोध है। हमारा तर्क है कि इन संहिताओं ने लंबे समय से प्राप्त श्रमिक सुरक्षा प्रावधानों को कमजोर किया है। इन कानूनों के एकीकरण से नियुक्ति और छंटनी आसान हुई है, सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार कमजोर हुए हैं, तथा मजदूरी, रोजगार सुरक्षा और कार्यस्थल सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले नियामक तंत्र का क्षरण हुआ है। हड़ताल को सफल बनाने के लिए हेमंत मिश्रा, जगदीश चंद्र मित्तल, अमित कुमार, सुबीर राम,अमरजीत राजवंशी, निशेष कुमार, बासु बहादुर, चंदन झा, राहुल कुमार, संजय पाठक, मनीषा कुमारी, नयन शर्मा, जागेश्वर राम ,अभिषेक कुमार सुशील भगत समेत अन्य का योगदान रहा।

## उप विकास आयुक्त ने किया कृषि विज्ञान केंद्रों का निरीक्षण

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने बलियापुर व धनबाद के कृषि विज्ञान केंद्र तथा कृषक पाठशाला अलकडीहा का निरीक्षण किया। कृषि विज्ञान केंद्र में संचालित शोध व प्रसार गतिविधियों का निरीक्षण किया। साथ ही बीज प्रसंस्करण इकाई को और सुदृढ़ करने के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मृदा परीक्षण, मशरूम और सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण इकाई का भी निरीक्षण किया गया।

# निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए लगेगा रूफ टॉप सोलर पैनल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रजन ने बेलगड़िया टाउनशिप में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कॉलोनी की विभिन्न इमारतों पर रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने की योजना को लेकर जेबीवीएनअल, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड तथा जेआरडीए के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने के लिए विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने, कनेक्शन व बिलिंग की प्रक्रिया, तकनीकी बिंदु, वर्तमान संसाधनों का सुदृढ़ीकरण इत्यादि पर विस्तृत चर्चा की गई।योजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए उपायुक्त ने विद्युत विभाग एवं जेआरडीए को संयुक्त रूप से साइट विजिट कर वर्तमान संरचनाओं का सर्वे करने का निर्देश दिया।बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन, जेबीवीएनएल के महाप्रबंधक ए.के. सिन्हा, विद्युत अधीक्षण अभियंता श्री एस. कश्यप, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के महाप्रबंधक (ई एंड एम) आर.आर. कर्न, सिनीयर मैनेजर (ई एंड एम) एम. भौमिक, झारिया मास्टर प्लान के महाप्रबंधक माइनिंग मिथिलेश कुमार, जेआरडीए के एचओडी (ई एंड एम) अलोक डोकानिया व अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व रेलवे के जीएम ने किया दुमका, बांका व भागलपुर स्टेशन का व्यापक निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर ने हावड़ा, आसनसोल एवं मालदा मंडल के विभिन्न महत्वपूर्ण रेल खंडों का व्यापक उच्च स्तरीय निरीक्षण किया। गुरुवार को दिनभर चलने वाले इस निरीक्षण विंडो-ट्रेलिंग के तहत रामपुरहाट से दुमका तक किया गया। उन्होंने स्टेशन-वार निरीक्षण करते हुए चल रही अवसंरचना परियोजनाओं, परिचालन सुरक्षा में सुधार तथा अमृत भारत स्टेशन योजना की प्रगति की समीक्षा की। विभिन्न विभागों के प्रधान विभागाध्यक्षों, मंडल रेलवे प्रबंधकों और वरिष्ठ मंडल अधिकारियों के साथ महाप्रबंधक का यह दौरा पश्चिम बंगाल और झारखंड को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण रेल मार्गों पर केंद्रित रहा। उन्होंने दुमका रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया जिसमें रनिंग रूम और क्रू बुकिंग लॉबी शामिल थे। उन्होंने कर्मचारियों से बातचीत भी की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यात्रियों की सुरक्षा लोकोमोटिव पायलटों और गार्डों के हाथों में है। उन्होंने अधिकारियों को रनिंग रूम में स्वच्छता और विश्राम सुविधाओं के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना-मुक्त संचालन के लिए कर्मचारियों का अच्छी तरह से आराम करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री देउस्कर ने देवघर रेलवे स्टेशन, पिट लाइन तथा चल रहे दोहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उनके दौरे का एक महत्वपूर्ण भाग जसीडीह बाईपास लाइन के निरीक्षण के लिए समर्पित था। श्री देऊस्कर ने जसीडीह बाईपास को रणनीतिक प्राथमिकता बताया। यह लाइन यातायात को सुचारू बनाने और भीड़भाड़ कम करने के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ट्रेनों को भीड़भाड़ वाले जसीडीह जंक्शन से बायपास करने की अनुमति देता है। उन्होंने इंजीनियरिंग टीम को निर्धारित समयसीमा के भीतर दोहरीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# अखिल रेल हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूर्व मध्य रेल का परचम

## प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर रचा गौरवपूर्ण इतिहास




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) के तत्वावधान में आयोजित प्रथम अखिल रेल हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूर्व मध्य रेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर गौरवपूर्ण इतिहास रचा। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भारतीय रेल वित्त प्रबंधन संस्थान, सिकंदराबाद में आयोजित की गई जिसमें भारतीय रेल के विभिन्न जोनों एवं उत्पादन इकाइयों की कुल 28 टीमों ने भाग लिया। इन टीमों में लगभग 84 प्रतिभागियों ने अपनी ज्ञान-प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पूर्व मध्य रेल की विजेता टीम में लेखा विभाग के सहायक वित्त सलाहकार (बजट) राकेश रंजन लाल तथा इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (ड्राइंग एवं डिजाइन) आमिर परवेज एवं कार्यालय अधीक्षक शशिकांत सिंह शामिल थे। टीम के प्रबंधक के रूप में विनय कृष्ण, वरिष्ठ अनुवादक (राजभाषा) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फाइनल चरण में छह टीमों के मध्य हुई कड़ी प्रतिस्पर्धा में पूर्व मध्य रेल की टीम ने अपने गहन ज्ञान, त्वरित उत्तर देने की क्षमता तथा उत्कृष्ट

# साल में सातवीं बार और हफ्ते में तीसरी बार बम धमकी, पटना सिविल कोर्ट खाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित सिविल कोर्ट परिसर में एक वर्ष के भीतर सातवीं बार और इसी सप्ताह तीसरी बार बम ब्लास्ट की धमकी मिलने से बुधवार को अफरा-तफरी मच गई। ई-मेल के जरिए धमकी मिलने के बाद एहतियातन पूरे न्यायालय परिसर को खाली करा लिया गया जिससे अदालती कामकाज पूरी तरह ठप रहा। प्रातः न्यायालय का कार्य शुरू होने से पहले जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कार्यालय के आधिकारिक ई-मेल पर संदेश प्राप्त हुआ जिसमें 11:45 बजे कोर्ट परिसर में पांच बम धमाके किए जाने की चेतावनी दी गई थी। ई-मेल मिलते ही सिविल कोर्ट के प्रभारी निबंधक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और जिला अधिवक्ता संघ के सचिव को अवगत कराते हुए सुरक्षा कारणों से परिसर खाली कराने का अनुरोध किया। सूचना के बाद सभी न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता और आमजन को कोर्ट परिसर से बाहर निकाल दिया गया। किसी भी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। वकीलों ने भी परिसर स्थित अपने बैठने की जगह खाली कर दी और न्यायालय से बाहर चले गए। इसके बाद पटना पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने पूरे परिसर की सघन तलाशी शुरू की। भोजनावकाश से पूर्व व्यापक जांच के बावजूद कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। इसके बाद न्यायालय परिसर में प्रवेश की अनुमति तो दे दी गई, लेकिन इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ की ओर से अपने एक साथी महिला अधिवक्ता डॉ. इंदिरा राज लक्ष्मी की संदिग्ध मृत्यु को लेकर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक के कारण अधिवक्ताओं ने पूरे दिन न्यायिक कार्य में भाग नहीं लिया, जिससे अदालतों में कामकाज नहीं हो सका। गौरतलब है कि पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी का यह सिलसिला लगातार बढ़ रहा है।

# बिहार की कृषि को हाई वैल्यू फसलों पर केंद्रित करना जरूरी : राम कृपाल यादव

## बामेती में 'प्रगतिशील एवं लाभकारी कृषि पद्धतियां' पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बामेती, पटना के सभागार में गुरुवार को 'बिहार में प्रगतिशील एवं लाभकारी कृषि पद्धतियां' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता प्रधान सचिव, कृषि विभाग नर्मदेश्वर लाल ने की। इस अवसर पर भारतीय अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद के प्रोफेसर एवं पद्मश्री से सम्मानित डॉ. अशोक गुलाटी ने मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र की भावी रणनीतियों, किसानों की आय वृद्धि और निर्यात संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार में कृषि के बदलते स्वरूप, बाजार की मांग और किसानों की आय बढ़ाने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर व्यापक चर्चा करना है। उन्होंने कहा कि धान और गेहूं में आत्मनिर्भरता के बाद अब राज्य की कृषि नीति को दलहन, कैश क्रॉप और हाई-वैल्यू फसलों के उत्पादन एवं निर्यात की ओर केंद्रित करने की आवश्यकता है। कृषि के विविधीकरण से किसानों की आय में सतत और संरचित वृद्धि संभव होगी। उन्होंने बताया कि दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा बिहार को 97 करोड़ रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है। राष्ट्रीय दलहन परामर्श एवं रणनीति कार्यक्रम के तहत राज्य में दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही जिलावार फसल चक्र की वैज्ञानिक रूपरेखा तैयार कर स्थानीय जलवायु, मृदा गुणवत्ता और बाजार की मांग के अनुरूप खेती को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि बिहार की कृषि को प्रतिस्पर्धी, टिकाऊ और लाभकारी बनाने के लिए एरिया-स्पेसिफिक और जोन-स्पेसिफिक खेती की स्पष्ट रणनीति अपनानी होगी। उन्होंने हरा चना उत्पादन के विस्तार पर विशेष बल देते हुए कहा कि इसकी आपूर्ति अन्य राज्यों तक सुनिश्चित कर किसानों को बेहतर बाजार और मूल्य उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने उद्यानिकी क्षेत्र में बदलाव को किसानों की आय वृद्धि के लिए आवश्यक बताया। आईसीआरआईईआर के प्रोफेसर डॉ. अशोक गुलाटी ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और निर्यात को गति देने के लिए मजबूत वैल्यू चेन का निर्माण जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था और सड़क आधारभूत संरचना में हुए सुधार से कृषि विपणन और निवेश को बढ़ावा मिला है। उन्होंने पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर हाई-वैल्यू एग्रीकल्चर अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने दक्षिणी बिहार में दलहन और उत्तरी बिहार में गन्ने से इथेनॉल उत्पादन की संभावनाओं तथा लीची जैसे उत्पादों की ब्रांडिंग पर भी बल दिया।

# टैलेंट हंट और संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम और संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने प्रदेश के नेताओं के साथ अहम बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी नेताओं को आवश्यक निर्देश दिया और नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम को लेकर आवेदनों की अद्यतन जानकारी ली और उसमें गति देने के लिए जिलेवार समीक्षा की गई। बैठक में बिहार कांग्रेस कनेक्ट के पदाधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, असितनाथ तिवारी, राजीव मेहता, प्रवक्ता डॉ. स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, मिन्नत रहमानी, रवि कुमार, विमलेश तिवारी सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे। साथ ही संगठन सृजन को लेकर बैठक का आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी को विस्तृत जानकारी दी और आने वाले कार्यक्रम को लेकर तैयारियों की समीक्षा भी की। इस अवसर पर वैद्यनाथ शर्मा, अरविन्द लाल रजक, डा. कमलदेव नारायण शुक्ला, मनोज शर्मा, केशर कुमार सिंह, संजय महाराज, सुधीर शर्मा, अरविन्द कुमार चौधरी, मृणाल अनामय, डा. अमन कुमार, रंजीत कुमार वाल्मीकी, मिथिलेश निषाद, नदीम अंसारी, पंकज यादव, डा. सत्येन्द्र कुमार, शिवम राज, राज कुमार, रामशंकर कुमार पान, विनोद कुमार विद्यार्थी, चन्द्रभूषण राजपूत सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।


# एआइसीसी ने बिहार में संगठन सृजन के लिए नियुक्त किए जिलावार ऑब्जर्वर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने बिहार में संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर जिलावार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इस आशय की सूची जारी करते हुए सभी एआईसीसी ऑब्जर्वर को उनके जिले का आवंटन कर दिया गया है। संगठन सृजन कार्यक्रम में कुल 29 वरिष्ठ नेताओं की नियुक्ति की गई है। इसमें पश्चिम चम्पारण के लिए निलांशु चतुर्वेदी, पूर्वी चम्पारण -हिम्मत सिंह पटेल, शिवहर और सीतामढ़ी के लिए संजय चोकर, मधुबनी -अखिलेश शुक्ला, सुपौल एवं सहरसा के लिए विनोद सुलतानपुरी, अररिया एवं किशनगंज के लिए अफताब अहमद, पूर्णियां एवं मधेपुरा के लिए संजय कपूर, कटिहार- अरूण यादव, दरभंगा- संगीता वेनीवाल, मुजफ्फरपुर -मानस चौधरी, गोपालगंज -मकसूद खान, सिवान-मलेन्दर राजन, सारण-सत्यनारायण पटेल, वैशाली डा. रागनी नायक, समस्तीपुर -अब्दुल हनान, बेगूसराय -ममन खान, खगड़िया एवं मुंगेर के लिए राव दान सिंह, भागलपुर एवं बांका के लिए देवाशीष पटनायक, लखीसराय एवं जमुई के लिए समीना शेक, नालन्दा- रणविजय लोचव, पटना ग्रामीण-2 -भजन लाल जाटव, पटना शहर एवं पटना ग्रामीण-1 -अशोक सिंह, भोजपुर -अम्बा प्रसाद, बक्सर एवं कैमूर के लिए राजेश कच्छप, रोहतास-श्वेता सिंह, अरवल एवं जहानाबाद के लिए नीतू वर्मा सोई, औरंगाबाद-राजेश ठाकुर, गया- योगेश दीक्षित, नवादा एवं शेखपुरा के लिए जयशंकर पाठक को निम्नलिखित जिला आवंटित किया गया है।

# विपक्ष के नेता को बजट सत्र से गायब रहना लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए ठीक नहीं : संजय सरावगी

## हार के बाद विपक्ष के नेता को जबरदस्त 'शॉक'



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव के बिहार बजट सत्र में शामिल न होने को लेकर कहा कि विपक्ष के नेता लगातार सदन से अनुपस्थित रहे हैं यहां तक कि बजट सत्र जैसे महत्वपूर्ण सत्र में भी नजर नहीं आए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि विपक्ष के नेता लगातार गैरहाजिर रहे हैं। ऐसा लगता है कि उनकी रुचि खत्म हो गई है। मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तारीखें चुनाव परिणाम आने से पहले ही तय हो गई थीं। सरकार बनने के बाद पहले सत्र में भी विपक्ष के नेता अनुपस्थित रहे। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए ठीक नहीं बताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद विपक्ष के नेता को जबरदस्त 'शॉक' लगा है। इनका सूपड़ा साफ हो गया। एक सीट से बच गए। एक सीट कम आती तो विपक्ष के नेता भी नहीं बनते। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि विपक्ष के नेता को सदन में रहकर सरकार को राज्य के हित में कुछ सुझाव देना चाहिए था, लेकिन इन लोगों को कोई मतलब नहीं है। बिहार की जनता भी सब देख रही है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर केवल अभद्र बातें करना इन्हीं लोगों का काम रह गया है। आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार लगातार प्रगति कर रहा है। आर्थिक विकास में बिहार ने लंबी छलांग लगाई है। उन्होंने कहा विकास के पैमाने पर जो आंकड़ा आना चाहिए, उन सभी आंकड़ों में बिहार देश के परिप्रेक्ष्य में आगे बढ़ता हुआ दिखाई पड़ रहा है। विपक्ष को इससे कोई मतलब नहीं है।

# 41वां रामकृष्ण परमहंस स्मृति अन्तर्जालीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रामकृष्ण परमहंस महान आध्यात्मिक गुरु, दक्षिणेश्वर काली मंदिर के अद्भुत पुजारी, अद्वैत दर्शन के पुरोधा, स्वामी विवेकानंद को ईश्वर से साक्षात्कार करानेवाले, मानवसेवा ही ईश्वर सेवा के प्रबल समर्थक एवं मां काली अनन्य भक्त थे। ये सभी बातें आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने निरन्तर 41वें महामानव रामकृष्ण परमहंस स्मृति अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व संयुक्त निदेशक (पेंशन) एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के संरक्षक धर्मेंद्रपति त्रिपाठी ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस विलक्षण प्रतिभा सम्पन्न महामानव थे। उनका अद्भुत चरित्र था। मुख्यातिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक डा. मिथिलेश झा ने कहा कि संस्कृत भाषा के लिए निरन्तर 41वां शिविर का संचालन मां काली की कृपा से ही संभव हो रहा है। मुख्य वक्ता गंगा देवी महिला महिला महाविद्यालय पटना एवं अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका प्रो रागिनी वर्मा ने विस्तार से उनके जीवन पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल कुमार चौबे वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा एवं डॉ लीना चौहान, जगत नारायण लाल महाविद्यालय खगौल की संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ अवन्तिका कुमारी, एम एल टी महाविद्यालय सहरसा की संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ दीप्ति कुमारी, महंथ केशव संस्कृत महाविद्यालय फतुहा की डा नीरा कुमारी, मुरलीधर शुक्ल, विमलेश कुमार पांडेय आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# मगही फिल्म निर्माताओं को मुफ्त में मिलेगी ऑनलाइन ट्रेनिंग

## 14 फरवरी को तीन घंटे का दिया जाएगा प्रशिक्षण, आगे भी होगी कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मगही कनेक्शन के तत्वावधान में मगही फिल्म निर्माण के इच्छुक आमजन को मुफ्त में ऑनलाइन ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। बॉलीवुड फिल्म निर्देशक अभिलाष शर्मा सभी लोगों को ऑनलाइन फिल्म निर्माण की बारीकियां सिखाएंगे। मगही फिल्म मेकर्स को बताया जाएगा कि अपनी पहली शॉर्ट फिल्म कैसे बनाएं। 14 फरवरी को शाम छह से नौ बजे तक तीन घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा, आगे भी कार्यशालाएं आयोजित होंगी। इस आशय की जानकारी देते हुए मगही कनेक्शन के संयोजक विजेता चंदेल ने बताया कि फिल्म महोत्सव के तहत चल रही फिल्म निर्माण प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मात्र 20 दिन शेष हैं। यदि कोई व्यक्ति मगही भाषा में फिल्म बनाना चाहते हैं, लेकिन शुरुआत नहीं कर पा रहे तो अभिलाष शर्मा द्वारा आयोजित 3 घंटे की मुफ्त ऑनलाइन वर्कशॉप उनके लिए बेहतरीन अवसर है। यह वर्कशॉप विशेष रूप से उन नवागंतुकों के लिए डिजाइन की गई है जिन्होंने कभी फिल्म नहीं बनाई। इसका उद्देश्य फिल्म मेकिंग के डर को दूर करना और पहली फिल्म को सीखने की प्रक्रिया के रूप में प्रोत्साहित करना है–परफेक्ट फिल्म का दबाव नहीं, बल्कि शुरू करने और पूरा करने की हिम्मत सिखाना है। यह वर्कशॉप मगही फीचर फिल्म 'स्वाहा' के निर्देशक अभिलाष शर्मा द्वारा ली जाएगी जिनका फिल्ममेकिंग का अनुभव राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है। वर्कशॉप पूरी तरह निःशुल्क है। रजिस्ट्रेशन के लिए मगही महोत्सव के सोशल मीडिया पेज पर अपनी सहमति व्यक्त करनी है। मगहीभाषी अभिलाष शर्मा ने बताया कि इस वर्कशॉप में प्रशिक्षणार्थी सीखेंगे कि फिल्म का आइडिया रोजमर्रा की जिंदगी, यादों और भावनात्मक पलों से कैसे निकाला जाए? आइडिया और कहानी के बीच फर्क, सादगी की महत्वता तथा कहानी की शुरुआत-बीच-अंत को कैमरे से कैसे दिखाया जाए, यह सरल तरीके से समझाया जाएगा। इसके बाद शूटिंग-योग्य स्क्रिप्ट लिखना, बेसिक निर्देशन, कम किरदारों-स्थानों में प्रभावी फिल्म बनाना, कैमरा फ्रेमिंग, मूवमेंट और नॉन-एक्टर्स के साथ काम करने के आसान तरीके सिखाए जाएंगे।

# सोनालीका ने लांच की नई गोल्ड सीरीज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सोनालीका ने किसानों के भरोसे के 30 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाते हुए लांच की बिल्कुल नई 'गोल्ड सीरीज, जो ब्रांड की मूल सोच' जब किसान आगे बढ़ता है, देश आगे बढ़ता है' का सशक्त प्रतीक है। सोनालीका की ओर से पेश की गई बिल्कुल नई सोनालीका 'गोल्ड सीरीज' एक प्रभावशाली कदम है जिसमें कंपनी ने दो नए फ्लैगशिप ट्रैक्टर - गोल्ड डीआई 745 और गोल्ड डीआई 55 लॉन्च किए हैं। यह नई ट्रैक्टर सीरीज उन्नत इंजीनियरिंग और बेहतर प्रदर्शन का मिश्रण है जो उद्योग मानकों को नई ऊंचाई देते हुए किसानों को आज के लिए आत्मविश्वास और भविष्य के लिए आश्वासन प्रदान करती है।

# शिव भक्तों की सेवा में तैनात रहेंगे स्वयंसेवक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महाशिवरात्रि के मौके पर बैकुंठधाम गौरीशंकर मंदिर में लाखों शिव भक्त जलाभिषेक के लिए आते हैं। प्रेम यूथ फाउंडेशन के मुख्य स्वयंसेवक दिलीप कुमार ने बताया कि गौरीशंकर मंदिर एशिया में एक मात्र मंदिर है जहां भगवान भोलेनाथ के साथ माता पार्वती साथ हैं और एक बार दर्शन मात्र से 1200 शिव पर जलाभिषेक का पुण्य प्राप्त होता है। गौरी शंकर मंदिर पटना से सटे खुसरूपुर प्रखंड के बैकठपुर पंचायत में स्थापित है जहां कालांतर में बैकुंठवन हुआ करता था। माता पार्वती जिस स्थान से फूल लाती थी वह आज फुलवरिया गांव के नाम से प्रसिद्ध है। भगवान श्री राम जनकपुर जाने के क्रम में यहां पूजा अर्चना किया और गंगा पार जाकर रात्रि विश्राम किया जो आज वैशाली जिला में राघोपुर के नाम से जाना जाता है। भगवान श्री कृष्ण जरासंध वध से पहले पांडवों के साथ पूजा अर्चना कर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। बैकठपुर मंदिर को पर्यटक मानचित्र पर स्थापित करने की जरूरत है।

## केवाइपी भुगतान पर सरकार ने दिखाई सख्ती, 28 फरवरी तक भुगतान अनिवार्य

# लापरवाह अधिकारियों का रोका गया वेतन : आनंद रंजन झा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वैशाली / पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत लंबित भुगतानों को लेकर राज्य सरकार द्वारा जारी सख्त निर्देशों का स्वागत करते हुए केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी, वैशाली के जिलाध्यक्ष आनंद रंजन झा ने कहा है कि यह आदेश प्रशिक्षण केंद्र संचालकों के लंबे संघर्ष का परिणाम है, किंतु इसकी वास्तविक सफलता तभी सुनिश्चित होगी जब इसे जमीनी स्तर पर पूरी ईमानदारी से लागू किया जाए। आनंद रंजन झा ने कहा कि प्रशिक्षण कार्य पूर्ण होने के बावजूद महीनों से भुगतान रोके जाने के कारण राज्य भर के केवाईपी प्रशिक्षण केंद्र गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। इसका सीधा असर केंद्र संचालकों, कर्मचारियों और प्रशिक्षण व्यवस्था पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि इससे बिहार कौशल विकास मिशन की प्रशासनिक कार्यप्रणाली और छवि भी प्रभावित हुई है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किया गया है कि 28 फरवरी 2026 तक सभी लंबित भुगतानों का अनिवार्य रूप से निष्पादन किया जाए। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समय-सीमा में भुगतान नहीं होता है तो संबंधित लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मियों का वेतन रोके जाने जैसी कार्रवाई की जा सकती है। आनंद रंजन झा ने कहा कि विभागीय कार्यालयों को शनिवार के दिन भी खोलने, संबंधित पदाधिकारियों से लिखित प्रमाण पत्र लेने तथा प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने जैसे निर्देश यह संकेत देते हैं कि सरकार अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि जवाबदेही तय करने के मूड में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवाईपी केंद्रों ने सभी नियमों एवं दिशानिर्देशों के अनुरूप प्रशिक्षण कार्य संपन्न किया है, छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए हैं और सभी औपचारिकताएं समय पर पूरी की गई है।

# ग्राम निर्माण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सर्व धर्म प्रार्थना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के श्राद्ध दिवस के अवसर पर बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि और ग्राम निर्माण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सर्व धर्म प्रार्थना, सूत्र यज्ञ व 'खादी वस्त्र नहीं विचार' विषय पर संगोष्ठी गांधी घाट, पटना में प्रभाकर कुमार, अध्यक्ष, बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि / ग्राम निर्माण मंडल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है जिसमें महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और गांधी जी के भजन के साथ सर्वधर्म प्रार्थना किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष, प्रभाकर कुमार ने कहा कि बिहार सरकार पूरे बिहार में खादी के बिक्री पर समान रूप से रिबेट लागू करें, खादी पुनरुद्धार योजना हुबहू लागू हो, खादी संस्थाओं का ऋण माफ किया जाए।

# क्षेत्रीय कार्यालय पटना में राजभाषा की तिमाही बैठक आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इएसआइसी, पटना में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 204वीं बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कार्यालय प्रमुख एवं क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा की गई तथा बैठक का संचालन सहायक निदेशक (राजभाषा) अजीत कुमार शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में कार्यालय में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन पर सार्थक चर्चा की गई तथा इसमें आ रही समस्याओं पर विस्तार से विचार किया गया एवं इसके निराकरण के लिए आवश्यक निर्णय लिये गये। बैठक में राजभाषा नीति से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे - धारा 3(3), राजभाषा नियम 1976 के नियम 3 एवं नियम 5 का अनुपालन, वार्षिक कार्यक्रम 2025-26 एवं जांच बिंदुओं का अनुपालन, शाखा कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति, प्रशिक्षण, कार्यशाला इत्यादि से संबंधित विषयों पर सार्थक चर्चा की गई । एवं अध्यक्ष द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए यथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये। साथ ही श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही शाखाओं/शाखा कार्यालयों की सराहना की गयी तथा जिन शाखाओं/शाखा कार्यालयों का प्रदर्शन लक्ष्यानुरूप नहीं था उन्हें सकारात्मक रूप से लक्ष्य प्राप्ति के हर संभव प्रयास करने की सलाह दी गयी।

## संपादकीय

# सड़क पर खुले गड्ढे, कब तक बेगुनाह जिंदगियां निगलते रहेंगे

दिल्ली के जनकपुरी इलाके में खुले गड्ढे में गिर कर एक मोटरसाइकिल सवार की मौत की घटना ने फिर यही साबित किया है कि सरकार के संबंधित महकमे किस कदर संवेदनहीन और गैरजिम्मेदार हैं। इस बात की कोई फिक्र नहीं दिखती कि अधिकारियों की लापरवाही से किसी की जान तक चली जा रही है।गौरतलब है कि जनकपुरी इलाके में डिस्ट्रिक सेंटर के नजदीक सीवर पाइपलाइन परियोजना के लिए करीब पंद्रह फुट गहरा गड्ढा खोदा गया था, जो खुला था। गुरुवार रात काम के बाद घर लौटते हुए एक पच्चीस वर्षीय युवक उसी गड्ढे में गिर गया और उसकी मौत हो गई। उसके परिजन रात भर उसे खोजते रहे, लेकिन उन्हें सुबह घटना की जानकारी मिली।खबरों के मुताबिक, घटना की जानकारी एक उप-ठेकेदार को रात में मिल गई थी, मगर उसने न तो पुलिस को बताना जरूरी समझा, न ही समय पर आपातकालीन सेवा को सूचित किया। घटना के तूल पकड़ लेने के बाद दिल्ली जल बोर्ड के तीन इंजीनियरों को निलंबित करने और उप-ठेकेदार को गिरफ्तार करने के अलावा गैरइरादतन हत्या की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।मगर अधिकारियों की जिस जानलेवा लापरवाही की वजह से एक व्यक्ति की जान चली गई, वह कब तक एक रिवायत की तरह बनी रहेगी। सड़कों के किनारे खुले गड्ढे या मैनहोल में किसी के गिर जाने से बुरी तरह घायल होने या फिर मौत की यह कोई पहली घटना नहीं है। विचित्र यह है कि जो मामले सुर्खियों में आ जाते हैं, उन पर सरकार कार्रवाई करती दिखती है, मगर थोड़े ही दिनों बाद फिर हर तरफ लापरवाही का आलम छाया दिखता है।सीवर के लिए पाइप लाइन या फिर किसी अन्य कार्य की वजह से बड़े-बड़े गड्ढे खोद तो दिए जाते हैं, लेकिन वहां कोई भी सुरक्षा घेरा और खतरे का संकेतक लगाने की जरूरत नहीं समझी जाती। सिर्फ इसी लापरवाही की वजह से अक्सर सड़क किनारे खुले नाले, गड्ढे या मैनहोल में गिर कर किसी की मौत हो जाती है।सवाल है कि इस तरह की बदस्तूर लापरवाहियों की वजह से होने वाली मौत को हत्या की श्रेणी में क्यों नहीं माना जा सकता। अफसोसनाक यह है कि ऐसी घटनाओं के बावजूद संबंधित महकमे और उनके अधिकारी कोई सबक लेने को तैयार नहीं दिखते।

**लोकसभा में पीएम मोदी का अभिभाषण होना था, उनको धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देना था। इसके लिए पीएम मोदी लोकसभा में पहुंच भी चुके थे। लेकिन उनका अभिभाषण शुरू होने से पहले ही सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। देश में मौजूद गंभीर मुद्दों पर चर्चा और उनके समाधान के प्रयासों के बजाए निहित राजनीतिक स्वार्थों के लिए संसद में दलगत राजनीति भारी पड़ रही है। संसद सत्तारुढ़ और विपक्ष के लिए अखाड़ा बनी हुई है। देश के कर्णधारों को देश की बिगड़ती दिशा–दशा की कोई परवाह नहीं है। दिल्ली अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और अन्य शोधों के अनुसार, वायु प्रदूषण न केवल श्वसन प्रणाली, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। जहरीली हवा के लंबे समय तक संपर्क में रहने से तनाव, चिंता, अवसाद (डिप्रेशन), संज्ञानात्मक हानि और बच्चों में एडीएचडी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, जिसे विशेषज्ञ एक 'मानसिक स्वास्थ्य आपातकाल' मान रहे हैं।**

# समस्याओं के निराकरण के बजाए अखाड़ा बनी संसद

**(योगेंद्र योगी )**

एरोसोल सूक्ष्म कणों पीएम 2.5 और जहरीली गैसों से दिमागी सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव होता है, जो अवसाद और चिड़चिड़ापन पैदा करता है। प्रदूषण के कारण वयस्कों में भावनात्मक थकान, निर्णय लेने की क्षमता में कमी और बच्चों में सीखने में कठिनाई देखी जा रही है। लंबे समय तक प्रदूषित हवा में रहने से अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसे तंत्रिका अपक्षयी विकारों का खतरा बढ़ जाता है। अध्ययन बताते हैं कि पीएम 2.5 के एरोसोल घटक, डिप्रेशन और चिंता से सीधे जुड़े हैं। एम्स की एक अन्य रिसर्च में स्पीच एनालिसिस तकनीक के जरिए डिप्रेशन की पहचान की जा रही है, जो बताता है कि मानसिक स्वास्थ्य पर प्रदूषण का असर कितना गहरा है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्मॉग के दौरान बाहर निकलने से बचें, मास्क का उपयोग करें, घर में एयर प्यूरीफायर लगाएं और तनाव कम करने के लिए योग व स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। इसी तरह इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी की 77वीं वार्षिक राष्टीय कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों ने बताया कि आज भारत में करीब 60 प्रतिशत मानसिक रोग 35 साल से कम उम्र के लोगों में पाए जा रहे हैं। यह आंकड़ा इसलिए चिंताजनक है क्योंकि यही उम्र पढ़ाई पूरी करने, करियर बनाने और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने की होती है। अगर इसी समय मानसिक समस्याएं शुरू हो जाएं और उनका इलाज न हो, तो इसका असर पूरी जिंदगी पर पड़ सकता है। कांफ्रेंस में यह भी बताया गया कि कोविड-19 महामारी, आर्थिक अस्थिरता और बदलती सामाजिक संरचना ने युवाओं के तनाव को और बढ़ा दिया है। महामारी के बाद पढ़ाई, नौकरी और भविष्य को लेकर अनिश्चितता ने चिंता और डिप्रेशन के



मामलों में इजाफा किया है। जिम्मेदार राष्ट सूचकांक-2026 में सिंगापुर पहले स्थान पर काबिज है, वहीं भारत 16वें नंबर पर है। रिपोर्ट में यह आंका गया है कि कोई देश अपने लोगों और पूरी दुनिया के लिए कितना जिम्मेदार है। इस सूची में सिंगापुर को दुनिया का सबसे जिम्मेदार देश घोषित किया गया है। सिंगापुर ने शासन, समाज और पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर काम करके पहला स्थान हासिल किया है। इसी तरह साल 2026 के ग्लोबल सॉफ्ट पावर इंडेक्स में भारत 48.0 के स्कोर के साथ इस फेहरिस्त में 32वें स्थान पर है। यह पिछले साल के मुकाबले दो स्थान नीचे और 1.8 अंक कम है। सॉफ्ट पावर किसी देश की उस क्षमता को कहते हैं, जिसमें वह सैन्य बल के बजाय अपनी संस्कृति और मूल्यों से दूसरे देशों को प्रभावित करता है। विश्व रैकिंग में भारत का स्थान और घरेलू आतंरिक चुनौतियों पर चर्चा और इनके समाधान के बजाए सबसे बड़ा लोकतांत्रिक मंच संसद तमाशा बनी हुई है। सांसद देश की वास्तविक समस्याओं पर चर्चा करने के बजाए गरिमा को तार–तार करने में लगे हुए हैं। संसद के मौजूदा सत्र में लोकसभा में भारी हंगामे के दौरान कुछ सांसदों ने स्पीकर के आसन की ओर कागज फेंके, जिसके बाद उन्हें सत्र की बाकी अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव पर हुई, जिसे सदन ने मंजूर कर लिया। दरअसल, राहुल गांधी को बोलने से रोके जाने पर विपक्षी दल भड़क गए थे और हंगामा शुरू कर दिया था। इस मामले में कुल आठ सांसदों पर कार्रवाई हुई और उन्हें निलंबित कर दिया गया। लोकसभा में पीएम मोदी का अभिभाषण होना था, उनको धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देना था। इसके लिए पीएम मोदी लोकसभा में पहुंच भी चुके थे। लेकिन उनका अभिभाषण शुरू होने से पहले ही सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। भारत- यूएस ट्रेड डील पर केंद्रीय वाणिज्?य मंत्री पीयूष गोयल ने सरकार का पक्ष रखना शुरू किया था, तो विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया था। पीयूष गोयल ने इस दौरान कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील पर कहा कि इसमें किसानों के हितों को सुरक्षित रक्षा गया है। इससे पहले राहुल गांधी आज फिर संसद में पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की वो किताब लेकर पहुंचे। लोकसभा में लगातार हंगामा होता रहा। यही वजह है देश के युवा और उद्यमियों का लगातार भारत से मोह भंग हो रहा है। पिछले साल 2024 में भारत के दो लाख से भी ज्यादा अमीर लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ दी। भारत छोड़कर विदेशों में बसने का चलन साल दर साल लगातार बढ़ रहा है। भारत की लाइफस्टाइल और यहां की आबो-हवा पसंद नहीं आ रही है, लेकिन उनको विदेशी धरती की लाइफस्टाइल ज्यादा लुभावनी और सुरक्षित लग रही है। साल 2024 में 2 लाख 6 हजार लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी। साल 2023 में 2 लाख 16 हजार 219 लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि शिक्षा और नौकरियों के सीमित अवसर, सामाजिक असमानता और राजनीतिक माहौल लोगों को देश छोड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। देश के बजाए निहित राजनीतिक हितों को प्राथमिकता देने से समस्याओं का अंबार कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले कि हालात बेकाबू हों देश के कर्णधार जिम्मेदारी का एहसास करें और समस्याओं के निदान में गंभीरता दिखाएं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# रोमांस, ब्रेकअप और रियलिटी- दशकों के साथ बदला बॉलीवुड में लव स्टोरी का चलन

**(गुंजन शर्मा)**

फिल्मों में बदलते प्यार के चलन को अलग-अलग दौर में कैसे दर्शाया गया, ये हमने इस खबर में बताया है। हर दशक के साथ प्यार की परिभाषा बदलती गई और अब ये जुनून में बदल चुकी है।

हाल ही में धनुष और कृति सेनन की फिल्म 'तेरे इश्क में' काफी चर्चा में रही। वैसे तो ये एक रोमांटिक ड्रामा जॉनर की फिल्म बताई गई, लेकिन जिसने भी इसे देखा वो इस उलझन में पड़ गया कि आखिर ये कैसा प्यार है? दर्शकों को ये समझ ही नहीं आया कि अगर लड़की, लड़के से प्यार करती थी तो उसे ये बात समय रहते क्यों नहीं पता चली? लड़का, उस लड़की के प्यार में इतना दीवाना हो गया कि उसने अपने पिता के जीते जी उसकी तकलीफ को नहीं समझा? लड़की प्यार में रहते हुए किसी और के साथ शादी करके अपने पति का बच्चा किस हक से लड़के को सौंपने आई? कुल मिलाकर इस फिल्म ने सबको कन्फ्यूज कर दिया और इसे लेकर तरह-तरह के मीम बनने लगे और लोग इस फिल्म पर सवाल उठाने लगे कि 'ये कैसा इश्क'?

दशकों से हिंदी सिनेमा ने प्यार को अलग-अलग तरीके से पेश किया गया है। कभी ये प्यार त्याग और बलिदान का प्रतीक रहा, कभी एक तरफा और मासूम रहा तो कभी जुनून भरा बन गया। समय के साथ समाज बदला, फैशन बदला, चलन बदला यहां तक की रिश्तों की समझ तक बदल गई और उसी के साथ बदलती गई फिल्मों में प्यार की कहानी। अगर आज हम पीछे मुड़कर देखें तो समझ आता है कि बॉलीवुड की लव स्टोरीज भारतीय समाज के इतिहास की दर्शाती रही हैं।इस दौर की लव स्टोरी सामाजिक मर्यादाओं और नैतिक मूल्यों के बारे में हुआ करती थीं। पुरानी फिल्मों में दिखाया जाता था कि प्यार अपनी भावनाओं से ज्यादा समाज औ समाज की जिम्मेदारियों के आगे झुक जाता था। इसका सबसे बड़ा उदाहरण मुग़ल-ए-आज़म फिल्म थी, जिसमें सलीम और अनारकली का प्यार सत्ता से टकराता है और हमेशा के लिए अमर हो जाता है। इसके अलावा 'देवदास' भी इसका बड़ा उदाहरण है।

इस समय तक समाज में बदलाव शुरू हो चुका था और सिनेमा भी वास्तविक्ता दिखाई जाने लगी। प्रेम अब सिर्फ सपनों की दुनिया तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसमें दर्द, अकेलापन और संघर्ष भी जुड़ने गया। इसका बड़ा उदाहरण कमल हासन और श्रीदेवी की फिल्म 'सदमा' थी, जिसमें रोमांटिक रिश्ता नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव और निस्वार्थ सेवा दिखाई गई है। ये वो दौर था जब प्यार हमेशा हासिल करना मुश्किल होने लगा। ये वो दौर था, जिसे बॉलीवुड का सबसे रोमांटिक दौर माना जाता है। इस दशक में प्यार के साथ-साथ फिल्मों में रोमांस को भी जगह मिलने लगी और हर फिल्म का अंत खुशहाल होने लगा। उस दौर में आई 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' आज भी बेस्ट रोमांटिक फिल्म मानी जाती है। इस फिल्म का रियल लाइफ कपल्स पर भी काफी गहरा असर पड़ा था और उन्होंने घरवालों के सामने अपने प्यार को स्वीकार करना शुरू कर दिया था। लेकिन ये ही वो दौर था जब 'डर' जैसी फिल्में भी आईं, जिसमें प्यार में दीवानापन भी दिखाया गया। 2000 शुरू होते ही बॉलीवुड में एक और नया चलन शुरू हो गया। अब वो दौर था जब मॉर्डन लव दिखाया जाने लगा, इसमें रिश्तों में प्यार के अलावा करियर, आत्मनिर्भरता और असुरक्षा जैसे मुद्दे भी दिखाए जाने लगे। इसके उदाहरण में 'लव आज कल' जैसी फिल्में शामिल हो गईं। इस दौर में ब्रेकअप को भी उतनी ही गंभीरता से दिखाया गया जितना रोमांस को। 2010 के बाद से बॉलीवुड में प्यार थोड़ा मुश्किल दिखाया जाने लगा। अब कहानियां परफेक्ट जोड़ों की नहीं, बल्कि अधूरे रिश्तों की दिखाई जाने लगीं। कई फिल्मों में प्यार ऐसा दिखाया गया, जिसमें प्यार में पड़ा एक पार्टनर खुद को समझने के चक्कर में रिश्ते को ही खराब कर देता है। इनमें 'तमाशा' फिल्म बड़ा उदाहरण है, जिसमें रणबीर सिंह और दीपिका पादुकोण खुद की पहचान छिपाकर मिलते हैं और प्यार में पड़ जाते हैं। मगर जब वो एक दूसरे की सच्चाई से वाखिफ होते हैं तो चीजें खराब होने लगती हैं। हालांकि इस फिल्म का अंत अच्छा है। इस दौर में दिखाया गया कि प्यार हमेशा सही नहीं होता, लेकिन सच्चा हो सकता है। फिर आता है ये दौर जब 'तेरे इश्क में' जैसी फिल्में आ रही हैं। अब इसके बाद शाहिद कपूर की 'रोमियो' भी आने वाली है, जो बदले की भावना से प्रेरित एक प्रेम कहानी पर आधारित है। जिसमें एक गैंगस्टर एक महिला को उसके पति की हत्या के बाद दाऊद इब्राहिम को मारने की साजिश रचने में मदद करता है।

# कृषि उपज के लिए बाजार को खोलना यानी बवंडर को निमंत्रण

**भारतीय किसानों के आशंकित होने की वजह रोलिंग्स का बयान ही नहीं, अमेरिकी कृषि विभाग की कोशिशें भी हैं। रोलिंग्स ने व्यापार समझौते पर तीन फरवरी को एक्स पर खुशी जताते हुए लिखा कि यह समझौता अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत के विशाल बाजार में अधिक निर्यात करने में मदद करेगा, जिससे अमेरिकी कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ेंगी। इसमें दो राय नहीं है कि संयुक्त राज्य अमेरिका बरसों से भारतीय कृषि बाजार में बड़ी और व्यापक पहुंच हासिल करने की कोशिश में है। हाल ही में अमेरिका के साथ भारत ने महत्वपूर्ण व्यापार समझौता किया है।**

**(उमेश चतुर्वेदी)**

अमेरिकी बाजारों में भारतीय सामान 18 प्रतिशत के ही टैरिफ पर उपलब्ध हो सकेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय सामानों पर मनमाने तरीके से थोपे गए पचास प्रतिशत के टैरिफ के मुकाबले मौजूदा व्यापार समझौते के तहत अमेरिका की ओर से प्रस्तावित 18 प्रतिशत का टैरिफ कम ही कहा जाएगा। हालांकि अतीत के करीब तीन प्रतिशत के मुकाबले फिर भी यह बहुत ज्यादा है। बहरहाल इसी समझौते के मद्देनजर जिस तरह से अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रुक लेस्ली रोलिंग्स ने खुशी जताई, उससे भारतीय किसान आशंकित हो उठे।भारतीय किसानों के आशंकित होने की वजह रोलिंग्स का बयान ही नहीं, अमेरिकी कृषि विभाग की कोशिशें भी हैं। रोलिंग्स ने व्यापार समझौते पर तीन फरवरी को एक्स पर खुशी जताते हुए लिखा कि यह समझौता अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत के विशाल बाजार में अधिक निर्यात करने में मदद करेगा, जिससे अमेरिकी कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ेंगी। इससे ग्रामीण अमेरिका में नकदी आएगी। रोलिंग्स यहीं पर नहीं रूके। उन्होंने सिर्फ 2024 के आंकड़ों का हवाला देते हुए लिखा कि भारत के साथ कृषि कारोबार के चलते अमेरिका को 1.3 अरब डॉलर का घाटा हो रहा है। रोलिंग्स ने उम्मीद जताई कि नए व्यापार समझौते की वजह से विशाल आबादी वाला भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए महत्वपूर्ण बाजार हो सकता है।

रोलिंग्स की इस खुशी की वजह से भारतीय किसानों का आशंकित होना जायज है। अमेरिका का कृषि व्यापार घाटा पचास अरब डॉलर है, इसलिए वह लगातार कोशिश करता रहा है कि भारत अपने कृषि बाजारों को खोले। भारत की चिंता की वजह उसकी खेती-किसानी वाली बड़ी जनसंख्या है। भारत के छियासी प्रतिशत किसान सीमांत या लघु हैं। जिनकी जोत दो हेक्टेयर से कम है। भारत में खेती पर करीब 10.7 करोड़ परिवार निर्भर हैं। यह जनसंख्या का करीब बासठ प्रतिशत है। अगर अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजारों में घुसने की अनुमति मिलती है तो भारी सब्सिडी के चलते भारतीय बाजार अमेरिकी कृषि उत्पादों से भर जाएंगे। इससे भारतीय उत्पादों की मांग घट सकती है। इससे भारतीय किसानों के सामने संकट उठ खड़ा हो सकता है।

किसानों की आशंकाओं को विपक्षी दलों ने अपने ऊंचे सुरों से और बढ़ाया ही है। लेकिन कृषि, किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह का कहना है कि भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते में भारतीय कृषि और डेयरी क्षेत्र के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया गया है और किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं। चौहान का यह भी कहना है कि इस कारोबारी समझौते से देश के मुख्य खाद्यान्नों, मिलेट्स, फलों,सब्ज़ियों और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह अलग रखा गया है। इस लिहाज से देखें तो इस कारोबार समझौते से देश के कृषि और डेयरी क्षेत्र पर किसी प्रकार का खतरा नहीं है। शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक, इस समझौते से भारतीय किसानों को नए अवसर मिलेंगे,क्योंकि इस समझौते में कृषि क्षेत्र को नुकसान पहुंचाए, ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया है। भारत अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों को चावल का बड़ा निर्यातक है। हालिया आंकड़ों के अनुसार, भारत की ओर से अमेरिका समेत कई देशों को करीब 63 हजार करोड़ के चावल का निर्यात कर चुका है। भारत सरकार का दावा है कि नए टैरिफ समझौते से भारतीय किसानों के चावल और मसालों के साथ ही टेक्सटाइल का निर्यात बढ़ेगा।



भारत-अमेरिकी समझौते के तहत भारत को अमेरिका से पांच सौ अरब डॉलर का सामान पांच सालों में खरीदना है। वैसे समझौते पर जो संयुक्त वक्तव्य जारी हुआ है, उसके तहत भारतीय कृषि बाजार को भी खोलने की बात कही गई है। लेकिन सरकारी सूत्रों का कहना है कि इस समझौते से, भारतीय चावल, गेहूं, सोया और मक्का जैसे अनाजों को बाहर रखा गया है और साथ ही ट्रेड डील से चीनी और डेयरी प्रोडक्ट्स भी बाहर हैं। ऐसा करने की वजह यह है कि भारतीय किसान और डेयरी उद्योग को कारोबारी परेशानियां न झेलनीं पड़ें। वैसे भी भारत लंबे समय से कृषि और डेयरी उद्योग को 'रेड-लाइन' यानी किनारे रखने वाला सेक्टर मानता रहा है। इसकी वजह है कि गांवों में इनसे जुड़े काफी रोजगार हैं। इन सेक्टर को खोलने को लेकर भारत की बातचीत यूरोप और ब्रिटेन से भी अटक चुकी है। ऐसे में अमेरिका के लिए इस बाजार को खोलना भारतीय किसानों के लिए नुकसानदायक तो होगा ही, राजनीतिक बवंडर की वजह भी बन सकता है। इस बवंडर का सामना करने की हिम्मत विरली राजनीतिक ताकतें ही कर सकती हैं। इस समझौते से भारतीय निर्यातकों, खासतौर पर एमएसएमई, किसानों और मछुआरों के लिए तीन लाख अरब अमेरिकी डॉलर का बड़ा बाजार खुलने की उम्मीद है। इसकी वजह से जो निर्यात बढ़ेगा, उससे महिलाओं और युवाओं के लिए लाखों नए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना जताई जा रही है। भारत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, मुर्गी पालन, दूध, पनीर, एथनॉल, तंबाकू, सब्जियां और मांस सहित संवेदनशील कृषि और दुग्ध उत्पादों को पूर्ण रूप से संरक्षित करेगा। दोनों देश अपने-अपने हित वाले क्षेत्रों में एक-दूसरे को तरजीही बाजार पहुंच प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में भारत ने अमेरिका से 2.4 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद आयात किए थे, जिनमें ज्यादातर ताजे फल, सूखे मेवे, बादाम, अखरोट मादक पेय, कच्चा कपास, वनस्पति तेल और प्रोसेस्ड सामान हैं। दूसरी तरफ भारत ने अमेरिका को 6.2 अरब डॉलर का कृषि निर्यात किया, जिनमें समुद्री उत्पाद, मसाले, डेयरी उत्पाद, चावल, जड़ी-बूटियों के आयुर्वेदिक उत्पाद प्रमुख रहे। यह भारत के कुल 53.2 अरब डॉलर सालाना के कृषि निर्यात का 11.74 प्रतिशत है। कृषि और डेयरी उत्पाद के कारोबार के इसी असुंलन की वजह से अमेरिका भारतीय बाजार में घुसने की लगातार कोशिश कर रहा है। लेकिन भारतीय सूत्र इससे साफ इनकार कर रहे हैं। भारत के सामने संकट यह है कि अगर उसने इस क्षेत्र को खोला तो छोटे और सीमांत किसानों के सामने जो चुनौतियां खड़ी होंगी, उनसे वह कैसे निबट पाएगा। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## नई ऊंचाई पर पहुंच गए दाम

# लेंसकार्ट सॉल्यूशंस का करीब 70 गुना बढ़ा मुनाफा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** लेंसकार्ट सॉल्यूशंस के शेयर गुरुवार को नई ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। लेंसकार्ट सॉल्यूशंस के शेयर गुरुवार को क्स्श्व में 13 पर्सेंट की तेजी के साथ 526.35 रुपये पर जा पहुंचे हैं। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बंपर मुनाफे के बाद कंपनी के शेयरों में यह तूफानी तेजी आई है। तीसरी तिमाही में लेंसकार्ट सॉल्यूशंस का मुनाफा सालाना आधार पर करीब 70 गुना बढ़ा है। विदेशी ब्रोकरेज हाउस जेफरीज ने लेंसकार्ट सॉल्यूशंस के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। लेंसकार्ट सॉल्यूशंस का कंसॉलिडेटेड मुनाफा सालाना आधार पर 6983 पर्सेंट बढ़ा है। कंपनी को चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 131.02 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी को 1.85 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में लेंसकार्ट का रेवेन्यू सालाना आधार पर 38 पर्सेंट बढ़कर 2308 करोड़ रुपये पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2025 की दिसंबर तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 1669 करोड़ रुपये था। 10 नवंबर 2025 को लिस्टिंग के बाद से लेंसकार्ट सॉल्यूशंस का यह दूसरी तिमाही अनाउंसमेंट है। ब्रोकरेज हाउस जेफरीज ने लेंसकार्ट सॉल्यूशंस के शेयरों पर बाय रेटिंग बनाए रखी है। विदेशी ब्रोकरेज हाउस जेफरीज ने कंपनी के शेयरों के लिए 575 रुपये का टारगेट दिया है। जेफरीज ने पहले लेंसकार्ट के शेयरों के लिए 520 रुपये का टारगेट दिया था। ब्रोकरेज हाउस जेएम फाइनेंशियल ने भी लेंसकार्ट सॉल्यूशंस पर अपनी बाय रेटिंग बनाए रखी है।

## यूपी से बिहार तक औद्योगिक स्मार्ट सिटी की सभी बाधाएं दूर, निर्माण कार्य शुरू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** औद्योगिक विकास के लिहाज से विकसित किए जा रहे 12 औद्योगिक स्मार्ट सिटी का निर्माण कार्य गति पकड़ रहा है। औद्योगिक शहरों के विकास से जुड़ी सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। करीब डेढ़ वर्ष की लंबी प्रक्रिया के बाद जमीन अधिग्रहण और निर्माण के लिए कंपनियों को चिन्हित करने जैसे कार्य पूरे कर लिए गए हैं। नौ सिटी को विकसित किए जाने का काम भी शुरू हो गया है, जिसमें यूपी में आगरा, प्रयागराज, बिहार में गया जी और उत्तराखंड के खुरपिया (उधम सिंह नगर) का औद्योगिक स्मार्ट सिटी शामिल हैं। शेष औद्योगिक सिटी का विकसित किए जाने का काम जल्द शुरू होने जा रहा है। ये शहर नए हैं लेकिन कुछ औद्योगिक शहरों के आसपास बनाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम ने दिसंबर 2027 तक पहले चरण में 12 औद्योगिक सिटी में 26 हजार एकड़ का क्षेत्र विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इसी को ध्यान में रखकर औद्योगिक सिटी के अंदर सड़क, सीवर, बिजली, वेयरहाउस से लेकर मुख्य मार्गों से जोड़ने जैसी सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। यह सुनियोजित शहरी क्षेत्र आधुनिक तकनीक प्लग-एंड-प्ले जैसे बुनियादी ढांचे और डेटा-आधारित प्रणालियों से विनिर्माण को बढ़ावा देगा। एनआईसीडीसी के सीईओ और एमडी रजत कुमार सैनी का कहना है कि औद्योगिक स्मार्ट सिटी देश में विनिर्माण कार्य को गति देंगे। एक निर्धारित शुल्क पर उद्योग लगाने के लिए प्लॉट का आवंटन किया जाएगा। जमीन का मूल्य और निर्माण पर आने वाली कुल लागत को जोड़कर कीमत निर्धारित की जाएगी। इससे उद्यमियों को नए उद्योगों को लगाने पर भारी रकम खर्च नहीं करनी पड़ेगी। प्लॉट आवंटित होने के बाद अपना उद्योग लगाकर उत्पादन शुरू कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें अलग से कोई खास मंजूरी नहीं लेनी होगी। एनआईसीडीसी के सीईओ कहते हैं कि भारत ने बीते कुछ वर्षों में मुक्त व्यापार समझौतों पर तेजी से काम किया है। औद्योगिक सिटी विकसित होने के बाद व्यापार समझौतों की मदद से हमें विदेशी निवेश को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। कई विदेशी कंपनियां पहले से उद्योग लगाने के प्रति इच्छा जता चुकी है लेकिन असल मायने में पांच से सात साल में औद्योगिक सिटी में बड़े निवेश दिखाई देंगे। जब औद्योगिक सिटी पूरी तरह से विकसित होंगी। अब जैसे-जैसे औद्योगिक सिटी को विकसित करने का काम आगे बढ़ेगा तो वहां पर उद्योगों के लिए जमीन का आवंटन शुरू कर दिया जाएगा।

## आईपीओ में नया रिकॉर्ड संभव

# चुनौतियों के बीच कंपनियां जुटा सकती हैं 2.50 लाख करोड़

### 5345 करोड़ रुपये रहा ट्रेंट का रेवेन्यू, 50 प्रतिशत से ज्यादा टूट गए हैं ट्रेंट के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक अनिश्चितता, देशों के बीच व्यापार समझौतों को लेकर हो रही देरी और भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारतीय बाजार में कंपनियां इस साल आईपीओ से रिकॉर्ड रकम जुटा सकती हैं। विश्लेषकों का अनुमान है कि कंपनियां 2026 में निर्गम से 2.50 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा जुटाएंगी, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 1.75 लाख करोड़ था।

अनिश्चितताओं के बावजूद इस साल जनवरी से अब तक पांच कंपनियों ने आईपीओ से 8,806 करोड़ रुपये जुटाए हैं। पिछले साल की समान अवधि में 7 कंपनियों ने 6,113 करोड़ रुपये जुटाए थे। इस साल अब तक बड़े निर्गम में फ्रैक्टल ने 2,833 करोड़, शैडोफाक्स ने 1,907 करोड़, अमागी मीडिया ने 1,788 करोड़ और भारत कोकिंग ने 1,068 करोड़ जुटाए हैं।

विश्लेषकों के मुताबिक, 2025 में स्टार्टअप आईपीओ के रिकॉर्ड प्रदर्शन के बाद 2026 में नई पीढ़ी की तकनीकी कंपनियों के सार्वजनिक लिस्टिंग की ओर बढ़ने की गति और भी मजबूत दिखाई दे रही है। 20 स्टार्टअप पहले ही भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष मसौदा दाखिल कर चुके हैं, जबकि 24 अन्य स्टार्टअप अपने आईपीओ योजनाओं को अंतिम रूप देने के विभिन्न चरणों में हैं। हालांकि, 2026 में स्थिति में




बदलाव आने की संभावना है, क्योंकि सार्वजनिक बाजार के निवेशक नई पीढ़ी की तकनीकी कंपनियों में निवेश करते समय मजबूत बुनियादी बातों, लाभप्रदता और कम नकदी खपत को प्राथमिकता देंगे। लिस्टिंग के बाद अच्छा प्रदर्शन वेंचर निवेशकों और बैंकरों ने चेतावनी दी है कि पिछले साल की गति को बनाए रखना बाजार स्थितियों के साथ-साथ घाटे में चल रहे या हाल ही में लाभ कमाने वाले तकनीकी व्यवसायों के प्रति निवेशकों की रुचि पर निर्भर करेगा। विश्लेषकों के मुताबिक, 2025 में नई पीढ़ी की कंपनियों का लिस्टिंग के बाद प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है, जो सार्वजनिक बाजार के निवेशकों के लिए ठोस रिटर्न का संकेत देता है। ऐसे में यह क्षेत्र अधिक परिपक्व माना जा रहा है। बड़े निवेशकों की पकड़ बड़े घरेलू और विदेशी संस्थान आईपीओ पोर्टफोलियो में मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं। बीमा कंपनियों और पेंशन फंडों की भागीदारी बढ़ रही है।

### 50,000 करोड़ जुटाएंगी नईपीढ़ी की कंपनियां

2026 में सूचीबद्ध होने की योजना बना रही नई पीढ़ी की कंपनियों की सूची पिछले साल की तरह ही भीड़भाड़ वाली होगी।ये कंपनियां करीब 50,000 करोड़ जुटा सकती हैं। इनमें फोनपे 13,500 करोड़, जेप्टो 12,000 करोड़, ओयो 6,650 करोड़, शिपरॉकेट 2,342 करोड़ और बोट 1,500 करोड़ जुटाएंगी। स्टार्टअप कंपनियों ने पिछले साल 35,600 करोड़ रुपये थे। इनमें प्रमुख रूप से लेंसकार्ट 7,278 करोड़, ग्रो 6,632 करोड़ रुपये, मीशो 5,421 करोड़, पाइन लैब 3,900 करोड़ और फिजिक्सवाला ने 3,820 करोड़ रुपये जुटाए थे।

## रामदेव की कंपनी के मुनाफे में उछाल

- योगगुरु रामदेव की कंपनी- पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** योगगुरु रामदेव की कंपनी- पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा 60 प्रतिशत बढ़कर 593.44 करोड़ रुपये हो गया। पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 370.88 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। तिमाही के दौरान कंपनी की आय बढ़कर 10,541.12 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 9,020.38 करोड़ रुपये थी। इस तिमाही नतीजे के बाद अब कंपनी के शेयर गुरुवार को फोकस में रहेंगे। शेयर अभी 522 रुपये पर है। यह 480.70 रुपये के 52 वीक लो से रिकवरी के ट्रैक पर है। बता दें कि इसी फरवरी महीने में शेयर ने 52 वीक लो को टच किया था।

कंपनी के खाद्य, घरेलू और पर्सनल केयर उत्पादों सहित एफएमसीजी सेगमेंट ने 3,248.35 करोड़ की संयुक्त बिक्री दर्ज की, जो वार्षिक आधार पर 38.93 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 12.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दिखाता है। खाद्य तेल सेगमेंट ने 7,335.71 करोड़ का राजस्व अर्जित किया, जो वार्षिक आधार पर 8.98 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 5.22 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में कंपनी का



निर्यात राजस्व 64.71 करोड़ रहा जबकि नौ महीनों का निर्यात राजस्व 155.74 करोड़ था और इसने 36 देशों में सामान डिलीवर किए। विंड टरबाइन जेनरेशन ने इस तिमाही में 4.27 करोड़ का राजस्व अर्जित किया। दिसंबर तिमाही के दौरान पाम ऑयल की कीमतों में सालाना आधार पर 12.63 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 3.7 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि पाम ऑयल का आयात 20 प्रतिशत कम हुआ और सोयाबीन तेल का आयात 20.23 प्रतिशत बढ़ा। सब्जियों और ईंधन की कीमतों में गिरावट और अनुकूल आधार प्रभाव के कारण मुद्रास्फीति में नरमी आई। बता दें कि पतंजलि फूड्स मुख्य रूप से खाद्य तेल बनाने वाली कंपनी है।

# बीमा उद्योग की कमीशन पर लगाम लगाने की तैयारी

## 2025 में 60800 करोड़ से अधिक का हुआ पेमेंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीमा नियामक इरडा ने बीमा कंपनियों के प्रमुखों के सामने गलत तरीके, झूठे वायदों के आधार पर बीमा पॉलिसी बेचने पर चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक, उनकी बैठक में जीवन बीमा कंपनियों ने स्थगित कमीशन भुगतान मॉडल का सुझाव दिया है। इसमें एजेंट को पूरा कमीशन एक साथ नहीं, बल्कि पॉलिसी की पूरी अवधि के दौरान दिया जाएगा।

बताया जा रहा है इन सुझावों में कॉरपोरेट एजेंट्स के लिए पांच साल और व्यक्तिगत एजेंट्स के लिए तीन साल का प्रस्ताव दिया गया है। इसका मकसद साफ है, बीमा पॉलिसी के गलत बिक्री रोकना, कंपनियों का खर्च घटाना और ग्राहकों को सस्ता, टिकाऊ बीमा देना। वैसे खास बात यह है कि हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक और आर्थिक सर्वेक्षण में भी ऊंचे कमीशन पर सवाल उठाए गए थे।

**बदलाव की जरूरत क्यों पड़ रही:** एजेंट को पहले साल ही बहुत ज्यादा कमीशन मिल जाता है। इसी कारण से कई बार गलत पॉलिसी बेच दी जाती है। इससे बीमा कंपनियों का खर्च भी बढ़ जाता है।कई पॉलिसियां बीच में ही बंद हो जाती हैं। इरडा कमीशन को पॉलिसी की उम्र से जोड़ना चाहता है ताकि एजेंट जिम्मेदार बनें और



ग्राहक को सस्ता, टिकाऊ बीमा मिले।

डिफर्ड कमीशन का मतलब ये है कि बीमा एजेंट को पूरा कमीशन एक साथ नहीं मिलता, कमीशन पॉलिसी के साथ-साथ सालों में किस्तों में दिया जाता है। इससे एजेंट पॉलिसी को चालू रखने और ग्राहक की सेवा करने में ज्यादा रुचि लेता है। पॉलिसी जितने लंबे समय तक चलेगी, एजेंट को उतना ही कमीशन मिलता रहेगा। शुरुआती सालों में थोड़ा ज्यादा और बाद के सालों में थोड़ा कम, लेकिन लगातार मिलता रहेगा। कमीशन भुगतान में यह अप्रत्याशित उछाल भारतीय बीमा सेक्टर के लिए बड़े जोखिम पैदा कर रहा है। कंपनियों का यह तर्क कि डिस्ट्रीब्यूशन मॉडल के विकास के लिए उच्च कमीशन आवश्यक है। कमीशन पर कड़े और एकसमान सीमा लगाने से एजेंसी-आधारित नेटवर्क और बैंकएश्योरेंस पार्टनरशिप जैसे स्थापित डिस्ट्रीब्यूशन चैनलों को गंभीर झटका लग सकता है, जो बाजार तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण हैं। दोनों के लिए बिजनेस की मात्रा कम हो सकती है, जो बाजार को प्रभावित कर सकता है। इसके अलावा, पारंपरिक उत्पादों पर 60-70 प्रतिशत तक पहुंचने वाले अग्रिम कमीशन, गलत बिक्री और पॉलिसीधारकों के मूल्य के कमी की चिंताएं बढ़ाते हैं।

### 60,800 करोड़ रुपये से अधिक कमीशन भुगतान

इरडा और बीमा कंपनियों के प्रमुखों की यह मुलाकात बीमा कंपनियों के कमीशन भुगतान से जुड़े बढ़ते खर्चों और नियामिकीय सीमाओं को लेकर हो हुई थी। बताया जा रहा है कि इस बैठक का आधार वित्त वर्ष 2025 में, जीवन बीमा कंपनियों के कमीशन भुगतान 60,800 करोड़ रुपये से अधिक रहना था। जबकि साधारण बीमा कंपनियों के माले में यह भुगतान आंकड़ा 47,000 करोड़ रुपये के पार चला गया। इन बढ़ते खर्चों के चलते कई कंपनियां अपने प्रबंधन खर्च की सीमा को पार कर चुकी हैं। इस स्थिति को देखते हुए बीमा नियामक नए नियमों लाने पर विचार कर रहा है। ये नियम अगले कुछ महीनों में जारी किए जा सकते हैं। पिछले एक दशक में पॉलिसी की संख्या में ठहराव के बावजूद खर्चों में लगभग 9.4 प्रतिशत सालाना की वृद्धि हुई है।

# दिल्ली से 10 रुपये महंगा है पश्चिम बंगाल में पेट्रोल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुकाबले पश्चिम बंगाल में एक लीटर पेट्रोल की कीमत करीब 10 रुपये अधिक है। आज दिल्ली में पेट्रोल 94.77 और डीजल 87.67 प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, कोलकाता में 104.99 लीटर पेट्रोल बिक रहा है। जबकि, डीजल 91.81 रुपये लीटर। आज पश्चिम बंगाल और दिल्ली के पेट्रोल-डीजल की तुलना इसलिए हो रही है, क्योंकि बुधवार को संसद में बजट पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्ष के दावों पर सवाल उठाए। वित्त मंत्री ने पूछा कि अगर बंगाल सरकार को आम आदमी की इतनी ही चिंता है, तो कोलकाता में पेट्रोल की कीमत दिल्ली से 10-11 ज्यादा क्यों है

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को केंद्र पर आरोप लगाने के बजाय वैट कम करके जनता को राहत देनी चाहिए। अभी पश्चिम बंगाल में पेट्रोल-डीजल पर 25 प्रतिशत वैट लगाया जाता है।

पश्चिम बंगाल में सबसे महंगा डीजल वाला शहर कूचबिहार है डीजल सबसे महंगा है, जहां कीमत 92.87 प्रति लीटर है। वहीं, इस प्रदेश में सबसे सस्ता डीजल वाला शहरतामलुक है, जहां यह 91.41 प्रति लीटर उपलब्ध है। अलीपुर में पेट्रोल 104.99 प्रति लीटर, बहरामपुर में 106.12, बांकुड़ा में 105.19, बारासात में 105.24, वर्धमान में 105.33, कूचबिहार में 106.14, हुगली में 105.52, हावड़ा में 104.99, कोलकाता में 104.99, कृष्णानगर में 106.07, मेदिनीपुर में 105.37, पुरुलिया में 106.05, रायगंज में 105.36, सूरी में 105.43 और तामलुक में 104.61 प्रति लीटर है। सभी शहरों में कीमतों में कोई बदलाव




नहीं हुआ है।

पेट्रोल की सबसे ऊंची कीमत- देश में पेट्रोल की सबसे ऊंची कीमत 123.46 प्रति लीटर थी, जो 6 अप्रैल 2022 को परभणी में दर्ज की गई थी। भारत में पेट्रोल का सबसे कम मूल्य- भारत में पेट्रोल की सबसे निचली कीमत 23.1 प्रति लीटर थी, जो 1 मार्च 2003 को दिल्ली में थी। वर्ष 2025 में पेट्रोल का उच्चतम मूल्य- वर्ष 2025 में भारत में पेट्रोल की सबसे अधिक कीमत 113.3 प्रति लीटर रही, जो 2 जनवरी 2024 को गंगानगर में दर्ज हुई। वर्ष 2025 में पेट्रोल का न्यूनतम मूल्य- वर्ष 2025 में भारत में पेट्रोल की सबसे कम कीमत 82.42 प्रति लीटर थी।

### दिल्ली में पेट्रोल-डीजल पर कितना टैक्स

दिल्ली में इंडियन ऑयल के पंपों पर पेट्रोल की आज रिटेल कीमत 94.77 प्रति लीटर है। इस कीमत का मुख्य आधार तेल कंपनियों द्वारा तय बेस प्राइस और एक्साइज ड्यूटी के साथ 74.97 है।डीलर कमीशन 4.40 जुड़ता है। सबसे ऊपर, दिल्ली सरकार का वीएटी 15.40 लगाया जाता है, जिसके योग से यह कीमत 94.77 बनती है। इसी तरह, दिल्ली में डीजल का खुदरा मूल्य 87.67 प्रति लीटर है, जो 71.81 के बेस प्राइस प्लस एक्साइज ड्यूटी और 3.03 के डीलर कमीशन और 12.83 के वीएटी को जोड़ने के बाद बनता है। आज कच्चे तेल में तेजी पर कीमतों में कोई बदलाव नहीं कच्चे तेल की कीमत में तेजी दर्ज की जा रही है। ब्रेंट क्रूड 0.20 पर्सेंट चढ़कर 69.60 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी 0.23 पर्सेंट की तेजी के साथ 66.86 डॉलर पर है। इस बीच आज भारत की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के रेट अपडेट कर दी हैं। आज पेट्रोल-डीजल के रेट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सबसे सस्ता पेट्रोल पोर्ट ब्लेयर में 82.46 प्रति लीटर है। वर्ष 2026 में सबसे महंगा पेट्रोल कहां बिक रहा- वर्ष 2026 में भारत में पेट्रोल की सबसे अधिक कीमत 110.27 प्रति लीटर रही, जो 2 जनवरी 2025 को चित्तूर में दर्ज हुई।

# एलजी के शेयरों में भारी गिरावट, मुनाफा 61 प्रतिशत लुढ़का फिर भी 1700 के पार जाने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के शेयरों में गुरुवार, 12 फरवरी को कारोबार के दौरान 8 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट कंपनी की ओर से दिसंबर तिमाही (वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही) के नतीजे घोषित किए जाने के बाद आई। कंपनी के मुनाफे में सालाना आधार पर 61.58 प्रतिशत की भारी कमी आई है, जो घटकर सिर्फ 89.67 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने नियामक के पास दाखिल दस्तावेज में बताया कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि (अक्टूबर-दिसंबर 2024) में उसे 233.45 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इस हिसाब से मुनाफे में भारी कमी साफ देखी जा सकती है।

**रेवेन्यू लगभग स्थिर, खर्च में मामूली कटौती:** दिसंबर तिमाही में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का रेवेन्यू ऑपरेशन लगभग पिछले साल के बराबर ही रहा। यह 4,114.4 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले यह 4,395.53 करोड़ रुपये था। वहीं, कंपनी के कुल खर्च में 2.77 प्रतिशत की सालाना कमी आई और यह 4,038.36 करोड़ रुपये पर आ गया। बता दें कि यह एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का शेयर बाजार में पिछले साल अक्टूबर में लिस्टिंग के बाद दूसरा तिमाही नतीजा है। कंपनी के घरेलू उपकरण और एयर सॉल्यूशंस




(एचएंडए) सेगमेंट के राजस्व में 9.8 प्रतिशत की गिरावट आई, जो 2,788.09 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी की आय रिपोर्ट के अनुसार, यह गिरावट दिवाली के बाद मांग में नरमी के कारण आई। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के मुताबिक, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की तीसरी तिमाही के नतीजे उम्मीद से कमजोर रहे। इसकी वजह त्योहारी सीजन के बाद की सुस्ती और व्यापार व उपभोक्ता मांग में कमी बताई गई। रिपोर्ट में कहा गया कि कंपनी ने अपनी ब्रांड छवि बनाए रखने के लिए कीमतों में कटौती नहीं की, जिसका सीधा असर उसके मार्जिन पर पड़ा। साथ ही, बढ़ती कमोडिटी कीमतों और करेंसी में गिरावट ने भी मार्जिन पर दबाव बनाया। हालांकि, ब्रोकरेज फर्म ने कंपनी को लेकर सकारात्मक रुख बनाए रखा है। उसका कहना है कि एलजी की मजबूत ब्रांडिंग, प्रीमियम पोजिशनिंग और व्यापक वितरण नेटवर्क के दम पर बाजार में अग्रणी स्थिति बरकरार है। ऑफलाइन टीवी बाजार में कंपनी ने अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है, जिससे उसका दबदबा और मजबूत हुआ है। इसके अलावा, श्री सिटी में कंपनी का नया प्लांट वित्त वर्ष 2027 की तीसरी तिमाही तक शुरू होने की उम्मीद है, जिससे सप्लाई चेन अधिक कुशल होगी और बाजार तक तेजी से पहुंच बनेगी। ब्रोकेज का मानना है कि मजबूत ब्रांड इक्विटी, वितरण क्षमता और बैकवर्ड इंटीग्रेशन के चलते एलजी मध्यम अवधि में लगातार वृद्धि और मार्जिन को बरकरार रखने में सक्षम है। फर्म ने 'खरीदें' की रेटिंग बरकरार रखते हुए डीसीएफ आधारित टार्गेट प्राइस घटाकर 1,746 रुपये कर दिया है, जो पहले 1,875 रुपये था।

## फीकी हो रही चांदी की चमक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्राफा मार्केट में आज चांदी के भाव में बड़ी गिरावट नजर आ रही है। चांदी की कीमत आज 5835 रुपये टूटकर 260614 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है। जीएसटी समेत चांदी अब 268432 रुपये प्रति किलो पर है। इसके साथ ही चांदी अब 29 जनवरी के अपने ऑल टाइम हाई 385933 रुपये किलो से 125319 रुपये सस्ती हो चुकी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी में गिरावट दर्ज की गई। जनवरी के रोजगार आंकड़े उम्मीद से बेहतर आने के बाद अमेरिकी डॉलर में मजबूती आई है, जिससे फेडरल रिजर्व द्वारा निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कमजोर हुई हैं। ग्लोबल मार्केट में स्पॉट सिल्वर में 1.4 फीसदी की गिरावट आई और यह 82.87 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि बुधवार को इसमें 4 फीसदी की तेजी आई थी। अमेरिकी डॉलर इंडेक्स ने बुधवार की तेजी को बरकरार रखा। अमेरिका में हैरान कर देने वाली रोजगार रिपोर्ट ने दिखाया कि वहां की आर्थिक स्थितियां मजबूत बनी हुई हैं। आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में अमेरिका में रोजगार सृजन में अप्रत्याशित तेजी आई, वहीं बेरोजगारी दर घटकर 4.3 फीसदी पर आ गई। भू-राजनीतिक मोर्चे पर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ चर्चा के बाद कहा कि ईरान के साथ आगे बढ़ने के तरीके पर कोई अंतिम सहमति नहीं बनी है। हालांकि उन्होंने कहा कि तेहरान के साथ बातचीत जारी रहेगी ताकि किसी संभावित समझौते पर पहुंचा जा सके। रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के कार्यकाल के दौरान ब्याज दरों को स्थिर रख सकता है।



# आलिया भट्ट और राजकुमार राव की पहली बार बनेगी जोड़ी

आलिया भट्ट इन दिनों एक्शन फिल्म अल्फा और पीरियड रोमांस लव एंड वार को लेकर चर्चा में हैं। अब खबर है कि एक्ट्रेस जल्द ही हाउसवाइफ का हिस्सा भी होंगी। यह एक रिश्तों पर आधारित ड्रामा फिल्म है और इसे 'दृश्यम 2' के निर्देशक अभिषेक पाठक प्रोड्यूस कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आलिया भट्ट फिल्म में हाउसवाइफ का किरदार निभाएंगी। फिल्म में लीड एक्टर के तौर पर राजकुमार राव से बातचीत चल रही है, लेकिन अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, आलिया भट्ट केवल मुख्य भूमिका निभाएंगी ही नहीं, बल्कि अपनी प्रोडक्शन कंपनी, एटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस के तहत इस फिल्म की को-प्रोड्यूसर भी होंगी। वह इस प्रोजेक्ट में अभिषेक पाठक की पैनोरमा स्टूडियोज के साथ भी सहयोग करेंगी।

फिल्म की शूटिंग इस साल अगस्त-सितंबर में शुरू होने की संभावना है। यह प्रोजेक्ट तब शुरू होगा जब अभिषेक पाठक अपनी नई फिल्म 'दृश्यम 3' की शूटिंग पूरी कर लेंगे। इसके अलावा आलिया भट्ट 2027 के लिए कई अन्य प्रोजेक्ट्स पर भी बातचीत कर रही हैं, जिनमें मैडॉक फिल्म्स की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'चामुंडा' भी शामिल है। आलिया की अगली फिल्म 'अल्फा' होगी, जो शिव रावल के निर्देशन में बनने वाला एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर है। इस फिल्म में वह एलिट ऑल-वुमेन कॉम्बैट यूनिट की कमांडिंग ऑफिसर का किरदार निभाएंगी, जिसमें उनके साथ शर्वरी वाघ भी हैं। यह फिल्म ङ्क्त्रऋ स्पाय यूनिवर्स में सेट की गई है और इसमें बॉबी देओल भी अहम भूमिका में होंगे। यह फिल्म कब रिलीज होगी इसको लेकर अब तक कोई भी ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई है। इसके अलावा आलिया भट्ट को फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वार' में रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ भी देखा जाएगा। उन्हें आखिरी बार वासन बाला की 'जिगरा' में अभिनेता वेदांग रैना के साथ स्क्रीन पर देखा गया था।



# योगी दा में बिना किसी बॉडी डबल के सभी स्टंट मैंने खुद किए

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री साई धनशिका अपनी अपकमिंग फिल्म 'योगी दा' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। साई फिल्म में एक्शन करती नजर आएंगी। उन्होंने बताया कि फिल्म 'योगी दा' में सभी स्टंट खुद किए हैं। उन्होंने बताया कि बिना किसी बॉडी डबल के एक्शन सीन पूरे किए महिलाएं चाहें तो पुरुषों जितने शानदार स्टंट कर सकती हैं। एक इवेंट में साई धनशिका ने बताया, 'मैंने पहली बार 'पेरानमाई' में एक्शन किया था और वह अनुभव आज भी मेरी मदद करता है। 'योगी दा' में हर स्टंट सीन मैंने खुद किए हैं, बिना किसी बॉडी डबल के। अगर महिलाएं मन बना लें, तो वे पुरुषों की तरह ही अच्छे स्टंट कर सकती हैं।' उन्होंने फिल्म के संदेश पर जोर देते हुए कहा, 'आज महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। समाज अक्सर सोचता है कि एक बार अगर कोई महिला शारीरिक रूप से घायल हो जाए, तो वह फिर कभी खड़ी नहीं हो सकती। लेकिन 'योगी दा' दिखाती है कि वह इससे उबर सकती है और मजबूत होकर वापस आ सकती है। हमने यह फिल्म महिलाओं के लिए, उनकी पूरी क्षमता दिखाने के लिए बनाई है।'

साई धनशिका ने फिल्म के टाइटल की रोचक कहानी भी साझा की। उन्होंने कहा कि 'योगी दा' का नाम सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'कबाली' से प्रेरित है। 'मैंने 'कबाली' में रजनीकांत सर की बेटी का किरदार निभाया था, जिसका नाम 'योगी' था। इसी से 'योगी दा' की शुरुआत हुई। हमने 'कबाली' के लुक और एक्शन स्टाइल में समानताएं देखीं, इसलिए यह नाम चुना। 'कबाली' के लिए मैंने असल में अपने बाल कटवाए थे, लेकिन इस फिल्म के लिए विग का इस्तेमाल किया। 'कबाली' के बाद कई महिलाओं ने मेरे किरदार से प्रेरित होकर बाल कटवाए थे। तब मुझे एहसास हुआ कि एक फिल्म लोगों पर कितना गहरा असर डाल सकती है।' एक्ट्रेस ने अपनी पूरी टीम को दिल से धन्यवाद देते हुए कहा, 'मेरी पूरी टीम को बहुत-बहुत शुक्रिया। यह आप सबके बिना संभव नहीं होता। मैं मानती हूं कि ज्यादा बोलने से बेहतर है कि काम बात करे, जो मेहनत फिल्मों में दिखती है।' 'योगी दा' एक एक्शन एंटरटेनर है, जिसे गौतम कृष्णा ने लिखा और डायरेक्ट किया है। फिल्म का निर्माण श्री मोनिका सिनी फिल्म्स के बैनर तले सेंथिलकुमार ने किया है। एक्शन से भरपूर फिल्म में साई धनशिका लीड रोल में हैं। यह फिल्म 6 फरवरी को रिलीज होने वाली है।



# शक्ति शालिनी में अनीत पड्डा के साथ नजर आएंगे विशाल जेठवा

'शक्ति शालिनी' मैडॉक यूनिवर्स की मच अवेटेड फिल्म है। फिल्म में 'सैयारा' स्टार अनीत पड्डा नजर आएंगी। इस मूवी की शूटिंग मार्च में शुरू होगी। फिल्म में जबरदस्त ड्रामा और एक्शन देखने को मिलेगा। हाल ही इस फिल्म के मेल एक्टर को लेकर भी अपडेट सामने आई है। 'शक्ति शालिनी' एक फीमेल-लेड एक्शन ड्रामा फिल्म है। इंडिया टुडे की खबर के मुताबिक विशाल जेठवा ने यह फिल्म साइन कर ली है। मैडॉक यूनिवर्स की इस फिल्म में वह अनीत पड्डा के साथ नजर आएंगे। वह फिल्म में अनीत के किरदार के लवर का रोल करेंगे। 'शक्ति शालिनी' में जबरदस्त एक्शन के साथ-साथ एक पर्सनल और इमोशनल एंगल भी देखने को मिलेगा। यह फिल्म 24 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स आगे भी मजेदार फिल्में ला रहा है। इसी साल के अगस्त में 'भेड़िया 2' और साल के आखिर में 'चामुंडा' फिल्म भी रिलीज हो सकती है।

## विशाल जेठवा का करियर फ्रंट

विशाल जेठवा ने 'होमबाउंड' और 'मर्दानी 2' जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय किया था। उनकी फिल्म 'होमबाउंड' तो ऑस्कर 2026 में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटिगरी में भी शॉर्टलिस्ट की गई थी। इस फिल्म में भी विशाल के अभिनय को सराहा गया था।



# लंबे करियर में प्रासंगिक बने रहना ही सफलता की असली कुंजी



बदलते समय के साथ दर्शकों की पसंद बदलती रहती है, ऐसे में मनोरंजन इंडस्ट्री में बने रहना किसी भी अभिनेता के लिए आसान काम नहीं है। इस अहम मुद्दे को लेकर बॉलीवुड और टीवी के जाने-माने अभिनेता रणविजय सिंह ने आईएएनएस से बातचीत की और बताया कि कैसे उन्होंने खुद को पिछले 20 सालों में बदलते समय के अनुसार ढाला और हर दौर में दर्शकों के बीच प्रासंगिक बने रहे। आईएएनएस से बातचीत करते हुए रणविजय ने कहा, ''आज के समय में केवल एक यादगार प्रदर्शन या हिट फिल्म ही काफी नहीं रहती। दर्शक और इंडस्ट्री बदल रही है। अब लोग एल्गोरिदम और वायरल कंटेंट को ज्यादा महत्व देते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यादगार काम की कोई अहमियत नहीं है। प्रासंगिक बने रहना सबसे जरूरी है। आप लगातार दर्शकों के सामने अपने काम के नए रूप दिखाते रहें और अपने प्रदर्शन को समय के अनुसार ढालें।''

उन्होंने कहा, ''जब मैं टीवी पर एडवेंचर और रियलिटी शो करता था, तब भी समय के साथ तरीका बदलता रहा। पहले जो तरीका काम करता था, अब वही तरीका पुराने जमाने जैसा लगने लगा। ऐसे में कलाकार को खुद में बदलाव करना और नए प्रयोग करना पड़ता है। यही वजह है कि मैंने हमेशा अपने काम में विविधता बनाए रखी।''

उन्होंने कहा, ''अभिनेता को कभी-कभी अलग तरह के शो करना चाहिए, जिससे दर्शक उनका नया पक्ष देखें। खुद को व्यक्त करना, नया सीखना और लगातार छोटे-छोटे कदम उठाते रहना ही लंबे समय तक सफलता बनाए रखने का रास्ता है।'' रणविजय ने कहा, 'जीवन और करियर में केवल कुछ साल की सफलता पर्याप्त नहीं होती। अक्सर लोग सोचते हैं कि जब चार या पांच साल शानदार गए, तो अब बाकी जीवन आराम से बीत जाएगा। लेकिन वास्तविकता यह है कि लंबे समय तक सफल और यादगार बने रहने के लिए लगातार मेहनत करनी पड़ती है। किसी भी अभिनेता या होस्ट को अपने करियर को 40 साल तक ध्यान में रखते हुए काम करना चाहिए।''

रणविजय ने आगे कहा, ''काम ऐसा होना चाहिए जो सही समय पर लोगों के दिल और दिमाग में जगह बना सके। चाहे वह 15 सेकेंड का सोशल मीडिया कंटेंट हो, ओटीटी शोज हों, फिल्में, शॉर्ट फिल्में, खुद लिखी हुई चीजें या यूट्यूब कंटेंट, सबकुछ करना चाहिए। इस तरह आप दर्शकों की नजर में हमेशा बने रहते हैं और अपने काम की अहमियत बनाए रखते हैं। लगातार प्रासंगिक बने रहना ही सफलता की असली कुंजी है।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप 30-40 साल तक लगातार लोगों की कहानियों और अपनी खुद की यात्रा का हिस्सा बने रहते हैं, तो यही करियर का सबसे अच्छा मुकाम है।



# अफ्शा के रोल ने मुझे इमोशनली चैलेंज किया

**तृप्ति डिमरी ने कम समय में ऐसे किरदार चुने हैं, जो आसान नहीं थे। 'ओ रोमियो' में उनका किरदार बाहर से शांत, लेकिन भीतर से बेहद टूटा हुआ है। इसे लेकर उन्होंने खास बातचीत की...**

तृप्ति कहती हैं 'ओ रोमियो' की शुरुआत मेरे लिए एक फोन कॉल से हुई। विशाल सर का नाम सुनते ही एक्साइटेड हो गई थी, क्योंकि उनके साथ काम करने का सपना रहा है। जब कहानी सुनी तो अपने किरदार अपशा से बहुत कनेक्ट हुई। कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनका सफर आप खत्म नहीं करना चाहते 'ओ रोमियो' मेरे लिए बिल्कुल वैसी ही रही।'

## किरदार वहीं अच्छा जो चैलेंज करें, असली ग्रोथ तभी होगी

बकौल तृप्ति... 'मेरा मानना है कि जो किरदार आपको चैलेंज नहीं करता, उसमें मजा नहीं। एक एक्टर के तौर पर असली ग्रोथ वहीं से शुरू होती है। अफ्शा मेरे लिए आसान किरदार नहीं रहा। यह बहुत इंटर्नल कैरेक्टर है। उसके भीतर दर्द, गुस्सा और उदासी है, लेकिन वह सब बहर बहुत कम दिखाई देता है। इस बैलेंस को पकड़ना सबसे बड़ी चुनौती थी। अतुल मोंगिया और विशाल सर के साथ लंबे सेशन्स हुए।

## शाहिद के साथ काम करके सीखा कैसे को-एक्टर को सिक्योर फील कराते हैं...

शाहिद के साथ काम करने के एक्सपीरियंस पर तृप्ति कहती हैं. वह बेहद डिसिप्लिन्ड और परफेक्शनिस्ट हैं। अगर उन्हें लगता है कि सीन और बेहतर हो सकता है, तो वह तब तक करते रहते हैं। सबसे अच्छी बात है कि वह अपने को एक्टर को बहुत सिक्योर फील कराते हैं। उनके साथ काम करते हुए बहुत कुछ सीखा। हम पहली बार रीडिंग के दौरान मिले थे। उस वक्त सबका फोकस सिर्फ स्क्रिप्ट और किरदार पर था। किसी को जज करने का सवाल ही नहीं था।' तृप्ति ने आगे 'एनिमल' पर भी कहा कि जब दर्शक किसी किरदार को इतने समय तक याद रखते हैं और दोबारा देखना चाहते हैं, तो यह बहुत बड़ी बात होती है।'

## हिट-फ्लॉप से ज्यादा जरूरी यह है कि एक फिल्म से मैंने बतौर एक्टर क्या-क्या सीखा...

तृप्ति ने कहा... 'मेरे लिए हिट या फ्लॉप से ज्यादा जरूरी यह है कि मैंने एक एक्टर के तौर पर क्या सीखा। हर फिल्म आपको कुछ न कुछ सिखाती है। वही सीख आगे आपके काम आती है। बाकी मैं थोड़ी रोमांटिक भी हूं और थोड़ी रियलिस्ट भी। मुझे लगता है कि मोहब्बत में भावनाओं के साथ समझदारी भी जरूरी है। परदे पर मेरे और शाहिद के बीच दर्शकों को वह जरूर दिखेगा।' वहीं शाहिद का कहना है कि...'मेरे लिए सफलता असफलता दोनों अस्थायी हैं। अगर आप सिर्फ सफलता के पीछे भागते हैं, तो जल्दी टूट भी सकते हैं। जरूरी यह है कि आप अपने काम से जुड़े रहें और ईमानदारी रखें। वही आपको लंबे समय तक टिकाए रखेगा। बाकी प्यार जिंदगी की सबसे खूबसूरत चीज है। यह समझ, धैर्य और संवेदनशीलता भी है।'

## मास और क्लास दोनों ऑडियंस को छूएगी 'ओ रोमियो'



शाहिद कहते हैं... ' विशाल भारद्वाज के साथ रिश्ता पुराना है, लेकिन मैं हर स्क्रिप्ट को बिल्कुल न्यूट्रल होकर सुनता हूं। यहां मुझे कहानी और किरदार में वह इमोशनल गहराई दिखी, जो एक एक्टर को आगे बढ़ाती है। यह फिल्म मास और क्लास, दोनों को ध्यान में रखकर कही गई है, और यही बात मुझे सबसे ज्यादा एक्साइट करती है।'

# साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच में मोहम्मद नबी के नाम हुआ वर्ल्ड रिकॉर्ड, रोहित के क्लब में हुई एंट्री

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच मुकाबला खेला गया। लेकिन इस मैच में अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ने मैदान पर कदम रखते ही एक ऐसा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है, जो अब तक दुनिया के गिने-चुने खिलाड़ी ही बना पाए हैं. नबी अब टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के उस खास क्लब में शामिल हो गए हैं जहां भारत के रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों का नाम दर्ज है।



**मोहम्मद नबी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड-** अफगानिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी मोहम्मद नबी ने आज अपने टी20 इंटरनेशनल करियर का 150वां मैच खेलकर इतिहास के पन्नों में अपना नाम लिखवा लिया है. वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 150 मैच खेलने वाले दुनिया के चौथे और अफगानिस्तान के पहले क्रिकेटर बन गए हैं. नबी की यह उपलब्धि उनके लंबे करियर और खेल के प्रति उनकी फिटनेस को साबित करती है. अफगानिस्तान क्रिकेट के विकास में नबी का योगदान बहुत बड़ा रहा है और आज उन्होंने अपनी टीम के लिए एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।

**रोहित शर्मा वाले खास क्लब में हुए शामिल-** 150 टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने का कारनामा मोहम्मद नबी से पहले दुनिया के केवल तीन खिलाड़ियों ने ही किया था. इस लिस्ट में सबसे ऊपर भारत के रोहित शर्मा का नाम आता है. उनके अलावा आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग और जॉर्ज डॉकरेल भी इस खास क्लब का हिस्सा हैं. अब मोहम्मद नबी इन दिग्गजों के साथ चौथे स्थान पर काबिज हो गए हैं. क्रिकेट जगत में इस आंकड़े को छूना किसी भी खिलाड़ी के लिए बहुत बड़ी बात मानी जाती है, क्योंकि टी20 फॉर्मेट में लगातार इतने मैच खेलना काफी चुनौतीपूर्ण होता है।

**टी20 वर्ल्ड कप**

## उस्मान तारिक के बॉलिंग एक्शन पर बवाल, भड़के फैंस

**कोलंबो (एजेंसी)।** पाकिस्तान और अमेरिका के बीच टी20 वर्ल्ड कप 2026 का 12वां मुकाबला खेला गया. इस मैच में पाकिस्तान की टीम ने अमेरिका को 32 रनों से हरा दिया. इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने हर एक सेक्टर में कमाल का प्रदर्शन किया. गेंदबाजी में पाकिस्तान की ओर से सबसे सफल गेंदबाज उस्मान तारिक रहे. यह उनका वर्ल्ड कप में डेब्यू मैच था. उनके दमदार प्रदर्शन के बीच एक और चीज सबसे ज्यादा चर्चा में रही है तो वह उनका एक्शन है. वह अपने अजीब एक्शन के कारण काफी ज्यादा चर्चा में बने हुए हैं।



**उस्मान का अनोखा एक्शन-** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने डेब्यू मैच में ही उस्मान तारिक ने अमेरिकी बल्लेबाजों की नाक में दम कर दिया. उन्होंने 4 ओवर में महज 27 रन देकर 3 विकेट झटके। हालांकि उनकी गेंदबाजी से ज्यादा उनके एक्शन ने सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी है. तारिक गेंद फेंकने से ठीक पहले कुछ पलों के लिए रुक जाते हैं. वह बल्लेबाज के पैर की मूवमेंट देखते हैं और फिर गेंद रिलीज करते हैं. इस स्टॉप-एंड-गो एक्शन के कारण बल्लेबाजों के लिए उनकी टाइमिंग को पकड़ना नामुमकिन हो रहा है. जिसके कारण फैंस उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल कर रहे हैं. इसी बीच उन्हें भारतीय दिग्गज स्पिनर आर अश्विन का समर्थन मिला है।

**फैंस ने फुटबॉल के नियम से की तुलना-** यूएसए के खिलाफ खेले गए मुकाबले के बाद एक फैन ने उस्मान के वीडियो पर नाराजगी जाहिर की. फैन ने एक्स पर लिखा कि अब तो फुटबॉल में भी पेनल्टी रन-अप के दौरान रुकने की अनुमति नहीं है. फिर क्रिकेट में यह कैसे सही है? फैन का मानना था कि एक्शन ठीक है लेकिन डिलीवरी लोड करते समय यह ठहराव कतई स्वीकार्य नहीं होना चाहिए.



# दूसरी सबसे बड़ी जीत

## श्रीलंका ने ओमान को 105 रन से हराया, मेंडिस, रत्नायके और शनाका की फिफ्टी, चमीरा-तीक्षणा को 2-2 विकेट

**पल्लेकेले (एजेंसी)।** श्रीलंकाई टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। टीम ने गुरुवार के पहले मैच में ओमान को 105 रन से हराया। यह श्रीलंका की टी-20 इंटरनेशनल में रन के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी जीत है। कैंडी के पल्लेकेले इंटरनेशनल स्टेडियम में ग्रुप-बी के इस मैच में ओमान ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। श्रीलंका ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 225 रन बनाए।

जवाबी पारी में ओमान की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 120 रन ही बना सकी। मोहम्मद नदीम ने 53 रन की पारी खेली। वसीम अली ने 27 रन बनाए। दुष्मंथा चमीरा और महीश तीक्षणा ने 2-2 विकेट झटके। दुनिथ वेल्लालागे, दुशन हेमंथा और कमिंडु मेंडिस को 1-1 विकेट मिला। विनायक शुक्ला और सुफियान महमूद रन आउट हुए।

इससे पहले, श्रीलंका की ओर से कुसल मेंडिस (61), पवन रत्नायके (60) और दासुन शनाका (50) ने अर्धशतक लगाए। शनाका ने 19 बॉल पर फिफ्टी लगाई। वे श्रीलंका के लिए टी-20 में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। ओमान के लिए जितेन रामानंदी ने 2 विकेट लिए। जय ओडेदरा और सुफियान महमूद को 1-1 विकेट मिला। कुसल मेंडिस रन आउट हुए।

**पवन रत्नायके प्लेयर ऑफ द मैच**

पवन रत्नायके ने 28 बॉल पर 60 रन की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच के बाद पवन रत्नायके ने कहा, मुझे स्पिन के खिलाफ खेलना पसंद है, लेकिन मैं हमेशा अपनी खेलने की शैली को बनाए रखने की कोशिश करता हूं।



# रोहित शर्मा 2027 वर्ल्ड कप खेलने को तैयार

## बोले-मेरा लक्ष्य देश के लिए ट्रॉफी जीतना है, बीसीसीआई ने कॉन्ट्रैक्ट में ग्रेड-ब में रखा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने अपने वनडे भविष्य को लेकर जारी अटकलों पर विराम लगा दिया है। 2027 के वनडे वर्ल्ड कप में अपनी भागीदारी को लेकर रोहित ने बड़ा बयान दिया है। टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके रोहित अब केवल वनडे फॉर्मेट में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हैं। 2027 में जब वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में शुरू होगा, तब रोहित 40 साल के होंगे।

हालांकि, रोहित ने साफ किया है कि उनका लक्ष्य अभी भी टीम के साथ वर्ल्ड कप ट्रॉफी उठाना है और वह इसके लिए खुद को फिट रखने के लिए कड़ी मेहनत करने को तैयार हैं।

एक आईसीसी इवेंट के दौरान रोहित ने कहा,मैं निश्चित रूप से वहां जाना चाहता हूं और अपने देश के लिए वर्ल्ड कप जीतना चाहता हूं। यह कुछ ऐसा है जिसे मैंने हमेशा देखा है। मैं 50 ओवर का वर्ल्ड कप देखते हुए बड़ा हुआ हूं। तब कोई टी-20 वर्ल्ड कप या आईपीएल नहीं था। यह क्रिकेट का शिखर था जो हर चार साल में होता था।



### रोहित बोले-बचपन से 50 ओवर के वर्ल्ड कप का सपना देखा

रोहित शर्मा ने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि उस एक ट्रॉफी के लिए बहुत इंतजार और बेताबी रहती थी। उन्होंने कहा,मुझे वह ट्रॉफी चाहिए, इसलिए मैं अपनी शक्ति और क्षमता के अनुसार कड़ी मेहनत करने और उसे हासिल करने की पूरी कोशिश करूंगा। 38 साल के रोहित ने 2024 में भारत के टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था। वहीं, पिछले साल मई में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया था।

### बुमराह और गिल ग्रेड-A में बरकरार, जडेजा को भी जगह

बीसीसीआई की नई लिस्ट में वनडे और टी-20 कप्तान शुभमन गिल, सीनियर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टेस्ट ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को ग्रेड ए में बरकरार रखा गया है। हालांकि, बोर्ड ने इस बार तीनों कैटेगरी के लिए दी जाने वाली रिटेनरशिप फीस का खुलासा नहीं किया है। रोहित और विराट के ग्रेड-बी में जाने की मुख्य वजह उनका केवल एक फॉर्मेट (वनडे) में खेलना माना जा रहा

### बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में रोहित-विराट अब ग्रेड-ब में

बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की नई लिस्ट जारी की है। इसमें एक बड़ा बदलाव करते हुए ए+ कैटेगरी को खत्म कर दिया गया है, जिसमें पहले खिलाड़ियों को 7 करोड़ रुपए मिलते थे। रोहित शर्मा और विराट कोहली को अब ग्रेड-ब में रखा गया है। बोर्ड ने कुल 30 पुरुष और 21 महिला क्रिकेटरों को कॉन्ट्रैक्ट दिया है, जिन्हें ए, बी और सी ग्रुप में बांटा गया है। नया कॉन्ट्रैक्ट पिछले सीजन में खिलाड़ियों के प्रदर्शन और खेले गए मैचों की संख्या के आधार पर तय किया गया है।

# पंजाबी सॉन्ग की फैन हुई रसियन फिगर स्केटर

## 'ना दे दिल परदेसी नूं' सॉन्ग पर बर्फ में स्केटिंग प्रैक्टिस की, बोलीं- इससे एनर्जी मिलती है

**जालंधर (एजेंसी)।** रूसी फिगर स्केटर और ओलिंपियन अनास्तासिया गुबानोवा इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह मशहूर पंजाबी गायक मोहम्मद सदीक के गीत 'ना दे दिल परदेसी नूं' पर बर्फ पर स्केटिंग की प्रैक्टिस करती नजर आ रही हैं। गुबानोवा का कहना है कि पंजाबी गीतों की जोशीली बीट उन्हें प्रैक्टिस के दौरान खास ऊर्जा देती है। इतना ही नहीं, वह भारतीय संस्कृति की भी प्रशंसक हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लाल ड्रेस और माथे पर बिंदी लगाए एक वीडियो पोस्ट किया, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। गुबानोवा ने 6 फरवरी को शुरू हुए विंटर ओलिंपिक में हिस्सा लिया था। वह ओलिंपिक में सिल्वर मेडल जीत चुकी हैं।



### 32 सेकेंड की क्लिप वायरल हुई

करीब 32 सेकेंड का यह वीडियो 8 फरवरी का है। इस वीडियो में गुबानोवा बर्फ पर शानदार मूव्स और जंप्स करती नजर आती हैं। स्केटिंग जैसे यूरोपीय खेल के साथ पंजाबी लोक संगीत का यह मेल दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है। गाने की हर बीट पर उनके स्टेप्स की मैचिंग उनकी महारत को दर्शाता है।

### लाल ड्रेस और बिंदी में दिखीं देसी अंदाज में

विदेशी स्केटर होने के बावजूद अनास्तासिया ने भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान दिखाया। लाल ड्रेस और माथे पर सजी बिंदी ने उनके लुक को खास बना दिया। उनके हाव-भाव और प्रस्तुति में भी भारतीय अंदाज की झलक साफ दिखाई दी, जिसने भारतीय दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। पंजाबी संगीत अपनी थाप और ऊर्जा के लिए जाना जाता है। गुबानोवा ने जिस तरह हर बीट के साथ अपनी स्केटिंग की गति और मूवमेंट को मैच किया, वह देखने लायक था।

### शाहरूख की मूवी के गाने पर परफॉर्म कर चुकीं

यह पहली बार नहीं है जब गुबानोवा ने भारतीय संगीत पर प्रस्तुति दी हो। इससे पहले भी वह शाहरुख खान की फिल्म अशोका के प्रसिद्ध गीत 'सन सनाना' पर परफॉर्म कर चुकी हैं, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। 2026 के विंटर ओलिंपिक खेलों में भारत का कोई फिगर स्केटर शामिल नहीं है। हालांकि, अनास्तासिया की इस प्रस्तुति ने भारतीय दर्शकों को खास जुड़ाव का एहसास कराया।

# वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 30 रन से हराया प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर कब्जा




**वानखेड़े (एजेंसी)।** पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम ने 6 विकेट पर 196 रन का स्कोर खड़ा किया. जिसके जवाब में इंग्लैंड की पूरी टीम 19 ओवर में 166 रन पर आउट हो गई. वेस्टइंडीज की जीत में शेरफेन रदरफोर्ड की बड़ी भूमिका रही. उन्होंने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। रदरफोर्ड ने 42 गेंदों का सामना किया, जिसमें 2 चौकों और 7 छक्कों की मदद से 76 रन बनाए. जबकि गेंदबाजी में गुडाकेश मोती ने तीन और रोस्टन चेज ने दो विकेट चटकाए।

**इंग्लैंड को हराकर वेस्टइंडीज टॉप पर-** इंग्लैंड को हराकर वेस्टइंडीज की टीम प्वाइंट्स टेबल के टॉप में पहुंच गई है. वेस्टइंडीज की यह लगातार दूसरी जीत है. इंडीज की टीम दो मैचों में दो जीत के बाद 4 अंक और +1.625 नेट रन रेट लेकर टॉप पर पहुंच गई. जबकि ग्रुप सी में स्कॉटलैंड की टीम दो मैचों में एक जीत के बाद 2 अंक और +0.950 नेट रन रेट लेकर दूसरी स्थान पर पहुंच गई है.

# सनातन प्रीमियर लीग को मिल रहा भारी समर्थन, दिल्ली में ट्रायल के दौरान उमड़ी भीड़

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट प्रेमियों और सनातन संस्कृति से जुड़े खिलाड़ियों के लंबे इंतजार का अंत हो गया. सनातन प्रीमियर लीग (एसपीएल) के पहले सीजन की शुरुआत हो गई है. लीक को भारी समर्थन भी मिल रहा है. इसके फ्री ट्रायल्स 4 फरवरी से ही प्रारंभ हो गए हैं. ट्रायल्स का पहला दो दिवसीय चरण राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित किया गया, यहां बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सनातन प्रीमियर लीग सीजन-1 की शुरुआत हो चुकी है. यह 12 मार्च से 15 मार्च तक चलेगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध संत देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के शामिल होने से खिलाड़ियों का उत्साह काफी बढ़ा हुआ है. उनके ट्रायल्स स्थल पर भी मौजूद होने से प्रतिभागियों का मनोबल काफी बढ़ा है।



**देश के आठ शहरों में होंगे ट्रायल्स-** खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एसपीएल के ट्रायल्स देश के आठ प्रमुख शहरों में आयोजित किए जा रहे हैं. कई जगहों पर ट्रायल हो चुके हैं. बाकी बचे जगहों पर ट्रायल्स का कार्यक्रम इस प्रकार है।

जयपुर - 4-5 फरवरी (ट्रायल हो चुका)
देहरादून- 6-7 फरवरी (ट्रायल हो चुका)
सूरत - 8-9 फरवरी (ट्रायल हो चुका)
दिल्ली - 10-11 फरवरी (ट्रायल हो चुका)
मुंबई - 12-13 फरवरी
लखनऊ- 14-15 फरवरी

### चयनित खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर

ट्रायल्स संपन्न होने के बाद चयनित खिलाड़ियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया जाएगा. इस कैंप में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर अंतिम चयन कर टीमें गठित की जाएंगी. इसके बाद चयनित खिलाड़ियों को इंदौर में आयोजित होने वाले मेगा टूर्नामेंट में खेलने का अवसर मिलेगा।

### लाइव प्रसारण और स्ट्रीमिंग

सनातन प्रीमियर लीग सीजन-1 के मुकाबलों का सीधा प्रसारण प्रतिष्ठित खेल चैनलों पर किया जाएगा. साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर लाइव स्ट्रीमिंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी,

## संक्षिप्त समाचार

### महुआ मोइत्रा ने पति की शैल कंपनी का इस्तेमाल कर की टैक्स चोरी: भाजपा


**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस



की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा पर टैक्स चोरी और आयकर कानून के तहत धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। भंडारी ने इस संबंध में अपने एक्स हैंडल पर दस्तावेज और संदर्भ साझा किए और कहा- इंटरनेट मीडिया पर लोगों को डराने के लिए फर्जी मामले दर्ज कराने के बजाय उन्हें जवाब देना चाहिए। उन्होंने पूछा कि क्या मोइत्रा ने अपने पति और पूर्व बीजद सांसद पिनाकी मिश्रा के स्वामित्व वाली कंपनी के माध्यम से जानबूझकर कर चोरी नहीं की। भंडारी ने मोइत्रा से व्हाइट लिली नामक कंपनी को पेशेवर सेवाएं देने और उससे हुए बड़े भुगतान पर भी स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने कहा कि यह मिश्रा द्वारा संचालित शैल कंपनी है। उन्होंने 8 मई 2014 के एक साक्षात्कार में मिश्रा की कथित स्वीकारोक्ति का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस कंपनी का कोई सक्रिय व्यवसाय नहीं है और उन्होंने इसे एक शेल कंपनी करार दिया। भंडारी ने आरोप लगाया कि ये लेन-देन आयकर कानून की धारा 276 के उल्लंघन है।

### दिल्ली में लोगों की गुमशुदगी पर हाई कोर्ट ने पूछा सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली-



एनसीआर में गुमशुदा लोगों के मामलों की जांच में हो रही लापरवाही पर गंभीर रुख अपनाया है। एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने केंद्र, दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस और एनसीआरबी से जवाब मांगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर इलाके में गुमशुदा लोगों के मामलों को संभालने के तरीके पर गंभीर चिंता जताई। हाईकोर्ट ने इस मामले में दाखिल जनहित याचिका पर कई पक्षकारों से जवाब मांगा। याचिका में जांच प्रोटोकॉल को और मजबूती से लागू करने की मांग की गई है। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस व राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) से जवाब मांगा है। उन्हें इस मामले में अपने जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान पीठ ने यह भी पूछा कि क्या गुमशुदा लोगों के मुद्दे पर कोई ऐसा ही मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इस मामले को अगली सुनवाई के लिए 18 फरवरी को सूचीबद्ध कर दिया गया है। यह जनहित याचिका सिविल लिबर्टीज व चाइल्ड राइट्स के फील्ड में काम करने वाले एक गैर सरकारी संगठन ने दाखिल की है। याचिका में पाए जाने के अधिकार की सुरक्षा व उसे असरदार तरीके से लागू करने की मांग की गई है।

### महिलाओं के ऑनलाइन उत्पीड़न पर सरकार का कड़ा रुख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने इंटरनेट मीडिया और डेटिंग एप्लिकेशन समेत विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों के बढ़ते दुरुपयोग पर ध्यान देते हुए और सख्त रुख अख्तियार किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय आनलाइन लैंगिक हिंसा से निपटने के लिए गृह मंत्रालय और इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ निकट समन्वय में काम कर रहा है। इसमें पहचान की चोरी, फर्जी प्रोफाइल का दुरुपयोग, अश्लील सामग्री का प्रसार, गैर-सहमति से अंतरंग चित्र (एनसीआईआई) और डीपफेक्स शामिल हैं, जो अंतर-मंत्रालयी परामर्श, सलाह, नियामक उपायों और पीड़ित सहायता तंत्र के माध्यम से किया जा रहा है।

# जमानत के लिए अब पूर्व अपराधों का खुलासा अनिवार्य: सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

## पहले चरण के दौरान क्या-क्या पूछे जाएंगे?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि जमानत की मांग करने वाले प्रत्येक आरोपित का यह दायित्व है कि वह जमानत संबंधी निर्णयों में एकरूपता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए हलफनामे के माध्यम से अपने पूर्व के अपराधों का उजागर करे।



जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि जमानत की मांग करने वाले आरोपित या आवेदक का यह दायित्व है कि वह न्यायिक विवेक के प्रयोग को सीधे प्रभावित करने वाले सभी महत्वपूर्ण तथ्यों को निष्पक्ष और पूर्ण व स्पष्ट रूप से उजागर करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण तथ्यों को दबाना, छिपाना या चुनिंदा रूप से प्रकट करना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है और आपराधिक न्याय प्रशासन की नींव पर प्रहार करता है। पीठ ने कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि जमानत आवेदनों में प्राथमिकी संख्या और तिथि, संबंधित पुलिस थाने का नाम, जांच एजेंसी द्वारा लगाई गई धाराएं और कथित अपराधों के लिए निर्धारित अधिकतम सजा आदि का उल्लेख होना चाहिए।

अदालत ने कहा, इस अदालत के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश दिया जाता है कि वह इस फैसले की एक प्रति सभी हाई कोर्टों के रजिस्ट्रार जनरल को भेजें। हाई कोर्ट अपने नियम बनाने की शक्तियों के अनुरूप उचित प्रशासनिक निर्देश जारी करने या अपने-अपने नियमों में उपयुक्त प्रविधान शामिल करने की व्यवहार्यता की जांच कर सकते हैं। मार्गदर्शन के लिए इस फैसले की एक प्रति जिला न्यायपालिका को भी भेजी जाए।

ये निर्देश वकीलों को फर्जी डिग्री प्रमाणपत्र जारी करने के आरोपित को इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा दी गई जमानत को रद करते हुए दिए गए।

**व्यापम व्हिसलब्लोअर मामले में सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी, अदालती प्रक्रिया न बने सजा:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कानून के शासन के प्रति निष्ठा के लिए अदालत को यह याद रखना आवश्यक है कि अगर इस जिम्मेदारी का सही निर्वहन नहीं किया गया तो प्रक्रिया स्वयं सजा बन सकती है। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के व्यापम परीक्षा घोटाले में एक व्हिसलब्लोअर के खिलाफ जाति आधारित हिंसा के आरोपों को खारिज करते समय की। आनंद राय ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें 2022 में एक रैली के दौरान एक सांसद, विधायक और सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कथित हिंसा और दु?र्व्यवहार से जुड़े जाति आधारित अत्याचारों के मामले में आरोप को बरकरार रखा गया था।

जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन कोटिश्वर की पीठ ने आनंद राय के खिलाफ एससी/एसटी अधिनियम के तहत आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि अदालत को सचेत रूप से यह भेद करना चाहिए कि क्या मामला वास्तम में परीक्षण की आवश्यकता रखता है या यह केवल संदेह या अनुमान पर आधारित है। यह फैसला मंगलवार को सुनाया गया।

## फीस ना बढ़ाने की दलील को कोर्ट ने खारिज किया

# प्राइवेट स्कूलों को सरकारी के बराबर देना होगा वेतन... दिल्ली हाई कोर्ट का बड़ा आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली के मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को अपने शिक्षकों और कर्मचारियों को सरकारी स्कूलों के समान वेतन और भत्ते देने होंगे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक अहम फैसले में कहा कि निजी स्कूलों को सरकारी स्कूलों के समान सातवें वेतन आयोग के हिसाब से अपने शिक्षकों और अन्य कर्मियों को भुगतान करना होगा। उच्च न्यायालय ने यह आदेश एक महिला शिक्षक की याचिका पर दिया। हालांकि, उक्त महिला शिक्षक की अब मौत हो चुकी है। अदालत की ओर से उनके कानूनी वारिसों को शिक्षिका के बकाये का भुगतान करने के आदेश दिए गए हैं। न्यायमूर्ति संजीव नरुला की पीठ ने कहा कि मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के कर्मचारियों के वेतन, भत्ते, चिकित्सा सुविधाएं, पेंशन ग्रेच्युटी, भविष्य निधि और दूसरे फायदे सरकारी स्कूलों के इसी दर्जे के कर्मचारियों पर लागू होने वाले



अधिकारों से कम नहीं होंगे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा, निजी स्कूल भी सातवें वेतन आयोग के अनुसार अपने शिक्षकों और अन्य कर्मियों को भुगतान करें। इस मामले में निजी स्कूल की तरफ से दलील दी गई कि दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय द्वारा फीस बढ़ोतरी पर रोक की वजह से स्कूल अतिरिक्त खर्च वहन करने की स्थिति में नहीं है। स्कूल आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है। पीठ ने इस तर्क को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि स्कूल चलाना है तो नियमों का पालन करना होगा। शिक्षिका के परिवार को मिलेगा बकाया वेतन

## उत्तर भारत से ठंड की विदाई, पहाड़ों पर बर्फबारी का अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में ठंड की विदाई होने वाली है, हर दिन तापमान में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं। इन्हीं संकेतों के बीच मौसम विभाग ने दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में पहाड़ी इलाकों में बराबरी हो सकती है। साथ ही 13 से 19 फरवरी तक कई राज्यों में मौसम बिगड़ सकता है। दिल्ली एनसीआर की बात करें तो यहां आसमान में बादल छाए रह सकते हैं। बादलों की वजह से सुबह और शाम हल्की ठंड महसूस हो सकती है। वहीं 15 फरवरी के बाद आंधी और बारिश की भी चेतावनी दी गई है। यूपी और बिहार की बात करें तो मौसम साफ रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार, आगरा, अलीगढ़, मेरठ, आजमगढ़, लखनऊ, बरेली, एटा, फतेहपुर, गौतम नगर, गाजियाबाद, हाथरस में हल्का कोहरा छाया रह सकता है। वहीं पटना, गया, चंपारण, भोजपुर, मधुबनी और पूर्णिया में बादल साफ रहेंगे।

# क्या है 'राइट टू रिकॉल' जिसका राघव चड्ढा ने संसद में किया जिक्र?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को 'राइट टू रिकॉल' का जिक्र कर सुर्खियां बटोरीं हैं। राघव चड्ढा ने इस विचार को पेश करते हुए कहा है कि अगर चुने हुए नेता जनता के मन मुताबिक काम नहीं करते हैं, तो वोटर्स को उनका कार्यकाल पूरा होने से पहले उन्हें हटाने का भी अधिकार होना चाहिए। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान बोलते हुए आप सांसद ने कहा कि जिस तरह मतदाताओं को मतदान का अधिकार है उसी तरह, काम नहीं करने की स्थिति में 'राइट टू रिकॉल' (जनप्रतिनिधि को वापस बुलाने का अधिकार) भी मतदाताओं के पास होना चाहिए।



राघव चड्ढा ने अपने संबोधन में कहा ''अगर देश का मतदाता अपने नेताओं को चुन सकता है तो उसे उन्हें काम ना करने पर उन्हें हटाने का हक भी होना चाहिए। 'राइट टू रिकॉल' व्यवस्था मतदाताओं को अधिकार संपन्न बनाएगी ताकि अगर जन प्रतिनिधि काम न करे तो उसे हटाया जा सके।'' राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में राइट टू रिकॉल के बारे में विस्तार से बताया। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो वोटर्स को 'किसी चुने हुए जनप्रतिनिधि का कार्यकाल खत्म होने से पहले उसे पद से हटाने का अधिकार देती है। आसान शब्दों में कहें तो, अगर मतदाता अपने चुने हुए नेता के काम से खुश नहीं हैं, तो वे उन्हें उनका कार्यकाल खत्म होने से पहले हटा सकते हैं। राघव चड्ढा ने एक और तर्क देते हुए कहा कि 'राइट टू रिकॉल' के तहत मतदाता एक निर्धारित और कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से निर्वाचित प्रतिनिधि को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर सकेंगे। चड्ढा ने तर्क दिया कि भारत में पहले ही राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और न्यायाधीशों के लिए महाभियोग की व्यवस्था है और सरकारों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जा सकता है।

# वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर बोले - ऑपरेशन सिंदूर में राफेल रहा हीरो

**नई दिल्ली , एजेंसी।** वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल लड़ाकू विमान 'हीरो' साबित हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय वायुसेना और अधिक मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट शामिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

एक्सरसाइज वायु शक्ति 2026 के अनावरण समारोह में संबोधित करते हुए एयर मार्शल कपूर ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर का संदेश स्पष्ट था कि आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। देश की धरती पर होने वाले हर आतंकी कृत्य का जवाब दिया जाएगा और इसकी कीमत चुकानी होगी।'

भारत खरीदेगा कौन से लड़ाकू विमान?

उन्होंने कहा कि 27 फरवरी को जैसलमेर के पास पोखरण में होने वाले वायु शक्ति अभ्यास के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सटीक लक्ष्यभेदी कार्रवाई की झलक भी दिखाई जाएगी। उन्होंने कहा, 'राफेल निश्चित रूप से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हीरो रहा। भारतीय वायुसेना



अधिक स्क्वा शामिल करने की योजना बना रही है, जो राफेल या अन्य विकल्प हो सकते हैं। इस पर अभी विचार-विमर्श जारी है और अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है।' गौरतलब है कि भारत ने 7 मई 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें 26 लोगों की जान गई थी। भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में नौ बड़े आतंकी लॉन्चपैड को निशाना बनाते हुए सटीक हमले किए। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन हमलों में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। मंत्रालय ने बताया कि भारतीय वायुसेना ने राफेल विमानों, स्कैल्प मिसाइलों और हैमर बमों का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान के चीनी मूल के एयर डिफेंस सिस्टम को निष्क्रिय कर मात्र 23 मिनट में मिशन पूरा किया। भारी नुकसान के बाद पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारतीय डीजीएमओ से संपर्क किया और 10 मई 2025 शाम 5 बजे से युद्धविराम पर सहमति बनी। भारतीय वायुसेना 27 फरवरी को पोखरण में एक्सरसाइज वायु शक्ति 2026 का आयोजन करेगी, जिसकी झलक पहले ही साझा की जा चुकी है।

# कनाडा के स्कूल गोलीकांड में आरोपी की पहचान

## मानसिक समस्याओं से जूझ रही 18 साल की युवती निकली हमलावर

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा की पुलिस ने मंगलवार को हुए भयावह स्कूल गोलीकांड के आरोपी की पहचान कर ली है। जांच में सामने आया है कि हमला करने वाली एक 18 साल की महिला थी, जो लंबे समय से मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी।

पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम जेसी वैन रूटसेलार था। गोलीबारी के बाद उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना कनाडा के प्रशांत प्रांत ब्रिटिश कोलंबिया के दूरदराज इलाके टम्बलर रिज में स्थित एक स्कूल में हुई थी।

शुरुआत में पुलिस ने 10 लोगों की मौत की जानकारी दी थी, लेकिन बाद में जांच के बाद मृतकों की संख्या घटाकर 9 कर दी गई। पुलिस ने यह स्पष्ट नहीं किया कि शुरुआती आंकड़े में गलती कैसे हुई, लेकिन पुष्टि की कि कुल नौ लोग मारे गए हैं।



ब्रिटिश कोलंबिया में रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस के कमांडर और डिप्टी कमिश्नर ड्वेन मैकडोनाल्ड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पुलिस पहले भी आरोपी के घर जा चुकी थी। उन्होंने कहा,हमारे रिकॉर्ड बताते हैं कि इस परिवार के घर पर पहले भी कई बार पुलिस को बुलाया गया था। इनमें से कुछ मामलों का संबंध मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से था। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि क्या उन शिकायतों का सीधे तौर पर स्कूल हमले से संबंध था।

घटना के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी बेहद भावुक नजर आए। उन्होंने इसे भयानक और दिल दहला देने वाली घटना बताया। उन्होंने कहा कि यह कनाडा के इतिहास के सबसे दुखद दिनों में से एक है और देश मिलकर इस त्रासदी से उबरने की कोशिश करेगा। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## ● आखिर वॉट्सऐप से इतनी नाराजगी क्यों?

# करोड़ों यूजर्स के बीच मचा हड़कंप, रूस ने व्हाट्सएप बंद करने का किया ऐलान!

**मास्को एजेंसी।** रूस और अमेरिकी टेक दिग्गजों के बीच चल रही डिजिटल जंग अब अपने सबसे कड़े दौर में पहुंच गई है। ताजा हालात ये हैं कि दुनिया के सबसे पॉपुलर मैसेजिंग ऐप व्हाट्सएप पर रूस ने पूरी तरह से शिकंजा कस दिया है। कंपनी ने खुद इस बात की तस्दीक की है कि रूसी सरकार ने उनकी सेवाओं को पूरी तरह ठप करने की कोशिश की है। हालांकि, कंपनी का कहना है कि वे अपने यूजर्स को जोड़े रखने के लिए तकनीकी रास्ते तलाश रहे हैं, लेकिन हकीकत ये है कि रूस के करीब 10 लाख यूजर्स के लिए फिलहाल संपर्क करना नामुमकिन जैसा हो गया है। इस पूरी सख्ती के पीछे की कहानी यूक्रेन युद्ध और रूस की अपनी डिजिटल संप्रभुता से जुड़ी है। रूसी सरकार चाहती है कि उसके नागरिक अमेरिकी ऐप्स के बजाय स्वदेशी ऐप का इस्तेमाल करें। हालांकि, जानकार इसे सरकार की एक चाल मान रहे हैं ताकि वे अपने नागरिकों की हर हरकत पर नजर रख सकें। रूस का आरोप है कि वॉट्सऐप और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म धोखाधड़ी और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों का डेटा सुरक्षा एजेंसियों के साथ साझा नहीं कर रहे हैं। डिजिटल पाबंदियों की ये लिस्ट काफी लंबी है। रूस ने पहले ही वॉट्सऐप और टेलीग्राम की कॉलिंग सर्विस पर ताला लगा दिया था। इतना ही नहीं, दिग्गज कंपनी ऐप्पल का फेसटाइम और युवाओं का पसंदीदा स्नेपचेट भी रूस की ब्लैकलिस्ट में शामिल हो चुके हैं। सरकार का सीधा तर्क है कि इन ऐप्स का इस्तेमाल आतंकी साजिशों और फ्रॉड के लिए किया जा रहा है, इसलिए सुरक्षा के लिहाज से इन्हें बंद करना ही बेहतर है। क्रेमलिन (रूसी राष्टपति कार्यालय) ने साफ कर दिया है कि गेंद अब मार्क जुकरबर्ग की कंपनी मेटा के पाले में है। रूसी प्रवक्ता का कहना है कि अगर मेटा रूस के कानूनों को मानती है और अधिकारियों के साथ सहयोग करने को तैयार होती है.

# सिंगापुर में दीवाली पर की शर्मनाक हरकत, भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल

**सिंगापुर एजेंसी।** सिंगापुर की एक अदालत ने भारतीय मूल के 36 वर्षीय विकनेस्वरन वी मोगनावल को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और एक सार्वजनिक अधिकारी के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने के मामले में 14 सप्ताह की जेल की सजा सुनाई है। स्थानीय मीडिया चैनल न्यूज एशिया के मुताबिक, विकनेस्वरन ने धार्मिक सद्भाव बनाए रखने के अधिनियम के तहत एक आरोप और लोक सेवक के खिलाफ अभद्र भाषा के एक अन्य आरोप में अपना दोष स्वीकार कर लिया। मामला एक पड़ोसी विवाद से जुड़ा है। आरोपी अपने अपार्टमेंट के पास स्थित साझा गलियारे में पड़ोसी बच्चों के खेलने और शोर-शराबे से नाराज था।

उसकी पड़ोसी मलय-मुस्लिम समुदाय से है और अपने परिवार व नौकरानी के साथ वहीं रहती थी। पहले इस शोर को लेकर सामुदायिक पुलिस इकाई में शिकायत भी की गई थी। हालांकि, दिवाली 2024 के




दिन जब बच्चे गलियारे में खेल रहे थे, तो विकनेस्वरन का गुस्सा भड़क उठा। उसने दावा किया कि दिवाली उसका त्योहार है और बच्चों के शोर के कारण उसे अपने घर में आयोजित कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। यह जानते हुए कि इस्लाम में सूअर का मांस वर्जित है, उसने गुस्से में आकर सूअर के मांस का एक डिब्बा खोला और उसे गलियारे के फर्श पर फैला दिया, ताकि उसके मुस्लिम पड़ोसी जब वहां से गुजरें तो उन्हें यह दिखाई दे।

# कैंसर से जंग हारा फेमस एक्टर जेम्स वैन, 48 की उम्र में हुआ निधन

**लास एंजिल्स एजेंसी।** 90 के दशक में अपनी मासूमियत और अदाकारी से घर-घर में पहचान बनाने वाले मशहूर अभिनेता जेम्स वैन डेर बीक अब हमारे बीच नहीं रहे। महज 48 साल की उम्र में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। लंबे समय से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रहे जेम्स ने 11 फरवरी, बुधवार की सुबह अंतिम सांस ली। उनके जाने की खबर ने न केवल हॉलीवुड बल्कि दुनियाभर में उनके फैंस को गहरे सदमे में डाल दिया है। परिवार ने एक भावुक संदेश के जरिए इस अपूरणीय क्षति की जानकारी साझा की है।

जेम्स के परिवार ने बताया कि उन्होंने अपनी जिंदगी के आखिरी पलों को बहुत ही गरिमा और साहस के साथ जिया। साल 2023 में उन्हें अपनी बीमारी का पता चला था। शुरुआत में उन्होंने इस दर्द को निजी रखा, लेकिन बाद में अपने प्रशंसकों के साथ इसे साझा किया। जेम्स की हिम्मत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कैंसर से लड़ने और इलाज का खर्च उठाने के लिए उन्होंने अपनी सबसे यादगार फिल्मों



और शोज की निशानियों तक को नीलाम कर दिया था। भारी तकलीफ के बावजूद वे सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी मुस्कुराती तस्वीरें डालते थे, ताकि उनके चाहने वाले परेशान न हों।

महज 13 साल की छोटी सी उम्र में एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने वाले जेम्स को असली शोहरत डॉसन्स क्रीक सीरियल से मिली। इस शो में उनके डावसन लीरी के किरदार ने उन्हें रातों-रात ग्लोबल आइकन बना दिया था। इसके बाद उन्होंने वॉरसिटी ब्लूज और स्केरी मूवी जैसी कई फिल्मों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वे सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक पूरी पीढ़ी के लिए टीन पोस्टर बॉय थे, जिनकी सादगी और अभिनय का हर कोई कायल था।

### फैंस और इंडस्ट्री में शोक की लहर

जेम्स के निधन की खबर मिलते ही सोशल मीडिया पर शोक संवेदनाओं का तांता लग गया है। लोग उन्हें एक बेहतरीन कलाकार के साथ-साथ एक बेहद नेक दिल इंसान के रूप में याद कर रहे हैं। रेडिट से लेकर इंस्टाग्राम तक, हर जगह उनके फैंस उनकी पुरानी यादें साझा कर रहे हैं। हॉलीवुड ने आज एक ऐसा सितारा खो दिया है जिसकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकेगी। जेम्स भले ही चले गए हों, लेकिन पर्दे पर उनकी वो बेमिसाल अदाकारी हमेशा जिंदा रहेगी।

## हड़ताल में शामिल होकर बीमा कर्मियों ने भी किया केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के द्वारा बुलाए गए बंद को बीमा कंपनियों का भी समर्थन मिला। एलआईसी के परिप्रेक्ष में यदि हम देखें तो 6.5% सरकार की हिस्सेदारी बेचने के विरोध में ,बैंक, साधारण बीमा व अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण की योजना वापस लेने, श्रमिक विरोधी श्रम संहिताओं को रद्द करने, नई पेंशन प्रणाली को रद्द कर पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, अनुबंध व ठेका प्रथा बंद कर नई तृतीय - चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्तियां करने, समान काम के लिए समान वेतन देने, न्यूनतम मजदूरी 26000 रु.मासिक करने जैसे मुद्दों पर देश के करोड़ों कामगारों के साथ देशभर के बीमा कर्मचारियों द्वारा अपने अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के आह्वान पर पूर्ण सहभागिता के साथ इस हड़ताल में भागीदारी निभाई है। बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के संयुक्त सचिव दिलीप कुमार झा ने कहा कि आप अवगत हैं कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा उद्योग पर हमले में कोई कमी नहीं आई है। भारत सरकार 29 मौजूद श्रम कानून को मिलाकर नए चार श्रम संहिता लाई है इसका मुख्य उद्देश्य संसाधनों को आम लोगों से अमीरों तक स्थानांतरित करना है। माध्यम से श्रमिकों द्वारा हासिल किए गए सीमित अधिकारों को छीनकर अमीरों के लिए अधिक से अधिक मुनाफा सुनिश्चित करना है ।अतः आज की हड़ताल एक ऐतिहासिक संघर्ष की कार्यवाही है। पुरानी पेंशन बहाली का आंदोलन इस हड़ताल से और पुख्ता होगा। अजय कुमार,शांता सिंह, गोविन्द मांझी, बिनोद कुमार दास,निताई बनर्जी, मोहन कुमार,राजेश कुमार सिंह, राकेश चंद्र शर्मा,राजेश कुमार चौधरी, लालजी दूबे,तरुण कुमार,कमल देव प्रसाद, महावीर,इंदु भूषण प्रसाद, संजीव मोहन, और सभी बीमाकर्मी शामिल रहे।

# नए लेबर कोड के विरोध में बंद को बैंककर्मियों के संगठनों का मिला समर्थन

### केंद्र की नीतियों को मजदूर विरोधी बताया, किया जोरदार प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेन्ट्रल ट्रेड यूनियन संगठनों द्वारा आहूत एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बैंक कर्मियों के संगठनों एआईबीईए, एआईबीओए, बीईएफआई ने भी भारत सरकार के जन विरोधी-मजदूर विरोधी नीतियों के विरुद्ध हो रहे इस संघर्ष में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। बोकारो जिले में कार्यरत प्रायः सरकारी क्षेत्र के सभी बैंक कर्मियों के उपरोक्त संगठनों के तत्वाधान में पूर्णतः हड़ताल पर रहे। सभी बैंक की शाखाएं एवं कार्यालय बंद रहे। सदस्यों ने अपने-अपने कार्यालय/शाखाओं के समक्ष धरना व प्रदर्शन किया। हड़ताल में शामिल नहीं रहने वाले संगठन के सदस्यों से समर्थन हेतु आग्रह किया परिणामस्वरूप प्राय यहां के सभी बैंक शाखाएं/कार्यालय पूर्णतः बंद रहे। विदित हो कि इस हड़ताल को बैंक में कार्यरत अन्य संगठनों द्वारा भी नैतिक समर्थन दिया गया है। हड़ताल के संबंध में जानकारी देते हुए बैंक ऑफ इंडिया ईम्प्लाइज यूनियन, झारखंड स्टेट के उप महासचिव एस एन दास ने इस लड़ाई को अस्तित्व को बचाने की लड़ाई बताया। कहा,




जब यूनियन और लेबर कानून ही नहीं बचेंगे तो हमारा वजूद ही समाप्त हो जाएगा। आगे जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि हड़ताल मूल रूप से भारत सरकार द्वारा पारित एवं अधिसूचित जन विरोधी एवं मजदूर विरोधी 4 लेबर कोर्ड के रूप में पूर्व के श्रम कानून जो 40 श्रमिक कानून को समाप्त करके किया गया है। जिससे आज मजदूर के हड़ताल करने के अधिकार को कुंद करने, न्यूनतम मजदूरी को नेशनल फ्लोर लेभल मिनिमम वेज को मात्र 178 रुपए प्रतिदिन कर मजदूरों के शोषण की व्यवस्था करना, काम के घंटे को 8 घंटे से आवश्यकतानुसार बढ़ाने का नियोक्ता को अधिकार देना, समानता के नाम पर महिलाओं को रात्रि पाली में काम करवाने की बात करना, फिक्स्ड टर्म अप्वाईंटमेंट की घोषणा कर स्थाई नियुक्ति को समाप्त करने की व्यवस्था करना आदि अनेकों मजदूर विरोधी प्रावधानों को लागू किया गया है। जिसे कोई भी जीवंत श्रमिक संगठन बर्दाश्त नहीं कर सकता। इसके साथ ही बैंकों को फिर से निजीकरण करने, बैंकों का फिर एक बार समावेशन करने की बात करना, बैंकों में नई बहाली नहीं करना जिसके कारण बैंक कर्मी तनाव में जीने को अभिशप्त है। स्थानीय ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी रामआश्रय प्रसाद सिंह, आर के गोराई, देवदीप सिंह दिवाकर, मोहन चौधरी, सत्येंद्र कुमार, मोहम्मद नसर, राम अगर सिंह आदि के नेतृत्व में भारी संख्या में बैंकों एवं बीमा कार्यालय के समक्ष उपस्थित होकर हड़ताली बैंक एवं बीमा कर्मियों के साथ अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। बैंक यूनियनों के राजेश ओझा, विभाष झा, राजेश श्रीवास्तव, पंकज कुमार सिंह, प्रदीप झा, राकेश मिश्रा, अरुण कुमार, प्रशांत कुमार, अजय कुमार, टिंकू वाल्मीकि, इंद्रजीत चौधरी, जगन्नाथ दास, कृष्णा तिवारी, कुमारी शोभा, ममता राउत, रिचा, निशा, रेखा, सुषमा, चांद मुनि, शक्ति आदि अनेकों साथियों के साथ अन्य सभी साथी अपनी अपनी शाखाओं के समक्ष पूरे दिन उपस्थित रहकर हड़ताल को सफल बनाया।

# पशुपालकों के लिए पशु मेले का करें आयोजन : उपायुक्त

### पशु आपूर्तिकर्ताओं को अच्छी गुणवत्ता वाले गाय उपलब्ध कराने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला गव्य विकास विभाग से संबंधित पशु आपूर्तिकर्ताओं के साथ बैठक किया। मौके पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार, जिला गव्य पशुपालन पदाधिकारी त्रिदेव मंडल, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत सभी आपूर्तिकर्ता आदि उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने पशु पालकों के हित में जिले में पशु मेले के आयोजन का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लाभुकों को गुणवत्तापूर्ण पशुधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंडों में पशु मेले का आयोजन किया जाए।



**04-05 स्थलों का चिन्हित करने का दिया निर्देश**

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले के सफल आयोजन हेतु जिले के विभिन्न प्रखंडों में 04 से 05 उपयुक्त स्थलों का शीघ्र चिन्हित किया जाए। चयनित स्थलों पर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी बात कही गई, ताकि पशु पालकों एवं विक्रेताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

**गुणवत्तापूर्ण गाय उपलब्ध कराने का निर्देश**

आयोजित बैठक के दौरान उपायुक्त ने गव्य विकास विभाग से संबंधित पशु विक्रेताओं के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पशु आपूर्तिकताओं को स्पष्ट निर्देश दिया कि लाभुकों को केवल अच्छी नस्ल एवं स्वस्थ गाय ही उपलब्ध कराई जाए। पशुओं की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लाभुकों को किया जाएगा वितरण**

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत ह्यदो गायह्व एवं ह्यपांच गायह्व योजना के शेष लाभुकों के बीच शीघ्र ही पशुधनों का वितरण किया जाना है। उपायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ वितरण प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिले में लगभग 150 पशुपालकों को पशु धन गाय का वितरण किया जाना है।

**पारदर्शिता एवं गुणवत्ता पर विशेष जोर**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि योजना का उद्देश्य पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है, इसलिए पशु चयन, आपूर्ति एवं वितरण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं पशु विक्रेताओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभुकों तक पहुंच सके।

**पनीर - खोआ मेकिंग यूनिट के लाभुकों को शीघ्र मशीन उपलब्ध कराएं**

वहीं, बैठक में पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट के तहत चयनित लाभुकों को मानक अनुरूप मशीनें अविलंब उपलब्ध कराने हेतु उपस्थित आपूर्तिकर्ता एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देश दिया। स्पष्ट कहा कि, मशीनों की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप हो तथा आपूर्ति में किसी प्रकार की देरी नहीं हो। संबंधित पदाधिकारी को आपूर्ति प्रक्रिया की निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि लाभुक शीघ्र उत्पादन कार्य प्रारंभ कर सकें।

# शिक्षा ऋण के लिए रोते हुए उपायुक्त के पास पहुंचे छात्र सोजल का कुछ ही घंटों में स्वीकृत हुआ शिक्षा ऋण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आज एक भावुक दृश्य देखने को मिला, जब जैनामोड़ क्षेत्र अंतर्गत अंगवाली, मिश्रा टोला (पोस्ट-अंगवाली, थाना-पेटरवार, पीओ-ढोरी) निवासी सोजल कुमार शिक्षा ऋण नहीं मिलने की पीड़ा लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा से मिलने पहुंचे। बीटेक (सीएसई) प्रथम वर्ष के छात्र सोजल कुमार ने बताया कि आर्थिक संसाधनों के अभाव में उनकी उच्च शिक्षा बाधित होने की स्थिति में थी। परिवार की सीमित आय के कारण वे शिक्षा ऋण के लिए प्रयासरत थे, परंतु ऋण स्वीकृति नहीं होने से वे अत्यंत व्यथित थे। अपनी पढ़ाई रुक जाने की आशंका से भावुक होकर वे समाहरणालय पहुंचे। समाहरणालय परिसर में तैनात होमगार्ड रोमा कुमारी ने छात्र को सांत्वना देते हुए तत्परता दिखाई तथा मौके पर उपस्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रतिनिधि को पूरे मामले से अवगत कराया। साथ ही, उन्होंने तत्काल उपायुक्त महोदय के संज्ञान में भी पूरा मामला लाया। मामले की गंभीरता और छात्र की परिस्थिति को देखते हुए उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने त्वरित हस्तक्षेप किया तथा संबंधित बैंक अधिकारियों से वार्ता कर आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि अन्य बैंकों द्वारा आवेदन को सिबिल स्कोर कमजोर होने के कारण अस्वीकृत कर दिया गया था, परंतु बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए आवेदन को स्वीकृत किया। उपायुक्त के हस्तक्षेप के बाद 7.5 लाख रुपये का शिक्षा ऋण अगले कुछ ही घंटों में स्वीकृत कर दिया गया। ऋण स्वीकृत होने की सूचना मिलते ही छात्र और उनके परिजनों के चेहरे पर राहत और खुशी स्पष्ट झलक उठी। सोजल कुमार ने जिला प्रशासन एवं बैंक प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे पूरे मनोयोग से अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि किसी भी प्रतिभाशाली छात्र की शिक्षा केवल आर्थिक कारणों से बाधित नहीं होनी चाहिए। शिक्षा ही भविष्य निर्माण का आधार है। सभी बैंक शिक्षा ऋण मामलों में संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ कार्य करें, ताकि योग्य विद्यार्थियों के सपनों को पंख मिल सके। उन्होंने अन्य बैंकों को भी प्रोएक्टिव होकर ऐसे आवेदनों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की बात कही। साथ ही, होमगार्ड रोमा कुमारी की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन विद्यार्थियों के हितों की रक्षा और उन्हें उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल न केवल एक छात्र के सपनों को टूटने से बचाने का प्रयास है, बल्कि यह संदेश भी है कि प्रशासन विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर सजग और संवेदनशील है।



## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू का जैनामोड में स्वागत

**जैनामोड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू का बोकारो जिला के जैनामोड़ में स्वागत किया गया। प्रदेश में नगर निगम, नगर परिषद चुनाव के दृष्टिकोण से भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के सहयोग में रांची से फूसरो नगर परिषद क्षेत्र में जाने के क्रम में स्वागत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय,भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह,जिला मंत्री सुभाष महतो,२ू मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता शंकर रजक,२ू मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता राकेश राम ,प्रखंड अध्यक्ष विक्रम गोस्वामी ,राकेश कुमार २ू मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता,त्रिपुरारी नाथ तिवारी,सतीश राय, जगतपति सिंह, मनोज ठाकुर, रोहित लाल सिंह, भरत यादव,सुनील स्वर्णकार,सुनील मंडल, हीरालाल महतो,मेघनाथ गोसाई,शुभम बनर्जी,राहुल सिंह, विनोद कुमार , केदार महतो, कमल किशोर सिंह आदि लोग शामिल थे।



### जेसीआई बोकारो जज्बा ने वर्ष 2026 का इंस्टालेशन सेरेमनी मनाया

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हंस सभागार में जेसीआई, बोकारो जज्बा का वर्ष 2026 का इंस्टालेशन सेरेमनी मनाया गया। अध्यक्ष विनीता कुमार एवं सचिव सुजाता राज बनायी गई। मुख्य अतिथि जोनल अध्यक्ष गौरव सेठ एवं इंस्टॉलेशन ऑफिसर विनायक गुप्ता थे। वर्तमान अध्यक्ष मंजीत सलूजा ने स्वागत भाषण दिया एवं 2025 में उनके कार्य काल में किए गए प्रोजेक्ट्स एवं सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। बताया कि जोन ने भी उनके कार्यों को सराहा एवं काफी सारे अवाड्र्स से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित सदस्यों ने तालियों के साथ उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। इंस्टालेशन ऑफिसर ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। निवर्तमान अध्यक्ष मंजीत सलूजा ने नई अध्यक्ष विनीता कुमार को अध्यक्षीय कुर्सी एवं ...... हैंडओवर की। अध्यक्ष विनीता कुमार ने सभी सदस्यों का उन पर विश्वास करने एवं नई जिम्मेदारी देने के लिए धन्यवाद किया एवं जेसीआई बोकारो जज्बा को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए संकल्प जताया। पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रीताशा त्रिपाठी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सुजाता सिंह ने किया। मौके पर अलका प्रिया, ताशा, नमिता, विनीता, सुजाता, रानी, भावना सचेत सचि तन्वी मनजीत सोनम जय पिंकी श्वेता रस्तोगी नीलम काफी संख्या में संस्था के सदस्य एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहे ।




### डंपर की चपेट में आने से दिहाड़ी मजदूर की मौत, आक्रोश, मुआवजा का आश्वासन

**गोमिया (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोमिया के स्वांग वासरी क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में तिहाड़ी मजदूर की डंपर के नीचे दबने से मौत हो गई। घटना वाइवा गाड़ी ब्रेकर के पास हुई, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। मृतक की पहचान 50 वर्षीय नागेश्वर साहनी के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि नागेश्वर मूल रूप से वैशाली के रहने वाले थे और वर्तमान में वन बी शिव मंदिर के समीप निवास कर रहे थे। वे ठेला चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिवार में पत्नी समेत चार बेटियां हैं। इनमें से दो बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि तीसरी बेटी की शादी तय थी, जो आगामी मई माह में होने वाली थी। इस असामयिक घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर आक्रोश जताया। बाद में आपसी समझौते के तहत गाड़ी मालिक द्वारा 1 लाख 50 हजार रुपये तथा प्रबंधन की ओर से 50 हजार रुपये देने की सहमति बनी। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है और स्थानीय लोग मृतक के परिजनों को उचित सहायता देने की मांग कर रहे हैं।

# नकली विदेशी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन, 1800 बोतल शराब व 900 लीटर स्पिरिट जब्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सहायक आयुक्त उत्पाद, बोकारो के निर्देशानुसार नगरपालिका आम चुनाव एवं होली पर्व के मद्देनजर उत्पाद विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए जरीडीह थाना अंतर्गत रोरिया गांव (टोला तिलायतंड) में बुधवार देर शाम छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक मकान से नकली विदेशी शराब बनाने की अवैध फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया।

**भारी मात्रा में तैयार शराब और निर्माण सामग्री बरामद**

छापेमारी में विभिन्न ब्रांड की कुल 1800 बोतल विदेशी शराब (534.600 लीटर) बरामद की गई। जब्त शराब में मैकडॉवेल, स्टर्लिंग बी7, रॉयल स्टैग, आइकोनिक वाइट एवं रॉयल चैलेंज ब्रांड शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 18 जर्किन में लगभग 900 लीटर स्पिरिट, भारी मात्रा में नकली ईएएल, विभिन्न ब्रांड्स के स्टीकर, ढक्कन, खाली बोतलें तथा कारमेल मिक्सर भी बरामद किए गए। चुनाव एवं होली पर्व को देखते हुए सतर्कता उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया कि आगामी नगरपालिका आम चुनाव 2026 एवं होली पर्व के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई, जिससे अवैध शराब के कारोबार पर बड़ा प्रहार हुआ है।

**तीन अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज**

मामले में कुंडोरी निवासी राजा बाबू, बस्तेजी निवासी संतोष मुर्मू एवं रोरिया निवासी दुर्गा चरण हँसदाह के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया जा रहा है।

**छापेमारी दल में ये अधिकारी रहे शामिल**

इस कार्रवाई में सन्नी विवेक तिर्की (अवर निरीक्षक उत्पाद, तेनुघाट), महेश दास (अवर निरीक्षक उत्पाद, चंद्रपुरा सह बेरमो अंचल) सहित अधीनस्थ उत्पाद बल की सक्रिय भूमिका रही। उत्पाद विभाग ने कहा है कि अवैध शराब निर्माण और तस्करी के विरुद्ध आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा।


# विद्यालय अस्थायी रूप से सामुदायिक केंद्र में शिफ्ट, बच्चों को मिला बैग व कापी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्राथमिक विद्यालय रिजनल हास्पिटल फुसरो में मूलभूत सुविधाओं एवं संचालन व्यवस्था में गंभीर कमियां पाई गई थी। जिस पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने अव्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने तत्काल प्रभाव से बच्चों का पठन-पाठन कार्य अविलंब समीप स्थित सामुदायिक केंद्र में अस्थायी रूप से स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरुवार को विद्यालय को समीप के सामुदायिक केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया। साथ ही, बच्चों को बैग एवं कॉपियां उपलब्ध कराई गईं, ताकि उनकी शैक्षणिक गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो सकें। जिला प्रशासन द्वारा आश्वस्त किया गया है कि विद्यालय भवन की मरम्मत एवं आवश्यक सुविधाओं की बहाली शीघ्र सुनिश्चित की जाएगी, जिससे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।



# दिव्यांगजनों को कानूनी संरक्षकता प्रमाण-पत्र निर्गत करने को लेकर लोकल लेवल कमेटी की हुई बैठक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोपनीय कार्यालय कक्ष में गुरुवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में नेशनल ट्रस्ट एक्ट, 1999 की धारा 13(1) के आलोक में दिव्यांगजनों को कानूनी संरक्षकता प्रमाण-पत्र निर्गत करने के संबंध में लोकल लेवल कमेटी की बैठक आयोजित की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, समिति के अन्य सदस्य आदि उपस्थित थे।



बैठक के दौरान नेशनल ट्रस्ट पोर्टल एवं ऑफ लाइन प्राप्त कुल 06 आवेदनों की विस्तार से समीक्षा की गई। समिति के सदस्यों ने आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों एवं भौतिक दस्तावेजों की गहन जांच करते हुए आवश्यक निर्णय लिया गया। भौतिक सत्यापन के क्रम में 03 दिव्यांगजन के अभिभावक ने लिगल गार्जियनशीप विभिन्न कारणों से लेने से इनकार किया। वहीं, 03 दिव्यांगजन का उनके गार्जियन की उपस्थिति में एवं भौतिक सत्यापन रिपोर्ट के आलोक में लीगल गार्जियनशिप देने का समिति द्वारा निर्णय लिया गया। जानकारी हो कि, 05 ऑनलाइन आवेदन और एक ऑफलाइन आवेदन प्राप्त हुआ था। उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता को निर्देश दिया कि समिति की बैठक प्रत्येक त्रैमासिक अवधि में नियमित रूप से आयोजित की जाए, जिससे लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि पात्र लाभुकों का चयन पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप किया जाए। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि सभी प्रक्रियाएं नेशनल ट्रस्ट एक्ट एवं अन्य प्रावधानों के अनुरूप पूरी की जाएं, ताकि दिव्यांगजनों को समय पर कानूनी संरक्षकता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जा सके और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। इसके अलावा, उपायुक्त ने आशालता एवं मानव सेवा आश्रम से संबंधित विषय पर अलग से बैठक आहूत करने का भी निर्देश दिया।

# तेनुघाट अधिवक्ता संघ के सदस्यों से मौली सिन्हा ने अपने पक्ष में मांगा वोट

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड बार काउंसिल के सदस्य पद के चुनाव हेतु झारखंड उच्च न्यायालय की अधिवक्ता मौली सिन्हा आज गुरुवार को तेनुघाट पहुंचकर तेनुघाट अधिवक्ता संघ के सदस्यों को अपने पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। बताते चले कि 12 मार्च को झारखंड बार काउंसिल के सदस्य के लिए पूरे झारखंड में अधिवक्ता सदस्य अपना-अपना मतदान करेंगे। उसी को लेकर झारखंड बार काउंसिल में सदस्य पद हेतु नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद गुरुवार 12 फरवरी को मौली सिन्हा तेनुघाट पहुंचकर वहां के अधिवक्ताओं को अपने पक्ष में मतदान करने हेतु सभी से मिली और अपने पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह किया। इस दौरान श्रीमती सिन्हा ने बताया कि चुनाव जीतने के बाद अधिवक्ताओं के हित के लिए कार्य करने को तैयार हैं। किसी भी तरह की समस्या अगर अधिवक्ताओं को आती है तो उसको दूर करने का अति शीघ्र प्रयास करेंगे। आगे बताया कि उन्हें झारखंड के सभी अधिवक्ता संघ के सदस्यों के द्वारा उनके पक्ष में मतदान करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान रमेंद्र कुमार सिन्हा, रतन कुमार सिन्हा, जीवन सागर, सुनील कुमार, सुभाष कटरियार, सहित अधिवक्ता के साथ अजय अंबष्ट, मंटू कुमार, अनुप्रिया साहित कई अन्य लोग श्रीमती सिन्हा के साथ थे।



# महिला सशक्तिकरण को लेकर बुंडू पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल के पेटरवार प्रखंड स्थित बुंडू पंचायत में महिला सशक्ति करण को लेकर महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन कश्वी ट्रस्ट की ओर से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंचायत समिति सदस्य के उप प्रमुख सीमा देवी, जीप सदस्य प्रहलाद महतो, पेटरवार अंचलधिकारी अशोक राम, बुंडू मुखिया निहारिका सुकृति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं आये हुऐ सभी अतिथियों को काशवी ट्रस्ट की ओर से शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं काश्वि ट्रस्ट के शिक्षक सुमित कुमार ने आये हुऐ लोगो के बीच शिक्षा ओर स्वरोजगार के बारे में बताया की यदि घर की महिलाये शिक्षित नहीं होगी तो समाज ओर देश का विकास नहीं होगा ओर अगर आप शिक्षित होते हैं तो आप स्वरोजगार स्वयं कर सकते है। वहीं बताया की जो महिलाये विधालय से किसी कारण पढ़ाई छुट गई है या ड्रॉप आउट हो गए है वैसे महिलाओ को इस ट्रस्ट के माध्यम से पढ़ाई जायेगी ओर साथ ही साथ उन्हें स्वरोजगार से भी जोड़ा जयेगा। जिससे आप अपने पैरो पर खड़ी हो सकेगी। वहीं इस ट्रस्ट के माध्यम से मैट्रिक व इंटर तक की डिग्री दी जायेगी जो किसी भी रोजगार में या किसी भी नौकरी में लाभ मिलेगी। जो ये बहुत ही सार्थक होगा।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK